सूर्योदय : 5:55
सूर्यास्त : 6:24
अधिकतम तापमान : 37.4
न्यूनतम : 21.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-283 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 05 अप्रैल 2026
16 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# केरल के लोगों की सुरक्षा अहम : पीएम

**चुनावी रैली**

■ कांग्रेस चाहती है वेस्ट एशिया भारत को दुश्मन मान ले

**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने केरल की चुनावी रैली में अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर हमला करने के बाद बिगड़े हालात और भारत में विपक्ष की बयानबाजी पर खूब तीर चलाए। पीएम मोदी ने कहा कि अरे, राजनीति अपनी जगह है, चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के लोगों की सुरक्षा सबसे बड़ा काम है और मैं इसके लिए प्रतिबद्ध हूं। पीएम मोदी ने कहा कि लेकिन यहां से ऐसी-ऐसी भाषा बोली जा रही है। मैं उनको कहकर थक गया कि ये बोलने का समय नहीं है। वहां रह रहे हमारे लाखों भाई-बहनों की सुरक्षा हमारा दायित्व है। इसलिए अनाप-शनाप बोलना बंद करो ताकि हमारे नौजवानों को, हमारी बेटियों को वहां कोई तकलीफ न हो। केरल विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान युद्ध के बीच कांग्रेस समेत विपक्ष द्वारा लगाए आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है। पीएम मोदी ने केरल के तिरुवल्ला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। हम यहां ऐसा कोई बयान दे दें और गल्फ कंट्री से भारतीयों को बाहर निकाल दिया जाए। इसलिए कांग्रेस गल्फ कंट्री को नाराज करने वाले बयान दे रही है। कांग्रेस चाहती है कि पैनिक फैले और उसे मोदी को गाली देने का मौका मिल जाए। पीएम ने कहा कि वो तो हमारी दोस्ती अच्छी है कि गल्फ की सभी सरकारें हमारे भारतीयों को अपना ही परिवार मानकर रक्षा कर रही हैं।

पीएम मोदी ने पश्चिमी एशिया के युद्ध संकट ने कांग्रेस और उसके साथी दलों के मंसूबों को उजागर कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि खाड़ी देशों में कैसे हालात बने हैं, और वहां हमारे लाखों लोग, केरल के हमारे भाई-बहन काम कर रहे हैं, पीएम मोदी ने कहा कि लेकिन कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता जानबूझकर ऐसे बयान देते हैं, जिससे पश्चिमी एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाए।कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस को इन सबसे कोई लेना-देना नहीं है। बस चुनाव, चुनाव। क्या देश के लोगों की चिंता नहीं करोगे? मोदी ने आगे कहा कि युद्ध की इन परिस्थितियों में मैं आपकी चिंता समझता हूं, इसलिए खाड़ी देशों के नेताओं से मैं लगातार संपर्क में हूं, वहां की सरकारों से हम लगातार बात कर रहे हैं। मैं आप सभी परिजनों को आश्वस्त करता हूं कि आपका बेटा, आपकी बेटी, आपके परिजन भले ही आपसे दूर हों लेकिन वे अकेले नहीं हैं, भारत सरकार इन देशों में रह रहे हर भारतीय के साथ है। युद्ध के बीच भी हम भारत के लोगों को हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं।

### ईरान में हैं केरल के मछुआरे

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के लोगों की सुरक्षा सबसे बड़ा काम है और मैं इसके लिए प्रतिबद्ध हूं।चुनाव जीतने के लिए, मोदी को गाली देने के लिए कांग्रेस एक करोड़ प्रवासियों का जीवन संकट में डालने को तैयार बैठी है। उधर ईरान में हमारे मछुआरे केरल के हैं, तेलंगाना के हैं, गोवा के हैं, पांडुचेरी के हैं, उनकी जिंदगी खतरे में है। हम वहां के संकट से उनको बाहर ला रहे हैं, आज सैकड़ों की तादाद में हमारे मछुआरे भाई-बहन भारत लौटने वाले हैं। हमारे लिए उनकी जिंदगी महत्वपूर्ण है। बयानबाजी के बहुत मौके आएंगे, अभी तो हमारे मछुआरे भाई-बहनों को जिंदा वापस लाना है।

# चुनाव आयोग जैसे संस्थानों को स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए

■ सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना की टिप्पणी

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि अगर संवैधानिक शासन को बनाए रखना है तो चुनाव आयोग (ईसीआई) जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से काम करना होगा। वह पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 'अधिकारों से परे संविधानवादः संरचना क्यों मायने रखती है' विषय पर पहला डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यान दे रही थीं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ईसीआई, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और वित्त आयोग का मूल ढांचा एक जैसा है। ये संस्थाएं बाहरी प्रभावों से मुक्त और विशेषीकृत होती हैं। इन्हें ऐसे क्षेत्रों की निगरानी का दायित्व सौंपा गया है, जहां निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सामान्य राजनीतिक प्रक्रियाएं पर्याप्त नहीं हो सकतीं। यह अत्यंत



महत्वपूर्ण है कि ये संस्थाएं स्वतंत्र रूप से कार्य करें और राजनीतिक प्रक्रियाओं से प्रभावित न हों।

उन्होंने आगे कहा कि टीएन शेषन बनाम निओन आफ इंडिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को एक बेहद अहम संवैधानिक संस्था के रूप में मान्यता दी, जिसे चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। यदि चुनाव कराने वाले लोग उन लोगों पर निर्भर हों जो चुनाव लड़ते हैं तो इस प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। संवैधानिकता के विषय पर बोलते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा, अधिकारों की स्थायित्व उन संस्थाओं की निष्पक्षता पर निर्भर करता है, जो उनकी व्याख्या करती हैं और उन्हें लागू करती हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी दायरे के भीतर भी संवैधानिक व्यवस्था टूट सकती है। ऐसा तब होता है जब ढांचा धीरे-धीरे खोखला होता जाता है, जबकि अधिकार कागजों पर तो सुरक्षित बने रहते हैं। संवैधानिक व्यवस्था का पतन उसके ढांचे के कमजोर पड़ने से होता है।

### चुनाव समय-समय पर होने वाली घटना नहीं

भारत के लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि एक ऐसा तंत्र है, जिसके माध्यम से राजनीतिक सत्ता का गठन होता है। संवैधानिक लोकतंत्र ने यह भली-भांति सिद्ध किया है कि समय पर चुनाव होने के कारण सरकार में परिवर्तन सुचारु रूप से होते हैं। इस प्रक्रिया पर नियंत्रण वास्तव में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों पर नियंत्रण है।

# वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा पांच किलो का गैस सिलेंडर

■ देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितकर से सिलेंडर ले सकते हैं इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें।

पीएनजी को बढावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और



पिछले महीने से अब तक 3.5 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गयी है। सोमवार से उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति छह माह की औसत खपत के लगभग 90 प्रतिशत तक बढाने का भी निर्णय लिया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से एलपीजी जमाखोरी और काला बाज़ारी पर कार्रवाई जारी है और शुक्रवार को 3700 से अधिक छापे मारे गए। सरकार ने यह भी कहा है कि समुद्री जहाज 'ग्रीन सानवी' 46,650 टन एलपीजी कार्गो लेकर होरमुज़ जलडमरूमध्य को पार कर चुका है।

# सीएम ने किया 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ

■ मुख्यमंत्री योगी ने परोसा मिड डे मील खिलखिलाए बच्चे

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में सरकार की ओर से स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' का आगाज किया गया है। इस क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ स्वयं बच्चों के बीच पहुंचे। उन्होंने स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ पर बच्चों को मिड-डे मील परोसा। स्टूडेंट्स को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकों के साथ उपहार एवं चॉकलेट भी दिए। सीएम योगी ने इस मौके पर सरकारी स्कूल के बच्चों को हर रोज स्कूल आने का मंत्र दिया। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने पांच निपुण स्कूलों को पुरस्कार भी प्रदान किए। बच्चे भी सीएम योगी को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखे।

शिवपुर के कंपोजिट विद्यालय में 'स्कूल चलो' अभियान के शुभारंभ



पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्कूली छात्र-छात्राओं को को मिड-डे मील परोसा। उन्होंने अत्यंत श्रद्धा भाव से बच्चों को भोजन कराया। इस पर बच्चों ने भी खिलखिलाकर सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। जब सीएम ने बच्चों से कहा कि रोज स्कूल आना और मेहनत से पढ़ना, तो बच्चों ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। बच्चों ने मासूमियत से हाथ जोड़कर सीएम को प्रणाम किया। बच्चों को भोजन परोसने में सीएम के साथ उनके मंत्री एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे।

सीएम के हाथों जिले के पांच निपुण विद्यालयों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्राथमिक विद्यालय नयापुर सेवापुरी के प्रधानाचार्य कपिल देव लाल बहादुर, प्राथमिक विद्यालय शगुनहा बड़ागांव की हेडमास्टर सुष्मिता भारती, प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर विकास क्षेत्र चिरईगांव के प्रधानाचार्य शशिकांत सिंह, कंपोजिट विद्यालय भतसार अराजीलाइन की नीतू यादव, कंपोजिट विद्यालय महमूरगंज की प्रीति त्रिवेदी को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सीएम योगी ने जिले के पांच निपुण विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। आर्य महिला इंटर कॉलेज लहुराबीर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

### किताबों का हुआ वितरण

सीएम योगी ने नए शैक्षणिक सत्र की किताबों का भी वितरण किया। सीएम के हाथों मंच पर कक्षा-1 के छात्र विकास, छात्रा अंशिका गुप्ता, कक्षा-2 की छात्रा श्रेया, कक्षा-3 की छात्रा कजरी, कक्षा-4 की दीपशिखा, कक्षा-5 की रोली सोनकर, कक्षा-6 की श्रेया यादव, कली केसरी, कक्षा-7 की रुचि यादव, कक्षा-8 की साक्षी गुप्ता को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें, किट, उपहार एवं चॉकलेट मिली।

# कुएं में कार गिरने से एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत

■ नासिक में भीषण सड़क हादसा

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक सामाजिक समारोह से खुशी-खुशी घर लौट रहे परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनकी कार अनियंत्रित होकर एक गहरे कुएं में जा गिरी। जिले के डिंडोरी में शुक्रवार देर रात हुए इस भीषण हादसे में दरगोडे परिवार के नौ सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में पांच छात्र शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, डिंडोरी के शिवाजीनगर इलाके में स्थित एक मैरिज हॉल में एक निजी कोचिंग क्लास का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया था। इंदौर गांव का रहने वाला दरगोडे परिवार अपनी अर्टिगा कार से इस कार्यक्रम में शामिल होने आया था। रात में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब परिवार वापस घर के लिए




निकला, तो मैरिज हॉल से कुछ ही दूरी पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। इसके चलते कार सड़क किनारे पानी से लबालब भरे एक कुएं में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन, नगर पंचायत के अग्निशमन दल और पुलिस मौके पर पहुंचे। कुआं पूरी तरह पानी से भरा होने और रात का समय होने के कारण शुरुआती बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, क्रेन और आपदा प्रबंधन टीम के अथक प्रयासों के बाद कार और शवों को कुएं से बाहर निकाला गया।

# ईरान के साथ भुगतान की कोई समस्या नहीं

**सरकार का दावा**

■ कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से



संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। यदि यह खेप भारत आती, तो लगभग सात वर्षों में ऐसी पहली खेप होती। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कहा, ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है।

### 2027 में भाजपा को कठिन चुनाव का करना पड़ेगा सामना : अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ता और समर्थकों में जोश पैदा करने लगी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में भाजपा को देश के सबसे कठिन चुनाव का सामना करना होगा। पीडीए के साथी एक-एक वोट पर नजर रखेंगे। बाहरी राज्यों से फर्जी वोट डालने आने वाले 'चुनावी घुसपैठियों' को दौड़ाकर पकड़ेंगे। सबूतों के साथ पुलिस के हवाले करेंगे। अखिलेश यादव ने इस आक्रामक अंदाज पीडीए के साथियों को हर एक बूथ पर मजबूत पकड़ बनाने का निर्देश दिया है।

## अमरीकी मीडिया ईरान को गलत तरीके से पेश कर रहा : अराघची

# इस्लामाबाद जाने से कभी इनकार नहीं किया

■ हम पाकिस्तान के प्रयासों के प्रति आभारी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है और ईरान ने वार्ता के लिए इस्लामाबाद जाने से कभी इनकार नहीं किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के प्रति आभारी हैं और इस्लामाबाद जाने से कभी इनकार नहीं किया। हमारा ध्यान इस अवैध युद्ध के स्थायी और निर्णायक अंत की शर्तों पर है। '

ईरानी विदेश मंत्री ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें ईरानी नागरिक पाकिस्तान के झंडे लहराते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अपने संदेश का समापन




'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखकर किया। यह बयान उस रिपोर्ट के एक दिन बाद आया है, जिसमें द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मध्यस्थों के हवाले से कहा था कि पाकिस्तान की अगुवाई में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम कराने के प्रयास फिलहाल ठहराव की स्थिति में पहुंच गए हैं।

पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने इस स्पष्टीकरण का स्वागत करते हुए कहा, 'आपके स्पष्टीकरण की सराहना करता हूं।' विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंदराबी ने इसे 'समय पर दिया गया स्मरण' बताते हुए कहा कि अटकलों से किसी का लाभ नहीं होता और आधिकारिक बयानों पर भरोसा किया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में यह खबरें आई थीं कि तेहरान ने वार्ता प्रस्तावों पर औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, हालांकि बैक-चैनल स्तर पर बातचीत जारी है। पाकिस्तान ने अमरीका, ईरान और चीन के साथ अपने संबंधों का उपयोग करते हुए खुद को शांति प्रक्रिया में एक मध्यस्थ के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में पाकिस्तान ने संभावित वार्ता की मेजबानी की पेशकश की थी और चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक भी आयोजित की थी। पाकिस्तान और चीन ने 31 मार्च को पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के लिए पांच सूत्रीय पहल भी जारी की।

### मित्र देशों को बेरोकटोक एंट्री, ईरान की होर्मुज स्ट्रेट को तीन श्रेणी में बांटने की योजना

**तेहरान।** ईरान होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाज को तीन श्रेणी में बांटने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत 'शत्रु' देशों के जहाजों को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि 'तटस्थ' देशों को वहां से गुजरने के लिए शुल्क देना होगा और मित्र देश को आसान या बिना रोक-टोक प्रवेश की अनुमति देगा।



# करुणा गैस एजेंसी के गोदाम से चोरो ने 108 एलपीजी सिलिंडर किये चोरी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पलिया क्षेत्र में शुक्रवार रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने करुणा गैस एजेंसी के गोदाम को निशाना बनाया और यहां से 108 एलपीजी सिलिंडर पार कर दिए। गैस एजेंसी संचालक ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है गांव राजापुर बेनी मोहम्मदी निवासी अमिष सिंह की पत्नी करुणा सिंह के नाम से मोहल्ला सिंघहिया दुधवा रोड स्थित गैस एजेंसी है, जिसका गोदाम मकनपुर रोड पर स्थित है। शुक्रवार की रात चोरों ने गोदाम को निशाना बनाया और दीवार तोड़कर अंदर घुस गए। शातिर चोरों ने गोदाम से 108 सिलिंडर चोरी कर लिए। एजेंसी संचालक के मुताबिक चोरी हुए सिलिंडरों में 98 भरे हुए और 10 खाली थे घटना की जानकारी शनिवार की सुबह करीब सात बजे हुई। जब गोदाम कर्मचारी रितेश कुमार वहां पहुंचे। गोदाम की दीवार टूटी देख कर्मचारी के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना करुणा सिंह को दी। करुणा सिंह ने पलिया कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है जिले में बीते कई दिनों से एलपीजी की किल्लत है, जिससे सिलिंडरों की कालाबाजारी बढ़ गई है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में सिलिंडरों की चोरी इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। चोरों ने करुणा गैस एजेंसी के गोदाम की न सिर्फ दीवार तोड़ी बल्कि गेट भी तोड़ दिया। चोर 108 सिलिंडर ले गए हैं जो किसी वाहन बगैर जा पाना संभव नहीं है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक कर रही है एक तरफ आम जनता रसोई गैस की आपूर्ति के लिए परेशान है, वहीं दूसरी तरफ इस तरह की बड़ी चोरी ने पुलिस और गैस डीलर्स की नींद उड़ा दी है। फिलहाल करुणा सिंह ने कोतवाली पलिया में तहरीर देकर सिलिंडरों की जल्द बरामदगी की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस सिलिंडर चोर गिरोह का भंडाफोड़ कब तक कर पाती है।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान 68 शिकायती आयी मात्र 07 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील पलिया में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुअ ा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 43, पुलिस 09, विकास 03, विद्युत 03, नगर पालिका 02, आपूर्ति 01, अन्य के 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एएसपी अमित राय, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी ने किए तबादले

**लखीमपुर-खीरी।** जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी ने तबादले किए हैं। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार पांडेय को सदर कोतवाली और यूपी 112 से विनय सिंह को अपराध निरीक्षक के पद पर कोतवाली तिकुनिया भेजा है। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि अपराध निरीक्षक इंस्पेक्टर गंगा प्रसाद यादव को कोतवाली गोला, गोला से संतोष कुमार को कोतवाली निघासन, शारदानगर से इंसाफ अली को थाना फरधान, मझगईं से आलोक कुमार सिंह को थाना पसगवां मैगलगंज से अखिलेश गंगवार को थाना मितौली दिनेश तिवारी को निघासन से मैलानी थाना का अपराध निरीक्षक बनाया गया है।

## 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मरम्मत कार्य के चलते बंद रहेगा मैगलगंज में रेलवे गेट संख्या 28/सी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मैगलगंज में रेलवे गेट संख्या 28/सी (बरगांव रोड) 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मरम्मत कार्य के चलते बंद रहेगा।इस दौरान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक गेट से किसी भी प्रकार का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## छह अप्रैल को शहर एवं आसपास के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** आरडीएसएस योजना में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य किए जाने हैं। इन कार्यों के चलते कल छह अप्रैल को शहर एवं आसपास के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के मुताबिक 33/11 केवी उपकेंद्र से जुड़े फीडरों पर कार्य प्रस्तावित है। इस दौरान सुबह लगभग 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। बिजली कटौती के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में उपकेंद्र से जुड़े विभिन्न मोहल्ले और ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं।

## नशा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मण्डी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 195 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। थाना मण्डी पुलिस ने चैकिंग व गश्त के दौरान एक नफर अभियुक्त शादाब उर्फ शब्बू पुत्र शहजाद निवासी रहमान मैडिकल के पास नक्काशा बाजार थाना कोतवाली नगर सहारनपुर हाल पता सलमान डेरी वाली गली लक्खी गेट प्रथम थाना मण्डी को मण्डी समीति परिसर में कूडा घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त शादाब उर्फ शब्बू उपरोक्त के कब्जे से कुल 195 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी का चालान काट कर जेल भेज दिया।

## गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश एडीजे-05 ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता मेघराज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 30 अप्रैल 2020 को वादी प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत थाना सदर बाजार ने अभियुक्त इरशाद उर्फ जैकी पुत्र कुर्बान निवासी डेरा इलाहीपुरा थाना सदर बाजार के खिलाफ अपने साथियों के साथ गैंग बनाकर फिरौती जैसे अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित करना तथा जनता में भय व आतंक व्याप्त करने की सूचना पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सदर बाजार पर पंजीकृत कराया था। यह मामला न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे-05 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में पुलिस मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे-05 द्वारा आज अभियुक्त इरशाद उर्फ जैकी पुत्र कुर्बान निवासी डेरा इलाहीपुरा थाना सदर बाजार को धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## मदरसे के नाबालिग छात्र से मारपीट के आरोपी दो मौलाना गिरफ्तार




**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** गंगोह कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक मदरसे में पढने वाले नाबालिग छात्र को क्रूरता के साथ डंडे से दिल दहलाने वाली मारपीट के आरोपी मदरसा टीचरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही शुरु कर दी है। ग्राम खानपुर गुर्जर निवासी कारी साजिद हसन पुत्र यामीन की मारपीट की वायरल वीडियों के आधार पर थाना गंगोह में बीएनएस की धाराओं 115(2)/131 और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 75 व निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीई) अधिनियम 2009 की धारा 17 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया और एसएसपी के कडे निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों जुनैद पुत्र फरजन्द निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर व शुऐब पुत्र गय्यूर निवासी ग्राम धलापडा को निर्माणाधीन हाईवे सहारनपुर गंगोह? रोड के पास से गिरफ्तार किया गया । कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक कानूनी कार्यवाहीशुरु करदी गई है। पुलिस टीम में एसआई दीपक राठी, एचसी दीपक सागर व राहुल कुमार रहे।

## डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की प्रगति आंकड़ों में झलकी मजबूती और भरोसाः चौ.राजपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह ने कहा कि बैंक पिछले पांच वर्षों में बैंक के कारोबार मे आठ प्रतिशत की वृद्धि हुयी है जिसक श्रेय बैंक अधिकारियों, प्रबंधन के साथ बैंक से जुडे हर उस व्यक्ति को जाता है जो इस उपलब्धि में सहयोगी है और बैंक किसानो से ऋण की तीन प्रतिशत से वसूली करेगा। चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह ने आज बैंक अधिकारियों के साथ बैंक की पिछले वर्षों की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्थान की प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्राहकों के विश्वास, कर्मचारियों की मेहनत और मजबूत प्रबंधन का परिणाम है कि बैंक के कुल व्यवसाय में पिछले वर्षों के दौरान उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होने कहा कि बैंक की जमा राशि में



भी निरंतर वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2021की तुलना में वर्ष 2025 में जमा राशि में बड़ा इजाफा हुआ है। यह इस बात का प्रमाण है कि किसान, व्यापारी और आमजन का बैंक पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। बैंक द्वारा ऋण वितरण के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन किया गया है। किसानों और विभिन्न समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर बैंक ने क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऋण वितरण में बढ़ोतरी से स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है।चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह ने कहा कि बैंक के निवेश में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होने कहा कि बैंक केवल पैसा जमा करने का माध्यम नही है, बल्कि यह समाज और अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त साधन है। जिला सहकारी बैंक द्वारा समितियों को 7.70 प्रतिशत की दर से ऋण दिया जाता है जिस पर नियमित किसानों से मात्र 3 प्रतिशत का ब्याज लिया जाता है। शेष ब्याज उ0प्र0 सरकार द्वारा अनुदान के रूप में किसानों को प्राप्त होता है। हमारे बैंक ने ऋण वितरण के क्षेत्र में भी शानदार कार्य किया है। यह केवल वृद्धि नहीं है, बल्कि यह किसानों के खेतों में हरियाली, युवाओं के रोजगार, छोटे व्यापारियों की उन्नति और स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान है। उन्होने कहा कि बैंक द्वारा ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ऋण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें व्यक्तिगत ऋण,कार ऋण, गृह ऋण, दोपहिया वाहन ऋण, ट्रैक्टर लोन, डेयरी व मत्स्य पालन ऋण,रूफटॉप सोलर योजना, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, हर क्षेत्र में संतुलित विकास, नकद शेष, अन्य बैंकों में जमा, भवन व भूमि जैसे सभी वित्तीय मदों में संतुलित और सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

## 500 ग्राम अवैध चरस के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।

थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक बलवीर सिंह, आकाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 शातिर नशा तस्कर फईम पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला सीराजान थाना कुतुबशेर हाल निवासी 62 फुटा रोड, आजाद कालोनी, थाना कुतुबशेर को दबनी कब्रिस्तान के वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 500 ग्राम ग्राम चरस बरामद कर उसका चालान काट कर जेल भेज दिया।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार, तांबें की तार व बाईक बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुए करते 03 शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये ताबें के तार व एक बाईक बरामद की है। जानकारी के अनुसार 31 मार्च को वादी सेठपाल पुत्र हरिराम निवासी ग्राम कादरगढ़ थाना सरसावा की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी के खेत में लगे नलकूप के 36 फीट लम्बी बिजली की तार चोरी कर ले जाने, विगत 03 अप्रैल को वादी शफीक पुत्र वहीद निवासी मौहल्ला मिर्धान कस्बा व थाना सरसावा की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मोटर साइकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत किया गया था। सरसावा थाना प्रभारी प्रवेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया



कि आज उनके व उपनिरीक्षक महेश सिंह, अतुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमों में चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुए प्रकाश में आये 03 वांछित चोरो विवेक उर्फ राजन पुत्र अश्वनी शर्मा निवासी ग्राम मंधौर थाना सरसावा, अमनदीप उर्फ दीपा पुत्र फकीर सिह निवासी मौ0 राधास्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा, आदेश पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम मंधौर थाना सरसावा को बुढेडा रोड से अहमदपुर सादात को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से एक थैली में तांबे के तार कुल वजन 504 ग्राम व एक बाईक बरामद कर मुकदमो में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण अभ्यस्त किस्म के शातिर अपराधी है जिनके विरुद्ध थाना सरसावा पर चोरी व अन्य गम्भीर धाराओं में पूर्व से मुकदमें पंजीकृत है।

## खालसा पब्लिक स्कूल में परिणाम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** खालसा पब्लिक स्कूल में रिजल्ट डे बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरे वातावरण में खुशी और गर्व का माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनदीप बजाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह के साथ हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ के प्रयासों की भी अभिभावकों ने सराहना की। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर उठे सवाल, गरीब उपभोक्ताओं पर बढ़ा बोझ गरीब उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहने के लिए होना पड़ रहा है मजबूर सहारनपुर। जनपद में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आम लोगों का आरोप है कि इन मीटरों के माध्यम से गरीब वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जिससे उन्हें बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के कारण बिजली उपयोग से पहले ही भुगतान करना पड़ता है, जबकि अधिकांश गरीब परिवारों के लिए एकमुश्त राशि जमा करना आसान नहीं है। इसके चलते कई बार अचानक बैलेंस खत्म होने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है और उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहना पड़ता है।

## बिना वैध प्रपत्रों के मय अवैध खनन सामाग्री के 04 ट्रैक्टर-ट्राली की सीज

**सहारनपुर।** थाना सरसावा व राजस्व विभाग की संयुक्त पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान बिना वैध प्रपत्रों के मय अवैध खनन सामाग्री के 04 ट्रैक्टर-ट्राली को सीज किया है। गौरतलब रहे कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा अवैध खनन एवं खनन सामग्री के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार एवं खनन अधिकारी के नेतृत्व में थाना सरसावा व राजस्व विभाग की संयुक्त पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान बिना खनन सम्बन्धी वैध प्रपत्र के खनन परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टर-ट्रालियों को चौकी क्षेत्र शहाजहाँपुर से नियमानुसार सीज किया है।

## क्रीड़ा भारती संस्था ने संस्थापक दिवस धूमधाम से मनाया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** हनुमान जन्मोत्सव दिवस जिसको क्रीड़ा भारती अपने स्थापना दिवस के रूप में मनाता है, के अंतर्गत दो दिवसीय 2 और 3 अप्रैल को सहारनपुर के डा भीमराव अंबेडकर स्टेडियम पर परंपरागत खेलों (कुश्ती व कबड्डी) आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित कर एवं विभिन्न अन्य खेलों के उत्कृष्ट पदक विजेता खिलाड़ियों को नगद धनराशि एवं अन्य विशेष उपहारों के साथ सम्मानित कर मनाया गया। आयोजन का शुभारंभ सहारनपुर क्रीड़ा भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ अशोक गुप्ता, मुख्य अतिथि प्रमुख उद्योगपति समाजसेवी शिवकुमार राणा, रविंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि यशपाल सिंह पुंडीर, दीपक गुप्ता, भावना तोमर एवं पार्षद संजय गर्ग के द्वारा महाबली हनुमान जी की प्रतिमा को सिंदूर लगाकर, पुष्प, पुष्प माला अर्पित के साथ दीप प्रज्वालित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सैकड़ो खिलाड़ियों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और फिर प्रशाद वितरण




किया गया। उसके बाद कुश्ती खेल प्रशिक्षक आदेश कुमार के नेतृत्व में कुश्ती खेल की प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें अलग-अलग 10 भार वर्गो में भाग लेकर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए। एथलेटिक्स (महिला) के 400 मीटर, 800 मीटर खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किये। इस अवसर पर कुश्ती की कुछ महिला खिलाड़ी जो प्रदेश में पदक अर्जित कर कर लौटी थी, उनका भी स्वागत कर उपहार भेंट किए गए। विशेष रूप से शिवकुमार राणा व अभिषेक तोमर के द्वारा अपनी ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर अभी हाफ मैराथन में पदक अर्जित कर लौटी खिलाड़ी को भी सम्मानित किया गया। आयोजन का संचालन विभाग संयोजक क्रीड़ा भारती गौरव कपिल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के द्वारा किया गया। गौरव कपिल ने बताया कि क्रीड़ा भारती का उद्देश्य समाज के युवा वर्ग को खेल के मैदान तक लाकर जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि आज के आधुनिक परिवेश में जहां खेल के मैदाने से लोगों की दूरी बनती जा रही है जिसका एक बहुत बड़ा कारण मोबाइल का बहुत अधिक प्रयोग है जिसके कारण जो हमारे परंपरागत खेल जो मिट्टी से जुड़े खेल जैसे कुश्ती कबड्डी उनको प्रोत्साहन व जीवन का हिस्सा बनाना लोगों को मैदाने से जोड़ना एवं खेलों के प्रति लोगों को जागरूक करना उद्देश्य है और क्रीड़ा भारती संस्था निरंतर इसके लिए प्रयत्नशील है और प्रयत्नशील रहेगा।

उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल से 3 मई तक क्रीड़ा भारती का सदस्यता अभियान है जिसमें हर खिलाडी व समाज के हर आयु वर्ग को जोड़ने का कार्य किया जाएगा ताकि सहारनपुर के युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को देश का हर नागरिक जान सके। समस्त अतिथियों का स्वागत क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी महानगर मंत्री गौरव चैहान, उपाध्यक्ष दीपक कपिल, कबड्डी प्रमुख रवि कोरी, कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार, एथलेटिक्स प्रशिक्षक लाल धर्मेंद्र प्रताप के द्वारा किया गया। क्रीड़ा भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन व धन्यवाद संबोधन के उपरांत 2 अप्रैल के आयोजन का समापन किया गया।

## मंदिर के वार्षिकोत्व व श्रीबालाजी जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकाली मंगल कलश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव एंव श्री बालाजी जन्मोत्सवम के उपलक्ष्य में आज मंगल कलश यात्रा एंव श्री बालाजी रथयात्रा धूमधाम के साथ निकाली गयी, जिसमें नासिक का बैंड और देवी-देवताओं की झांकिया आर्कशण का केन्द्र रही यात्रा काव्यापार मंडलों ने विभिन्न बजारों में स्वागत किया। मोहल्ला चैन्ताला स्थित मन्दिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा स्वरूप आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ के उपलक्ष्य में आज मंगल कलष यात्रा एंव श्रीबाला जी रथयात्रा निकाली गयी। मंदिर परिसर से यात्राएं श्रीबाला जी महाराज के पूजा-



अर्चना के साथ आरंभ और ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात मेयर डा. अजय सिंह ने शोभायात्राओं को उद्घाटन किया। षोभायात्रा में सबसे आ गे एक युवक धर्म ध्वज लेकर चल रहा था। उनके साथ दो युवा समिति का बैनर लिये चल रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व एक विशेष रथ विराजमान भगवान श्रीगणेश जी कर रहे थे। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारी भी शोभायात्राएं का संचालन कर रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न बैंड धार्मिक धुनों से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय किये हुए थे। वहीं विभिन्न देवी -देवताओं की झांकिया सभी के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी थी।

नासिक के बैंड से प्रस्तुतियों से सभी को अपनी और आकर्षित किया हुआ था। शोभायात्रा में खाटू याम के रथ के साारथी का दायित्व मनी गुप्ता व ओम गुप्ता, श्री भैरव जी महाराज के रथ के सारथी का दायित्व मुकेश चैरसिया, कमल, अरूण व नितिन तथा श्री बाला जी महाराज के सथ के सारथी के दायित्व श्रवण कुमार, नितिन, गौतम व संयम बंसल ने निभाया।

# नगर आयुक्त ने भी राजस्व को लेकर अधिकारियों को सक्रिय करते हुए वसूली तेज करने के लिए कहा

- कल से वार्डवार निरीक्षण अभियान शुरू करेंगे महापौर



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर शनिवार को सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। जनहित के कार्यों में लापरवाही और देरी को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सबसे अधिक जोर दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) प्रक्रिया में हो रही देरी और अनियमितताओं पर रहा। महापौर ने निर्देश दिया कि 45 दिनों के भीतर सभी मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अवैध वसूली की शिकायतों पर भी सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने जिम्मेदारों को चेताया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी सुरेंद्र कुमार चौधरी को कार्यप्रणाली सुधारने के लिए एक सप्ताह का अंतिम अवसर दिया गया है।

महापौर ने दो टूक कहा कि जनता को परेशान करने वाले अधिकारी अपनी कार्यशैली सुधार लें, अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए तैयार रहें। साथ ही नियमित निरीक्षण और फील्ड विजिट के निर्देश भी दिए गए। वही अतिक्रमण के मुद्दे पर भी निगम सख्त नजर आया। दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को एक सप्ताह के भीतर हटाने का निर्देश दिया गया है। समयसीमा के बाद निगम द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और संबंधित लोगों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में सामने आया कि नौ में से तीन ओवरहेड टैंक वितरण लाइन के अभाव में उपयोग नहीं हो पा रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए महापौर ने जलकल विभाग को एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में सकारात्मक पहल के तहत बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की घोषणा भी की गई।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र और परिवार सहित भ्रमण का अवसर दिया जाएगा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महापौर ने सभी विभागों से निविदाओं और कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। गलत निविदा डालने वाले ठेकेदारों और उनसे मिलीभगत करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अब प्रतिदिन एक-एक विभाग की अलग से समीक्षा की जाएगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त सविता यादव, अमित कुमार, संगम लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमालपुरा बांध से 24 घंटे बाद युवक का शव किया बरामद

**महोबा ।** कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा बांध में नाव से सैर सपाटा करते समय अचानक असंतुलित होकर पलट डालने से शुक्रवार को डूब युवक का शव 24 घंटे बाद गोताखोरो ने बांध से बरामद कर लिया है। युवक के शव मिलने की खबर मिलते ही मृतक के घर में रोना पीटना मच गया है। घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के लाडपुर निवासी बंटी अहिरवार, आकश अहिरवार और मोनू अहिरवार कमालपुरा बांध मे नहाने के बाद नाव से सैर कर रहे थे, तभी अचानक बांध की लहरों से नाव असंतुलित हो गई और पलट गई। जिससे तीनों युवकों बांध में छलांग लगा दी। आकश और मोनू तैरकर बाहर आ गए और साथी बंटी बांध में डूब गया। घंटों गोताखोरो के तालश करने के बाद भी घंटों तलाश करने के बाद शव न मिलने पर ग्रामीणों ने बांध के अंदर नाव कई स्थानों पर कांटे डालकर तलाश की शनिवार को दिन में करीब बारह बजे कांटों में मृतक के कपड़े फंस जाने के बाद खीचने पर शव बाहर आ गया।

# एसपी ने थाना चरखारी का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह ने शनिवार को थाना चरखारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं मुख्य मार्गों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही भूमि विवाद एवं अन्य आपराधिक प्रकृति के मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जुलूस/कार्यक्रमों के रूट निर्धारण, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा आयोजकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, फ्लाईशीट एवं टॉप-10 रजिस्टर का गहन परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यावधिक रख-रखाव, नियमित प्रविष्टि एवं सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे प्रशासनिक एवं विधिक कार्यवाही में पारदर्शिता बनी रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा हिस्ट्रीशीटर एवं सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सतत निगरानी एवं समय-समय पर सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि वहां तैनात पुलिस कर्मियों को अन्य कार्यों में न लगाया जाए तथा प्रत्येक पीड़ित को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

थाना परिसर का भ्रमण कर आवासीय बैरकों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था, मालखाना, हवालात एवं कार्यालय कक्षों की स्थिति का जायजा लेकर लावारिस/जब्त वाहनों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर और गौराकलां में कक्षा पांच के बच्चों को विदाई दी गई

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** चिरईगाँव विकास खंड स्थित प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर और गौराकलां में कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खालिस पुर और गौराकलां विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय के जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में प्रेरणादायक गीत, नृत्य और लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विदा होने वाले छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए अपने पाँच वर्षों के खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की, जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया।

समारोह के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। विद्यालय की ओर से मेधावी छात्रों को अंक पत्र एवं शैक्षिक सामग्री भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाध्यापिका आरती देवी ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय से मिली शिक्षा उनके जीवन का आधार बनेगी और वे आगे चलकर समाज में विद्यालय व गाँव का नाम रोशन करेंगे। दोनों विद्यालय के कार्यक्रम का समापन पुरस्कार और मिष्ठान वितरण और शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर खालिसपुर स्कूल में शिक्षक आलोक कुमार मौर्य, आबिदा बानो, अमिता शुक्ला, प्रतिभा सिंह, कुसुम सिंह,कमल देवी गुप्ता और अभिभावक उपस्थित रहे।

# एएमयू में यूपी यूके-ऐपीकोन 2026 का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी एवं फिजियोलॉजी विभागों द्वारा 'इंटीग्रेटिंग फिजियोलॉजी एंड फार्माकोलॉजी' विषय परयूपी यूके-ऐपीकोन 2026 का उद्घाटन प्रारंभिक सत्र एवं प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशालाओं के साथ किया गया।

यह सम्मेलन एडवर्स ड्रग रिएक्शन (एडीआर) रिपोर्टिंग के 37 वर्षों (1989-2026) के दृष्टिगत आयोजित किया है और इसके उद्देश्य चिकित्सा अनुसंधान तथा क्लिनिकल प्रैक्टिस में अंतःविषय दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नइमा खातून ने अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने और क्लिनिकल परिणामों में सुधार के लिए फिजियोलॉजी और फार्माकोलॉजी के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि, चिकित्सा संकाय के डीन प्रो. मोहम्मद खालिद ने सुरक्षित और प्रभावी रोगी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए फिजियोलॉजी और फार्माकोलॉजी के बीच समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया, जबकि जेएनएमसी के प्राचार्य एवं सीएमएस प्रो. अंजुम परवेज ने कहा कि यह समन्वय साक्ष्य-आधारित उपचार प्रणाली की आधारशिला है। एपीपीआई यूपी-यूके की संरक्षक प्रो. सुनीता तिवारी ने चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने में अंतःविषयी शिक्षण की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि संयुक्त सचिव डॉ. संगीता गुप्ता ने इस सम्मेलन को नवाचार और सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बताया। आयोजन अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद असलम और आयोजन सचिव प्रो. सैयद जियाउर रहमान ने भी उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में समन्वित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया।

# रोडवेज बस और ट्रक की जोरदार टक्कर होने से बस पलटी, हादसे में बस चालक की मौत, 22 यात्री घायल

- मुस्करा से यात्रियों को लेकर महोबा आ रही थी रोडवेज बस

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** मुस्करा मार्ग पर करहरा गांव के पास रोडवेज बस और ट्रक में आमने सामने जोरदार टक्कर हो जाने से बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोडवेज बस में सवार 22 यात्री गंभीर रुप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों ने बस से यात्रियों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। बस में यात्रा कर रहे यात्री दुर्घटना के बाद बुरी तरह सहम गए।

शनिवार को रोडवेज बस मुस्करा से यात्रियों को लेकर महोबा आ रही थी, इसी दौरान जिला मुख्यालय से दस किमी. दूर करहरा कला गांव के पास महोबा की तरफ से जा रहे ट्रक से आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादमे मे बस चालक मोहम्मद आजाद की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बस में फंसे घायलों को रेस्क्यू आपरेशन चलाकर बाहर निकाला। कुछ यात्री दुर्घटना के बाद सकुशल तो बस गए, लेकिन बुरी तरह सहम जाने के कारण बस क बाहर खड़े होकर अपने रिश्तेदारों को मदद के लिए फोन करके बुलाते दिखाई दिए। कुछ महिलाओं के साथ पुरुष न होने के साथ वह छोटे छोटे बच्चों के साथ परेशान दिखाई दिए। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गई। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए और लोगों की मदद से बस में सवार करीब 22 घायल यात्रियों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचा, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# डीएम एवं एसपी द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पर आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफीसर्स क्लब जिला मुख्यालय फतेहगढ़ में फर्रुखाबाद तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग की 39, पुलिस विभाग की 16, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 03, तथा अन्य विभागों की 12 शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह , मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे

## सम्राट विक्रमादित्य एक राजा नहीं, बल्कि न्याय, धर्म और लोककल्याण के प्रतीक थे : सीएम

**वाराणसी।** विक्रमोत्सव-2026 के तहत उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन और न्यायप्रियता को जन-जन तक पहुँचाने के लिये शुक्रवार को तीन दिवसीय महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य' का जीवंत मंचन बीएलडब्ल्यू के विशाल ग्राउंड पर हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में विक्रमादित्य महानाट्य शुभारंभ हुआ। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के माध्यम से आयोजित इस महानाट्य की परिकल्पना मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की है। पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित द्वारा रचित और राजेश कुशवाहा द्वारा निर्मित और संजीव मालवी के निर्देशन में प्रस्तुत महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य भारत की सांस्कृतिक चेतना को जगाने वाला अनुभव है। इसमें 225 से ज्यादा कलाकार हाथी, घोड़े, रथ, पालकियां, भव्य युद्ध, लाइट शो, आतिशबाजी नृत्य और बाबा महाकाल की भस्म आरती की दिव्य झलकियां शामिल रही।

# मौसम का उतार-चढ़ावः सेहत और फसलों पर दोहरी मार



**(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो**

- अचानक बदलता मौसम बढ़ा रहा बीमारियों का खतरा

**वाराणसी।** इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है– कभी तेज धूप, तो कभी अचानक बारिश और आंधी। इस तरह का उतार-चढ़ाव जहां आम जनजीवन को प्रभावित कर रहा है, वहीं स्वास्थ्य और कृषि पर इसका गहरा असर देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो यह स्थिति न तो पूरी तरह नुकसानदेह है और न ही पूरी तरह लाभकारी, बल्कि इसका प्रभाव परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

मौसम के अचानक बदलने से शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है। दिन में गर्मी और रात में ठंडक के कारण सर्दी-जुकाम, बुखार, एलर्जी और वायरल संक्रमण तेजी से फैलते हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह समय ज्यादा संवेदनशील होता है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ सकता है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अलावा, धूल भरी आंधी और नमी के कारण अस्थमा और सांस संबंधी रोगों के मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं, अचानक तापमान बढ़ने से डिहाइड्रेशन और लू जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

मौसम का असंतुलन किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। इस समय गेहूं की कटाई का दौर चल रहा है, ऐसे में बारिश और तेज हवा फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रही है। खेतों में खड़ी फसल गिरने से उत्पादन घटने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही, अधिक नमी से दाने की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। दलहन और तिलहन फसलों पर भी इसका नकारात्मक असर देखा जा रहा है। किसान बताते हैं कि अगर इसी तरह मौसम बदलता रहा तो उनकी लागत तक निकालना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, मौसम के इस बदलाव के कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। हल्की बारिश से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिलती है, वहीं मिट्टी में नमी बढ़ने से कुछ फसलों को लाभ भी होता है। खासकर सब्जियों और बागवानी फसलों के लिए यह फायदेमंद साबित हो सकता है।

### विशेषज्ञों की सलाह : सतर्कता ही बचाव

विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य के लिहाज से संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और बदलते मौसम के अनुसार कपड़े पहनना जरूरी है। वहीं किसानों को मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखते हुए फसलों की सुरक्षा के उपाय अपनाने चाहिए।

## अलीगढ़ में ग्रीन कॉरिडोर के विरोध में बवाल, थाना प्रभारी द्वारा ऑटो चालक को डंडे से पीटने का वीडियो वायरल



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में ग्रीन कॉरिडोर के विरोध में गांधी पार्क पर बवाल देखने को मिला। ग्रीन कॉरिडोर के विरोध में ऑटो चालकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क पर जाम लगाकर अपना विरोध जताया गया। जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। दरअसल प्रदर्शन के बीच थाना प्रभारी द्वारा एक ऑटो चालक को डंडे से पीटने का वीडियो सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। वही नगर आयुक्त के खिलाफ जमकर नारे बाजी देखने को मिली।

## 27 वर्षों की सेवा के बाद ड्राइवर राजू प्रसाद हुए सेवानिवृत्त



**गोरखपुर।** मंडलायुक्त कार्यालय गोरखपुर में कार्यरत ड्राइवर राजू प्रसाद के सेवा निवृत्त होने पर शनिवार को एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 1997 से अपनी सेवाएं दे रहे राजू प्रसाद ने करीब 27 वर्षों तक निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन जय प्रकाश एवं अपर आयुक्त न्यायिक राजेश श्रीवास्तव ने उन्हें गौतम बुद्ध की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उनके लंबे कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि राजू प्रसाद ने अपने सेवाकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। विदाई समारोह के दौरान कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा, जहां सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए पलों को याद किया। अंत में राजू प्रसाद ने सभी अधिकारियों और सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान सभी का सहयोग और स्नेह मिला, जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। समारोह के पश्चात उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया गया।

## डीएम एवं सीडीओ द्वारा स्कूल चलो अभियान पर पाठ्य पुस्तके एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**फर्रूखाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ, निपुण विद्यार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र जिलाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरण, शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शत-प्रतिशत नामांकन एवं विद्यार्थियों के ट्रांजिशन को सुनिश्चित करने हेतु व्यापक 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर, वाराणसी से किया गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री ने निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में जनपद फर्रूखाबाद में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विरासत के सम्मान संग शुरू होगा विकास का नया सोपान

- रविवार को ऐतिहासिक घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य का सीएम करेंगे लोकार्पण
- शहीद बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करने के साथ नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की रखेंगे आधारशिला



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर महानगर में आज विरासत के सम्मान संग विकास के नए सोपान का शुभारंभ करेंगे। वह ऐतिहासिक स्मृतियों को सहेजे घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करने के साथ विकास की एक परियोजना का लोकार्पण और एक का शिलान्यास करेंगे। इनमें से एक परियोजना घंटाघर में अमर बलिदानी बंधु सिंह के नाम पर बने मल्टीलेवल पार्किंग एवं कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण और दूसरी पांडेयहाता विरासत गलियारा में कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास की है।

महानगर के घंटाघर के साथ स्वतंत्रता आंदोलन की यादें जुड़ी हैं। आज जिस स्थान पर घंटाघर है, वहां देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के दौरान एक विशाल पाकड़ का वृक्ष हुआ करता था। इसी वृक्ष पर आजादी की पहली लड़ाई में कई स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी गई थी। 19 दिसंबर 1927 को काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को जब गोरखपुर कारागार में फांसी दी गई थी तब उनकी शवयात्रा घंटाघर में आकर रुकी थी। तब बिस्मिल जी की माता ने यहां एक प्रेरक उद्बोधन दिया था। तभी से यह स्थान पंडित बिस्मिल को समर्पित हो गया।

मीनार की तरह ऊंची इमारत के रूप में घंटाघर के निर्माण का वर्ष 1930 में रायगंज के सेठ राम खेलावन और सेठ ठाकुर प्रसाद ने कराया था। इमारत पर घंटे वाली एक घड़ी लगाई गई जिसकी वजह से यह घंटाघर के नाम से प्रसिद्ध हो गई। आज यह स्वतंत्रता संग्राम और अमर बलिदानियों के जीवंत प्रतीक के रूप में महानगर की गौरवशाली विरासत है। इमारत के निचले हिस्से पर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान की याद दिलाती चित्रकारी उकेरी गई है। इस विरासत के संरक्षण के लिए सीएम योगी की प्रेरणा से नगर निगम ने एक करोड़ रुपये व्यय कर सौंदर्यीकरण कराया है ताकि आने वाली पीढियां भी इस गौरवगाथा से परिचित हो सकें। सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

विरासत के संरक्षण के प्रकल्प से लोगों को जोड़ने साथ सीएम योगी जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता से संबंधित दो विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। घंटाघर में अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में 27.26 करोड़ रुपये की लागत से महानगर की दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसे बंधु सिंह के ही नाम पर एक कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग के रूप में विकसित किया गया है जिसमें 43 दुकानों का भी निर्माण हुआ है। इस कॉम्प्लेक्स में 50 कारों और 200 दोपहिया वाहनों की पार्किंग हो सकेगी। इस कॉम्प्लेक्स में भी विरासत को सहेजने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े प्रसंग को दीवारों पर पेंटिंग के जरिये जीवंत किया गया है। इसके अलावा बंधु सिंह पार्क में पहले से अवस्थित रहे प्राचीन शीतला माता मंदिर को कॉम्प्लेक्स के भूतल पर व्यवस्थित किया गया है। मुख्यमंत्री रविवार शाम इस मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। रविवार शाम को ही सीएम योगी विरासत गलियारा पांडेय हाता में 34.43 करोड़ रुपये की लागत वाले एक नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला भी रखेंगे।

# बीएचयू के अभिनव दुबे कृषि में मास्टर डिग्री हासिल के बाद विदेश में उच्च शिक्षा का अवसर

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** जनपद के लिए गर्व का विषय है कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के होनहार छात्र अभिनव दुबे को इटली स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय बोलेनिया में 'सटीक और टिकाऊ कृषि' विषय में मास्टर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश मिला है। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय एवं क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है।

बताया जाता है कि इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में दुनिया भर के छात्र आवेदन करते हैं, जिनमें से केवल चुनिंदा मेधावी अभ्यर्थियों का ही चयन होता है। ऐसे प्रतिस्पर्धी चयन में अभिनव दुबे का चयन उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। अभिनव दुबे, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के प्रसिद्ध वैद्य डॉ. सुशील कुमार दुबे के पुत्र हैं और मूल रूप से जनपद मिर्जापुर के निवासी हैं। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। विश्वविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम, छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) तथा आवास (हाउसिंग) जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। सभी ने अभिनव दुबे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

# तहसील दिवस पर डीएम-एसएसपी ने सुनीं जन समस्याएं, 130 में से 10 का मौके पर निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तहसील बीकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 130 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपाल एवं कानूनगो को निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरणों की जांच कराई जाए तथा अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इसके अलावा पेंशन, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, सड़क एवं सुरक्षा से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा विवादित मामलों में अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए।

ग्राम कटौना के एक शिकायतकर्ता ने तहसीलदार एवं लेखपाल पर धारा 67 के तहत अलग-अलग रिपोर्ट लगाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी श्रेया, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर्मचारी हितों के लिए काम करेंगे नीरज पाठकः राजेश तिवारी



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा साहबगंज में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने की, जबकि संचालन अयोध्या महानगर अध्यक्ष विकास चौरसिया ने किया।बैठक के दौरान साकेत महाविद्यालय के नवनिर्वाचित कर्मचारी संघ अध्यक्ष नीरज पाठक का माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि नीरज पाठक कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनके लिए सकारात्मक कार्य करेंगे।बैठक में महानगर अध्यक्ष विकास चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष तजिंदर सिंह निक्कू, चंदन दुबे, पंडित संतोष मिश्रा, राजकुमार पंडित, बाल कृष्ण मिश्रा और विकास गुप्ता सहित कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में हुई पिटाई से घायलों के परिजन से मिले विधायक

## प्रकरण में न्यायोचित कार्रवाई करने का पुलिस को विधायक ने दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विकासखण्ड पूराबाजार के ग्राम रामपुर हलवारा में जमीनी विवाद को लेकर हुई पिटाई से घायल के परिजनों से मेडिकल कालेज दर्शननगर में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मुलाकात किया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगो व परिजनों से घटना के बारें में जानकारी विधायक ने लिया। प्रकरण में घायल पक्ष को सुरक्षा देने के साथ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने सीओ को दिया। जिस पर सीओ ने मामले में अभियोग पंजीकृत होने के साथ कार्रवाई करने के बारें में विधायक को अवगत कराया।जमीनी विवाद को लेकर रामप्रकाश निषाद ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि तीन अप्रैल को वह अपने पुत्रों के साथ मकान के सामने पिलर का निर्माण कर रहा था। इसी बीच अमरनाथ यादव अन्य लोगो के



साथ आए व उसे निर्माण करने से मना करने लगे। रामप्रकाश का आरोप है कि जब उसने अपने घर के सामने पिलर का निर्माण होने की जानकारी दी तो अमरनाथ यादव ने अपने साथियों के साथ उसके पक्ष की लाठी-डण्डों से पिटाई शुरू कर दी। जिसमें सुनील कुमार निषाद, राज निषाद, दीपक निषाद का सिर फट गया। सभी बेहोश हो गए। जिन्हें दर्शननगर स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# फ्यूचर पब्लिक स्कूल में अंकपत्र वितरण व विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मुमताज नगर स्थित फ्यूचर पब्लिक स्कूल में अंकपत्र वितरण समारोह एवं विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शैक्षणिक उपलब्धियों में गुनगुन यादव, पीयूष व काव्या प्रथम, ऋचा यादव, चिन्मय त्रिपाठी व रिद्धिमा सिंह द्वितीय तथा अगम्य पटेल व शिफा तृतीय स्थान पर रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 31 कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रोबोट, ब्लड सर्कुलेशन, वाटर साइकिल, हाइड्रोलिक रोबोटिक आर्म व सोलर ऊर्जा आधारित मॉडल प्रमुख रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के संरक्षक पंचम कुमार तिवारी, डायरेक्टर अरुण त्रिपाठी व प्रबंधिका नेहा तिवारी ने किया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा के नाम पर लूट! रुदौली के निजी स्कूलों पर मनमानी वसूली का आरोप

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अभिभावकों में आक्रोश बढ़ गया है। आरोप है कि स्कूल छात्रों को किताब-कॉपी का कोर्स केवल अपने यहां से खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। अभिभावकों के अनुसार कक्षा 5 के लिए करीब 5000 रुपये और यूकेजी के लिए लगभग 3000 रुपये वसूले जा रहे हैं। बाहर से किताबें खरीदने की अनुमति नहीं दी जा रही, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत विश्वविद्यालय में व्याख्यान, अहिल्याबाई होल्कर के योगदान पर चर्चा

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर गर्ल्स हॉस्टल में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. स्वाति सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति की सच्ची संरक्षिका बताया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों से धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन समृद्ध हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# डा. पी.एस. प्रमाणिक बने कृषि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति

**कुमारगंज (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पी.एस. प्रमाणिक को प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आदेश जारी किया है।डा. प्रमाणिक नियमित कुलपति की नियुक्ति या अगले आदेश तक पदभार संभालेंगे। शनिवार को उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हाईवे किनारे मकान में चोरी, ज्वेलरी व नगदी पार

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने नेशनल हाईवे से सटे एक मकान को निशाना बनाकर ज्वेलरी व नगदी पार कर दी। घटना भेलसर चौकी क्षेत्र के फेलसंडा गांव की बताई जा रही है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

# महराज निषाद राज जयंती की पूर्व संध्या पर करीब दो दर्जन निषादों ने किया रक्त दान

## समाज को एकजुट करने का दिया संदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आगामी पांच अप्रैल को मनाई जाने वाली महाराजा निषाद राज जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को स्वजातीय युवाओं ने समाज को एकजुट होने का संदेश देते हुए जिला चिकित्सालय के रक्तकोष पहुंचकर समाज के करीब दो दर्जन से अधिक युवाओं ने रक्त दान किया। इस अवसर पर निषाद समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह शिविर निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद और अभिषेक निषाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद ने बताया कि उनके आदर्श महाराजा निषादराज



की जयंती के उपलक्ष्य में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ÷रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए और इससे किसी भी प्रकार का डर नहीं रखना चाहिए।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि जयंती के अवसर पर रविवार को निषादराज चौराहा (टेढ़ी बाजार) स्थित महाराजा निषादराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें इन रक्त दाताओं का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।इस अवसर पर निषाद समाज सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक एवं पूर्व जयंती अध्यक्ष रामदुलार निषाद, उपाध्यक्ष रामतिवारी निषाद, कृष्ण कुमार पांडे के विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिषेक निषाद, जय राज निषाद, प्रेम निषाद, सुरेश निषाद, राजबहादुर यादव, प्रदीप निषाद, मोनू कुमार, उमेश निषाद, बाबा लक्ष्मण दास, बाबा मंजीत दास, बीजेपी नेता अच्छे लाल निषाद, पूर्व प्रधान रोहित निषाद, मोहन निषाद, राजन निषाद, राहुल निषाद, हेमंत निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत मवई पुलिस ने छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

**मवई (अयोध्या)।** मवई पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शनिवार को थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मवई चौराहा, मांजनपुर व दुल्लापुर गांव में छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया।

इस दौरान महिला शक्ति केंद्र प्रभारी आयुषी पाल, महिला आरक्षी उजाला, चौकी प्रभारी आयुष यादव व उपनिरीक्षक अवधेश कुमार ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत विभिन्न योजनाओं–विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व सुकन्या योजना–की जानकारी दी। साथ ही 1090, 112, 181, 1076, 1098 व साइबर हेल्पलाइन के बारे में भी जागरूक किया गया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन की छवि को धूमिल कर रही है पालिका

## नगर पालिका के उदासीन रवैया के चलते शहर की सफाई व्यवस्था चौपट

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था हेतु भले ही प्रदेश एवं केंद्र सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही हो लेकिन सदर नगर पालिका की उदासीनता का आलम यह है कि वह अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रूप देने में असफल साबित हो रही है।इस असफलता के पीछे ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि नगर पालिका के पास सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं है। पालिका के पास सफाई कर्मचारियों की लंबी फेहरिस्त के अलावा अन्य संसाधन मौजूद हैं।इन संसाधनों में अभी कुछ दिन पूर्व इजाफा करते हुए पालिका द्वारा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के लिए कुछ नए ई रिक्शा भी खरीदे गए थे।इस खरीदारी के बाद पालिका द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए थे कि अब शहर की सफाई व्यवस्था को और ज्यादा बेहतर किया जाएगा। पालिका की ओर से किए गए वादों से लोगों को भी लगा था कि अब उन गलियों का भी कूड़ा कलेक्शन नगर पालिका द्वारा कर लिया जाएगा जहां अब तक कूड़ा नहीं उठाता था,और लोगों को सड़कों पर पड़ी गंदगी से निजात मिल सकेगी। बावजूद इस सबके शहर के कुछ भागों में आज भी गंदगी की भरमार है जो पालिका के उदासीन रवैया को जग जाहिर करती है।शहर के मोहल्ला कबूलपुरा,हकीमगंज,नई सराय, सोथा खेल,काली सड़क से पंजाबी मंदिर वाले मार्ग आदि क्षेत्रों में नागरिक आज भी सड़कों पर कूड़ा डालने को मजबूर हैं।अभी ताजा मामला मोहल्ला वैदो टोला में स्थित चोटी वाले मियां की दरगाह के बराबर गली का है जहां कई दिनों से कूड़ा कलेक्शन को आने वाला ई रिक्शा गायब है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि लगभग हफ्ता भर से कूड़ा कलेक्शन को आने वाला ई रिक्शा नहीं आ रहा है जिस कारण घरों में कूड़ा इकट्ठा है। मोहल्ले के लोगों को कहना है कि शुक्रवार रात में हुई बरसात के बाद खुले में रखा हुआ कूड़ा भीगने के कारण दुर्गंध देने लगा जिससे घरों में ही रहना दुबर हो गया। लोगों का कहना है कि ज्यादा दिन कूड़े को घर में कहां रखें इससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस संबंध में वह लोग नगर पालिका में निचले स्तर से लेकर पालिकाध्यक्ष तक को शिकायत कर चुके हैं लेकिन शनिवार तक भी पालिका द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। इधर कूड़ा कलेक्शन को आने वाले ई रिक्शा वाले कर्मचारियों द्वारा मोहल्ले वासियों को बताया गया है कि उसका ई-रिक्शा खराब हो गया है।यदि कर्मचारियों की बात मान ली जाए तो सवाल पैदा होता है कि पालिका द्वारा अब तक क्यों इसकी वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई है।

# अवैध रूप से आम के सूखे पेड़ की कटान वन विभाग कब्जे में ली

**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज अंतर्गत ग्राम सभा पिपरा सोनाड़ी में अवैध रूप से आम के सूखे पेड़ की कटान का मामला सामने आया है।

सूचना मिलते ही सक्रिय हुए वन विभाग ने मौके पर छापेमारी कर काटी गई लकड़ी को कब्जे में लेकर सुरक्षित रखवा दिया, जबकि पेड़ मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वन दरोगा नित्यानंद मौर्य ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से अवैध कटान की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई। मौके से काटी गई लकड़ी को तत्काल जब्त कर लिया गया। दक्षिणी चौक रेंज के वनक्षेत्राधिकारी ऋषभ नायक ने बताया तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# मोटरसाइकिल टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल



**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** चौक-निचलौल मार्ग पर शनिवार को हुई आमने-सामने की मोटरसाइकिल टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे युवक को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को महायोगी गुरुगोरखनाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौक पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि वहां भी स्थिति नाजुक बनी रहने पर युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, चौक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोहगौरा निवासी समीम सिद्दकी (19) पुत्र बक्शीश किसी कार्य से चौक जा रहा था। इसी दौरान वह शराब भट्टी के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# रुदौली कोतवाली में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत कोतवाली रुदौली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता व आरक्षी गीता देवी ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

इस दौरान 1090, 112, 108, 102, 1930, 1098 व 1076 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया।

# घर में घुसकर मारपीट, नकदी लूट का आरोप; कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के महमूदमऊ गांव में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व नकदी लूटने का मामला सामने आया है।पीड़ित शाहिद नसीम ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाली पाटने से जलभराव, निगम टीम को रोका

## पंपिंग सेट से निकाला गया पानी




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम क्षेत्र के चित्रगुप्त वार्ड अंतर्गत उसरू स्थित मनोहर नगर कॉलोनी में नालियों को पाटे जाने के कारण जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। कॉलोनी की सड़कों पर घरों का पानी जमा होने से आवागमन प्रभावित रहा और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क के दोनों किनारों पर रहने वाले कुछ लोगों ने नालियों को बंद कर दिया है, जिससे जल निकासी बाधित हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम की टीम जब भी सफाई कार्य के लिए पहुंचती है, तो कुछ लोग विरोध कर उन्हें काम नहीं करने देते।मामले में निवासी अंजू मिश्रा पर नाली पर अवैध अतिक्रमण कर उसे पाटने का आरोप भी लगाया गया है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।पार्षद मनीष यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम को मौके पर भेजा गया, जहां पंपिंग सेट के माध्यम से जमा पानी को निकलवाकर स्थिति को सामान्य किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि नालियों को अवरुद्ध न करें और घरों का पानी नालियों में ही बहने दें, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या न उत्पन्न हो।

# प्रशिक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती का मंत्र

## पंकज चौधरी ने योजनाओं के प्रचार पर दिया जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर विधानसभा क्षेत्र के पकड़ी स्थित बाला जी महाविद्यालय परिसर में आयोजित भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान में प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संगठन सशक्त बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी सफलता का आधार मजबूत बूथ प्रबंधन है, इसलिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क बनाए रखें और सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने सेवा, समर्पण और अनुशासन को भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान बताते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं–प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत मिशन आदि–का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और डिजिटल व्यवस्था के विस्तार को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि पारदर्शिता और सुशासन के कारण जनता का विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 39 प्रकरणों की सुनवाई

## डीएम ने त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर तहसील में जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री शक्ति मोहन अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई की गई। इस दौरान कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी ने शेष मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई पर जोर दिया गया।

प्राप्त प्रकरणों में राजस्व, पुलिस, विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी मामलों का निस्तारण गुण-दोष



के आधार पर पारदर्शी तरीके से करें।

इसके साथ ही उन्होंने आई-गॉट पोर्टल पर चल रहे ÷साधना सप्ताह÷ के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों का पुलिस अधीक्षक से परिचय भी कराया गया।

इस अवसर पर एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, तहसीलदार पंकज शाही, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, डीआईओएस पी.के. शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक/प्रशिक्षण संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार गोविंद जायसवाल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, सहायक निदेशक सुमन शा, केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जनपद में संचालित शैक्षिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाना तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाना था। संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षण पद्धति को रोचक एवं प्रभावी बनाने तथा डिजिटल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने जनपद में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में समय से पठन-पाठन सुनिश्चित किया जाए तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। सारथी प्लेटफार्म पर नीट/जेई की तैयारी आईआईटी कानपुर द्वारा कराया जाता है। सभी बच्चों का अपार आईडी बनवाये जाने का निर्देश दिया। सहायक निदेशक सुमन शा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों से अवगत कराने पर जोर दिया।

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के अधिकारियों ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यालयों में भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न नवाचारों पर चर्चा की और शिक्षकों को भाषा शिक्षण के नवीन तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक के अंत में संयुक्त सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्राचार्य व अन्य संबंधित अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय बेलवा महादेवा द्वितीय में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न

**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बेलवा महादेवा द्वितीय में शनिवार को वर्ष 2026 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुहेल अहमद द्वारा की गई।मुख्य अतिथि एवं प्रधानाध्यापक द्वारा मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कक्षा 5 के परीक्षाफल में आदर्श गौड़ और आलोक ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं विजय ने द्वितीय और अनिश्या द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। आफरीन, दिशा, नाजिरा और शहजाद,वैभव को शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुहेल अहमद ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

# पी.एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर में आयोजित हुआ स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जनपद के पी.एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर में आयोजित जनपद स्तरीय 'स्कूल चलो अभियान-2026' कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने प्रतिभाग कर दीप प्रज्वलित तथा माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुभारंभ के दौरान कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट, कंपोजर विद्यालय हारीपुर तथा कंपोजर विद्यालय जमदरा के बच्चों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों का मनमोह लिया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति, शिक्षा के महत्व तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह और बढ़े। साथ ही, जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालय में शतप्रतिशत बच्चों के नामांकन कराने के उपलक्ष में प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय योगदान की सराहना का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिक्षक अभिभावकों से नियमित संपर्क स्थापित करें तथा उन्हें बच्चों को समय से विद्यालय भेजने के लिए जागरूक करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना है : तलत कहकशा फातिमा



- वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध किया, विद्यालय के बच्चे हुए पुरस्कृत
- डुमरियागंज क्षेत्र के ग्राम सेमरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज क्षेत्र के ग्राम सेमरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि तलत फातिमा व कहकशा फातिमा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसको देखकर लोगों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तलत फातिमा ने कहा वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना है। ताकि उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

कहकशा फातिमा ने कहा कि सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए धन मुहैया करा रही है। बच्चों की प्रतिभा में निखार करने में शिक्षकों का अहम योगदान है। जो विद्यालयो के पठन-पाठन व अन्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम कर रहे है। इस दौरान विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शकुंतला मिश्रा, सहायक अध्यापिका शकुंतला श्रीवास्तव, मलिक एहसान अहमद, राजेंद्र प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष कृष्णा यादव, उषा श्रीवास्तव, परमेश, आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मासिक बैठक में 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर की जयंती मनाये जाने की बनी रणनीति



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर शनिवार को जिला कार्य समिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई !

बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया और और 14 अप्रैल बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सभी विधानसभाओं के सेक्टर स्तर पर जयंती कार्यक्रम मनाया जाने हेतु विचार विमर्श कर तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और रणनीति बनाकर सभी लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी गई और बाबा साहब की जयंती को भव्य रूप से मनाया जाएगा और जन विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के साथ-साथ 2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ नेता मुरलीधर मिश्रा, मोनू दुबे, राममिलन भारती, मोहम्मद इदरीश पटवारी, डॉ धीरेंद्र यादव, कमरूज्जमा खान, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, फिरोज आलम, हरिराम यादव, कृष्ण नाथ, चंद्रजीत यादव, हरि नारायण, अंगद, शफीक, अशफाक, आदि उपस्थित रहे !

# मनोनीत सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** शनिवार को जलालपुर तहसील सभागार में एक भव्य एवं गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत पांच सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अयोध्या धाम प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी मौजूद रहे। उन्होंने नवनियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पद केवल अधिकार नहीं बल्कि जनता की सेवा का एक महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी सभासद पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य करें तथा नगर के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस दौरान उपजिलाधिकारी द्वारा सुरेश गुप्ता, विकास सोनकर, आसाराम, रामवृक्ष भार्गव एवं गौरव उपाध्याय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

कार्यक्रम में अनूप कुमार सिंह, खुर्शीद जहां, संदीप अग्रहरि, राम प्रकाश यादव, संजीव मिश्रा, गोपाल कृष्ण कसौधन तथा चंद्रिका प्रसाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं सभासद मौजूद रहे।

समारोह के समापन पर नवनियुक्त सभासदों ने नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को अपनी प्राथमिकता बताते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



- मनकापुर में 123 शिकायतों में से 16 का मौके पर ही किया गया निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 123 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 16 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## डंठल न जलाने की अपील, जलाने पर की जाएगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** रबी फसल की कटाई चालू हो गई है। इस समय तेज हवा के साथ साथ आग भी लग रही है। थाना प्रभारी हरे कृष्ण उपाध्याय ने लोगो से अपील भी की कहा कि गेहूं की फसल कटने के बाद गेहूं का डंठल न जलाएं। डंठल जलाने से जिनका फसल कटा भी नहीं वहां भी आग पहुंचने की संभावना रहती है। हवा तेज चल रही गांव घर में भी आग पहुंच सकती है गेहूं का डंठल जलाने से लोग बचे और कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति डंठल जलाते हुए पकड़ा जाता है तो उस व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। इन्होंने सिगरेट पीने वाले व्यक्ति से खास अपील की कहा कि कही भी किसी भी स्थान पर सिगरेट जलाकर न फेंके।

# चेतरा शेख विद्यालय में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा शेख परिसर में शनिवार को शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजू मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेठ राम कुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ की प्रधानाचार्य अंजू मिश्रा ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह ने बच्चों को अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और नए शैक्षिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान कक्षा 8 में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 5 में विक्रम अव्वल रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, सर्वोत्तम उपस्थिति के लिए सुरैय्या खातून एवं साधना को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि 9 मई को उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार 9 मई (द्वितीय शनिवार) को प्रातः 10 बजे से सिविल कोर्ट सिद्धार्थनगर व बाह्य स्थित न्यायालय बांसी, डुमरियागंज, ग्राम न्यायालय इटवा एवं जिला कारागार, सिद्धार्थनगर तथा समस्त राजस्व, चकबन्दी एवं अन्य न्यायालयों मे आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, न्यायलय में लम्बित पुराने बादो, ई0 चालान व आर्बट्रिशन के निष्पादन वादों, बैंक वसूली के वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित) सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद (जनपद न्यायालय में लम्बित), अन्य सिविल बाद (किराया सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष बाद), के प्रकरण से सम्बन्धित मामलों को प्रमुखता प्रदान करते हुए से सम्बन्धित लम्बित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

## आग लगने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** मुकामी थाना क्षेत्र उसका बाजार के शनिवार को आग लगने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। नगर पंचायत उसका बाजार के परसा बुजुर्ग में गेहूं के डंठल में आग लगी तो वही दूसरी तरफ ग्राम पंचायत भीटिया में गेहूं के डंठल में आग लग गई ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया ग्रामीणों ने आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी मौके पर पहुंचकर आग को काबू में पाया गया। थाना प्रभारी हरे कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। ग्रामीणों की मदद से और फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया है।

## ब्लाइंड मर्डर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** दिनांक 3.3.2026 को थाना कोतवाली देहात पर वादी अशोक कुमार पुत्र रामनरेश निवासी भीटी भदवल थाना कोतवाली देहात गोण्डा ने सूचना दी कि उनकी लड़की शीला उम्र करीब 25 वर्ष दिनांक 29.3.2026 को दोपहर में खेत पर गयी थी, जो अब तक वापस नहीं आयी है काफी तलाश की गयी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली । प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 232/2026 धारा 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया। दिनांक 2.4.2026 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भदावल में एक गन्ने के खेत में एक युवती के शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली, जिस पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, शव की शिनाख्त कराई गई तो वादी अशोक कुमार द्वारा बताया गया कि यह शव उनकी बेटी शीला का है । शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया तथा फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वाड टीम को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में पुलिस एसओजी/सर्विलांस सहित 4 पुलिस टीमों का गठन कर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को घटना का शीघ्र अनावरण करने एवं अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।

# हरैया पंचायत में कागज़ी विकास का खेल बिना इस्टीमेट लाखों का भुगतान

**अवधनामा संवाददाता**

**बसखारी अम्बेडकरनगर।** विकास खंड बसखारी की ग्राम पंचायत हरैया (मौजा तिगोडियां-डणवा) में विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस पूरे मामले में ग्राम सचिव शरद चंद एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गए हैं। इससे पहले भी उनका नाम 'पिता प्रधान-पुत्र सचिव' प्रकरण को लेकर चर्चा में रह चुका है। ग्रामीणों के मुताबिक, पंचायत में मोहित यादव के घर से राम खेलावन यादव के घर तक इंटरलॉकिंग, नहर पिच रोड से लाला यादव के घर तक खड़ंजा निर्माण तथा दशरथ यादव के घर से राम खेलावन यादव के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य दिखाया गया है।मामले में बड़ा खुलासा तब हुआ जब कंसल्टिंग इंजीनियर मीनाक्षी तिवारी ने साफ तौर पर कहा कि इन कार्यों का कोई भी इस्टीमेट मेरे द्वारा तैयार नहीं किया गया है। इसके बावजूद ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 18 मार्च 2026 को चार किस्तों में 2,79,542, 70,165, 1,24,791 और 23,184–कुल 4,97,682 का भुगतान जारी कर दिया गया।

वहीं, जीपीएस कैमरे से मिले वीडियो के अनुसार ये निर्माण कार्य 16 जनवरी 2026 से पहले ही कराए जा चुके थे, जबकि भुगतान बाद में दर्शाया गया। ऐसे में सरकारी रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत के बीच अंतर कई सवाल खड़े कर रहा है। ज्ञात हो कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि ग्राम पंचायतों में सभी कार्य कंसल्टिंग इंजीनियर की निगरानी और स्वीकृत इस्टीमेट के आधार पर ही किए जाएंगे। ऐसे में बिना इस्टीमेट भुगतान होना नियमों की अनदेखी माना जा रहा है। सबसे अहम सवाल यह है कि जब सचिव शरद चंद ने 9 मार्च 2026 को हरैया पंचायत का कार्यभार संभाला, तो इतने कम समय में कार्य योजना कैसे बनी और भुगतान प्रक्रिया कैसे पूरी हो गई?

## अज्ञात कारणों से लगी आग से गेंहू की खड़ी फसल जलकर नष्ट

**अम्बेडकरनगर।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जमुनीपुर नहर के पास महाये गांव में गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कई किसानों की मेहनत जलकर राख हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, अज्ञात कारणों से लगी इस आग को सबसे पहले आसपास के लोगों ने देखा। धुआं उठता देख ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने में जुट गए। वहीं घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। आग लगने के दौरान तेज हवा चल रही थी, जिसकी वजह से लपटें तेजी से फैलती चली गई और महाये गांव के रहने वाले रामसुंदर, विनोद, प्रमोद, रामदेव और गोविंद समेत आधा दर्जन किसानों के खेत चपेट में आ गए। इस हादसे में 6 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# मौलाना आज़ाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा की दी जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** मौलाना आज़ाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जलालपुर श्री अजय प्रताप यादव के निर्देशन में थाना जलालपुर की महिला पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।इस अवसर उपनिरीक्षक थाना कोतवाली जलालपुर वंदना सरोज,महिला कांस्टेबल अस्मिता सिंह,उप निरीक्षक थाना कोतवाली जलालपुर मोहम्मद आमीन,हेड कांस्टेबल मेराजुल हसन,कांस्टेबल माधव ने छात्राओं को महिला सुरक्षा,आत्मरक्षा के उपाय,साइबर अपराध से बचाव तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।साथ ही छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई !महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर इस प्रकार हैं:महिला हेल्पलाइन : 1090 आपातकालीन सेवा (पुलिस) : 112 चाइल्ड हेल्पलाइन,1098 महिला हेल्पलाइन (घरेलू हिंसा) : 181साइबर क्राइम हेल्पलाइन : 1930 एंबुलेंस सेवा : 108 फायर ब्रिगेड : 101 पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपातकालीन स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। छात्राओं को निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद क़ासमी,प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम, विद्यालय प्रभारी जमशेद इक़बाल,आमिना खातून, तज्यींन आएशा, हमना, मरियम, फरहीन फातमा,हेरा फातमा,सदफ नूरी, मोहम्मद अहमद,रमज़ान अली, मुश्ताक हुसैन,कुमार गौरव,आबिदा खातून,हलीमा सादिया,शबीना खातून सहित अन्य शिक्षकगण एवं उपस्थित रहे।

## बंगाल का 'बंधक' न्याय

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में ऐसा हिंसक उत्पात मचाया गया कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की नींद ही उड़ गई। वह आधी रात के बाद 2 बजे तक जागते रहे और प्रयास करते रहे कि 'बंधक' बनाए गए 7 न्यायिक अधिकारी सुरक्षित मुक्त हो जाएं। उन अधिकारियों में 3 महिलाएं भी थीं। प्रधान न्यायाधीश ने कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को फोन किए। मुख्य न्यायाधीश ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक को फोन कर 'बंधक' अधिकारियों को मुक्त कराने का आग्रह किया। उन्हें 'आश्वस्त' किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। देश के प्रधान न्यायाधीश का कहना है कि रात के 11 बजे तक मालदा के डीएम और एसएसपी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे थे। अधिकारियों को अपराह्न 3.30 बजे के करीब बंधक बनाया गया था। उन 8-9 घंटों के अंतराल में कोई भी अनहोनी हो सकती थी! हजारों की भीड़ उस दफ्तर के बाहर बेहद उत्तेजित और आक्रोशित थी। उनके हाथों में लाठियां, डंडे, पत्थर थे। भीड़ ने कारें तोड़ीं, उनमें आग लगाई और पथराव किए। कमोबेश यह लोकतंत्र की अभिव्यक्ति नहीं थी। यह गुंडागर्दी ही नहीं, खतरनाक जंगलराज का मंजर था। अंततः जस्टिस सूर्यकांत को मौखिक आदेश देना पड़ा और सुरक्षा बलों ने उन न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षित मुक्त कराया। सर्वोच्च अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था के पुलिस प्रमुख, क्षेत्र के पुलिस आयुक्त और जिले के डीएम, एसएसपी को 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर 6 अप्रैल को अदालत में ऑनलाइन पेश होने के आदेश दिए हैं। हम इसे पर्याप्त नहीं मानते। संभव है कि कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया ऐसे ही चलती होगी, लेकिन भीड़ ने न्यायिक अधिकारियों पर जिस तरह हमला किया और उन्हें करीब 9 घंटे तक 'बंधक' बनाए रखा, कमोबेश यह लोकतांत्रिक कलंक है, न्याय और कानून-व्यवस्था का हमलावर उल्लंघन है और लोकसेवकों के काम में आपराधिक अड़चन है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने भी माना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, साजिश और आपराधिक अवमानना है। हर कोई राजनीतिक भाषा बोल रहा है।

दरअसल यह न्यायिक अधिकारियों पर मनोवैज्ञानिक हमला है। अब सवाल यह है कि क्या यह उन लोगों की आक्रामक प्रतिक्रिया, गुस्सा, आक्रोश है, जिनके मताधिकार छीन लिए गए? किन्हीं भी कारणों से उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए? लिहाजा यह घटना उत्पात, हुड़दंग, हिंसा के अलावा, चुनाव आयोग के लिए एक गंभीर चुनौती भी है। आयोग को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तटस्थ और गैर-राजनीतिक तौर से पुनर्विचार करना चाहिए। संविधान ने चुनाव आयोग को शक्तियां दी हैं, तो देश के नागरिकों को भी मौलिक अधिकार दिए हैं। बंगाल में 50 लाख से अधिक मतदाताओं को 'तार्किक विसंगति श्रेणी' में रखा गया था। उनमें से करीब 13 लाख मतदाताओं पर अभी अंतिम निर्णय लिया जाना है। सर्वोच्च अदालत के आदेश पर न्यायिक अधिकारी उसी जांच में जुटे रहे हैं। मुस्लिम बहुल मालदा जिले में 8,67,054 मतदाता अभी विचाराधीन हैं। जहां यह घटना हुई, वहां ही करीब 78,000 मतदाताओं पर निर्णय होना है कि वे 23 और 29 अप्रैल को वोट दे सकेंगे या नहीं! मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने दायित्व से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने तंज कसा है कि चुनाव आयोग 'सुपर राष्ट्रपति' की तरह काम कर रहा है। बेशक चुनाव के दौरान प्रशासन चुनाव आयोग के प्रति जवाबदेह होता है। आयोग ने बंगाल में 474 अधिकारियों को बदला है, लेकिन लगता है कि नए प्रशासनिक अधिकारी भी 'ममतामय' हैं। बहरहाल, सवाल है कि क्या मतदान और पूरा चुनाव निष्पक्ष, तटस्थ हो सकेगा? सभी अधिकारियों को निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए।

## माता-पिता बुजुर्गों की देखभाल न करने पर सरकार का त्वरित डंडा चलेगा

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर आज का समाज अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।तकनीकी उन्नति, वैश्वीकरण और आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है,वहीं पारिवारिक संरचनाओं और संबंधों के स्वरूप को भी गहराई से प्रभावित किया है।कभी संयुक्त परिवारों में पनपने वाली भावनात्मक सुरक्षा और सामूहिक जिम्मेदारी अब तेजी से एकल परिवारों में सिमटती जा रही है। इस परिवर्तन के बीच सबसे अधिक प्रभावित वर्ग है,बुजुर्ग माता-पिता। जीवन के उस चरण में,जब उन्हें सबसे अधिक सहारे,सम्मान और देखभाल की आवश्यकता होती है, वे अक्सर उपेक्षा,अकेलेपन और आर्थिक असुरक्षा का सामना करते हैं।ऐसे समय में तेलंगाना राज्य द्वारा पारित कर्मचारी जवाबदेही एवं माता- पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 न केवल एक कानूनी कदम है, बल्कि यह सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला ऐतिहासिक हस्तक्षेप भी है।इस विधेयक का मूल संदेश स्पष्ट और कठोर है यदि कोई संतान अपने माता-पिता की देखभाल से मुंह मोड़ती है, तो राज्य उसके निजी दायित्व को लागू करने के लिए सटीक रूप से हस्तक्षेप करेगा।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं ने गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह विचार अपने आप में क्रांतिकारी है,क्योंकिपारिवारिक संबंधों को अब तक निजी और नैतिक क्षेत्र माना जाता रहा है, जहां कानून की भूमिका सीमित थी। परंतु जब नैतिकता विफल हो जाती है, तब कानून का हस्तक्षेप अनिवार्य हो जाता है। यह विधेयक इसी सिद्धांत पर आधारित है कि बुजुर्गों की उपेक्षा केवल व्यक्तिगत असफलता नहीं, बल्कि एक सामाजिक अपराध है, जिसका समाधान केवल सामाजिक उपदेशों से नहीं, बल्कि कठोर कानूनी प्रावधानों से ही संभव है। एक अधिवक्ता व लेखक के रूप में मैं यह सुझाव देना चाहूंगा के कि इस विधेयक को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, वेतन कटौती की सीमा को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत और अधिकतम राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये किया जा सकता है,ताकि यह अधिक प्रभावी और निवारक बन सके।

साथियों बात अगर हम अब क्या ऐसा कानून सभी राज्यों में लागू किया जाना चाहिए? इसको समझने की करें तो इस प्रश्न का उत्तर सीधा सख्ती से हां में है, क्योंकि इसके कई सामाजिक, आर्थिक और कानूनी पहलू हैं। एक ओर यह कानून वृद्ध माता-पिता के अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। यह उन संतान को जिम्मेदारी का एहसास कराएगा जो आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी अपने माता-पिता की उपेक्षा करते हैं। इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा कि माता-पिता की सेवा केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक अनिवार्य कर्तव्य है इसके अलावा, इस कानून को पूरे देश में लागू करने के लिए केंद्र सरकार को पहल करनी चाहिए। यदि सभी राज्य इस मॉडल को अपनाते हैं, तो यह बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय ढांचा तैयार कर सकता है।हालांकि, यह स्पष्ट करना जरूरी है कि अभी तक भारत के किसी भी राज्य या केंद्र सरकार द्वारा ऐसा कोई व्यापक कानून लागू नहीं किया गया है,जिसमें सीधे वेतन से 15प्रतिशत कटौती का प्रावधान अनिवार्य रूप से लागू हो। कुछ मामलों में न्यायालयों ने व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर वेतन से भरण- पोषण राशि काटने के आदेश दिए हैं, लेकिन यह एक सामान्य कानून नहीं बल्कि केस-टू-केस आधार पर लिया गया निर्णय होता है। साथियों बात अगर हम बुजुर्गों के व्यथा को समझने की करें तो बुढ़ापा जीवन का एकअपरिहार्य सत्य है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com**

**यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे।**

# दंड से सुधार की ओर विश्वास आधारित न्यायिक यात्रा



ललित गर्ग




भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था, अनुशासन, सुधार और विश्वास का वातावरण बनाना भी होता है। इसी दृष्टि से भारत सरकार द्वारा लाया गया जन विश्वास विधेयक 2026 पहले लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी पारित होने से इसके कानून के रूप में अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था, अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। निश्चित ही इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, भारतीय कानूनी परिवेश की एक उजली भोर है। निश्चित तौर यह कानून दंडात्मक व्यवस्था से सुधारात्मक व्यवस्था की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसमें लगभग 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन कर 784 प्रविधानों में संशोधन किये गये हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इससे अदालतों में मुकदमों का बोझ और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुर्माना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में भयभीत रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे।

भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है।

इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे, जिससे उद्यमियों और निवेशकों में भय का वातावरण रहता था। अब आर्थिक दंड के प्रावधान से अनुपालन का बोझ कम होगा और व्यापार करने में आसानी होगी। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा भारत में निवेश का वातावरण और बेहतर बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि एक सरल और निवेश अनुकूल देश के रूप में मजबूत होगी।

इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी भावना भारतीय संस्कृति के बहुत निकट दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में दंड से अधिक सुधार, प्रतिशोध से अधिक क्षमा और अपराध से अधिक परिमार्जन की परंपरा रही है। हमारे शास्त्रों और परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे सुधार का अवसर मिलना चाहिए। छोटी-छोटी गलतियों के लिए कठोर दंड देना न्याय नहीं, बल्कि अन्याय की श्रेणी में आ सकता है। इस दृष्टि से यदि कानून व्यवस्था में क्षमा, सुधार और परिमार्जन की व्यवस्था हो, तो समाज अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। भारत की संस्कृति दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और समन्वयवादी रही है। जन विश्वास विधेयक इसी भावना को आधुनिक कानूनी व्यवस्था में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है। यह कानून विश्वास आधारित शासन की ओर अग्रसर होने के साथ मेरा भारत महान् का उद्घोष है। यह कानून सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला भी है। जब सरकार नागरिकों को अपराधी मानने की बजाय जिम्मेदार नागरिक मानकर कानून बनाएगी, तो नागरिकों में भी कानून के प्रति सम्मान और पालन की भावना बढ़ेगी। विश्वास आधारित शासन किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। भय आधारित शासन में नागरिक कानून से बचने की कोशिश करते हैं, जिससे समाज में भ्रष्टाचार को पनपने का मौका मिलता है जबकि विश्वास आधारित शासन में नागरिक कानून का पालन स्वयं करते हैं। देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास स्वतः जागता है।

भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी सुधार भी आवश्यक हैं। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। सरल कानून, कम सरकारी हस्तक्षेप, तेज न्याय प्रणाली और व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण-ये सभी विकसित राष्ट्र की पहचान होते हैं। इस दृष्टि से यह कानून भारत को आधुनिक और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। यह भी स्वीकार करना होगा कि इस प्रकार के बड़े कानूनी सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव नहीं होते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई प्रशासनिक और कानूनी सुधार किए हैं, जिनका उद्देश्य शासन को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना है, न्याय व्यवस्था को ज्यादा मानवीय एवं व्यावहारिक बनाना है।

# युद्ध से किनके हित पूरे हो रहे?

**आधुनिक विश्व में संसाधनों का नियंत्रण शक्ति का प्रमुख आधार है। तेल, गैस, खनिज और जलमार्गों पर कब्जा पाने की होड़ ने कई संघर्षों को जन्म दिया है। जब कोई संसाधन-संपन्न क्षेत्र अस्थिर होता है, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वहाँ प्रवेश करना और संसाधनों का दोहन करना आसान हो जाता है। युद्ध के बाद पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में उभरती है। जिन कंपनियों ने युद्ध के दौरान हथियार बेचे होते हैं, वही कंपनियाँ बाद में निर्माण और पुनर्निर्माण के ठेके भी प्राप्त करती हैं।**



महेन्द्र तिवारी



युद्ध मानव इतिहास का सबसे त्रासद और विडंबनापूर्ण अध्याय रहा है। यह केवल सीमाओं के विस्तार या सुरक्षा की लड़ाई नहीं होता, बल्कि इसके भीतर अनेक अदृश्य हितों का जाल छिपा होता है। जब युद्ध होता है तो पहली दृष्टि में हमें केवल बर्बादी, मृत्यु और विस्थापन दिखाई देता है, परंतु इसके पीछे एक जटिल आर्थिक, राजनीतिक और संस्थागत संरचना सक्रिय होती है। यह समझना आवश्यक है कि युद्ध केवल भावनाओं, राष्ट्रवाद या आकस्मिक परिस्थितियों का परिणाम नहीं होता, बल्कि कई बार यह उन शक्तियों का उपकरण बन जाता है जिनके हित शांति में पूरे नहीं हो सकते।

युद्ध से सबसे प्रमुख लाभ जिस समूह को होता है, वह है तथाकथित 'सैन्य-औद्योगिक परिसर'। यह एक ऐसा नेटवर्क है जिसमें सरकार, सेना और हथियार बनाने वाली कंपनियाँ आपस में जुड़ी होती हैं और एक-दूसरे के हितों को पोषित करती हैं। इस व्यवस्था में एक पक्ष को सुरक्षा के नाम पर हथियार चाहिए और दूसरे पक्ष को उन्हें बेचकर लाभ कमाना होता है। इस प्रकार दोनों के बीच एक ऐसा संबंध बन जाता है जिसमें सैन्य खर्च बढ़ाना एक साझा लक्ष्य बन जाता है। युद्ध की स्थिति इस पूरे तंत्र के लिए अवसर लेकर आती है, क्योंकि इससे हथियारों की मांग बढ़ती है, उत्पादन तेज होता है और मुनाफा कई गुना हो जाता है।

इसके साथ ही राजनीतिक नेतृत्व भी युद्ध से अपने हित साधता है। जब किसी देश में आर्थिक संकट, बेरोजगारी या सामाजिक असंतोष बढ़ता है, तब शासक वर्ग के लिए युद्ध एक ऐसा माध्यम बन सकता है जिसके जरिए जनता का ध्यान मूल समस्याओं से हटाकर बाहरी खतरे की ओर मोड़ दिया जाए। राष्ट्रवाद की भावना को उभारकर सत्ता अपने लिए समर्थन जुटाती है और विरोध को कमजोर कर देती है। युद्ध के समय सरकार की आलोचना को देशद्रोह के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे लोकतांत्रिक संवाद सीमित हो जाता है और सत्ता अधिक केंद्रीकृत हो जाती है। इस प्रकार युद्ध राजनीतिक स्थिरता का एक कृत्रिम साधन बन जाता है।

युद्ध से आर्थिक हितों की पूर्ति भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। आधुनिक विश्व में संसाधनों का नियंत्रण शक्ति का प्रमुख आधार है। तेल, गैस, खनिज और जलमार्गों पर कब्जा पाने की होड़ ने कई संघर्षों को जन्म दिया है। जब कोई संसाधन-संपन्न क्षेत्र अस्थिर होता है, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वहाँ प्रवेश करना और संसाधनों का दोहन करना आसान हो जाता है। युद्ध के बाद पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में उभरती है। जिन कंपनियों ने युद्ध के दौरान हथियार बेचे होते हैं, वही कंपनियाँ बाद में निर्माण और पुनर्निर्माण के ठेके भी प्राप्त करती हैं। इस प्रकार विनाश और निर्माण दोनों ही चरणों में लाभ का प्रवाह बना रहता है।

युद्ध से वित्तीय संस्थानों और वैश्विक पूंजी के हित भी जुड़े होते हैं। जब कोई देश युद्ध से कमजोर होता है, तो उसे पुनर्निर्माण के लिए ऋण लेना पड़ता है। यह ऋण उसे लंबे समय तक आर्थिक निर्भरता में बांध देता है। इस प्रक्रिया में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ और निवेशक लाभ कमाते हैं, जबकि युद्धग्रस्त देश कर्ज के बोझ तले दब जाता है। इस प्रकार युद्ध केवल तत्काल विनाश ही नहीं करता, बल्कि भविष्य की आर्थिक संरचना को भी प्रभावित करता है।

मीडिया और सूचना तंत्र के कुछ हिस्से भी युद्ध से अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करते हैं। युद्ध की खबरें, लाइव कवरेज और राष्ट्रवादी विमर्श दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हैं और इससे उनकी पहुँच और आय में वृद्धि होती है। कई बार युद्ध को एक नाटकीय घटना के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे उसकी वास्तविक मानवीय त्रासदी पीछे छूट जाती है। इसके अतिरिक्त, प्रचार और दुष्प्रचार के माध्यम से जनमत को प्रभावित किया जाता है, ताकि युद्ध को आवश्यक और उचित ठहराया जा सके। इस प्रकार सूचना का प्रवाह भी एक प्रकार से युद्ध की राजनीति का हिस्सा बन जाता है। युद्ध से कट्टरपंथी और उग्रवादी समूहों को भी लाभ होता है। जब समाज में अस्थिरता और भय का वातावरण बनता है, तब ऐसे समूहों के लिए अपने विचारों का प्रसार करना आसान हो जाता है। वे असंतोष और असुरक्षा की भावना का लाभ उठाकर नए लोगों को अपने साथ जोड़ते हैं। इस प्रकार युद्ध केवल राज्यों के बीच संघर्ष नहीं रहता, बल्कि यह समाज के भीतर भी विभाजन और हिंसा को बढ़ावा देता है।

हालाँकि यह भी सत्य है कि युद्ध से कुछ सीमित तकनीकी और औद्योगिक विकास भी होता है। सैन्य अनुसंधान के माध्यम से नई तकनीकों का विकास होता है, जो बाद में नागरिक जीवन में उपयोगी साबित हो सकती हैं। परंतु यह लाभ अत्यंत सीमित और अप्रत्यक्ष होता है, जबकि युद्ध की कीमत अत्यधिक व्यापक और विनाशकारी होती है। कई अध्ययन यह भी संकेत देते हैं कि अत्यधिक सैन्य खर्च दीर्घकालिक आर्थिक विकास को बाधित कर सकता है, क्योंकि इससे संसाधन नागरिक क्षेत्रों से हटकर सैन्य क्षेत्र में केंद्रित हो जाते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण और दुखद तथ्य यह है कि जिन लोगों के हित युद्ध से पूरे होते हैं, वे स्वयं युद्ध के मैदान में नहीं उतरते। युद्ध के निर्णय वातानुकूलित कमरों में लिए जाते हैं, लेकिन उनकी कीमत आम नागरिक और सैनिक चुकाते हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के युवा, जो बेहतर जीवन की तलाश में सेना में शामिल होते हैं, वे युद्ध के सबसे बड़े शिकार बनते हैं। उनके परिवारों को जो क्षति होती है, उसकी भरपाई किसी भी आर्थिक लाभ से नहीं की जा सकती।

इस प्रकार युद्ध एक ऐसा विरोधाभास प्रस्तुत करता है जिसमें कुछ लोगों के लिए यह अवसर और लाभ का स्रोत बन जाता है, जबकि अधिकांश मानवता के लिए यह पीड़ा, विनाश और असुरक्षा का कारण होता है। यह समझना आवश्यक है कि युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह हितों का संघर्ष है जिसमें शक्ति, पूंजी और राजनीति का गहरा संबंध होता है। जब तक इस संरचना को समझा नहीं जाएगा और शांति को अधिक लाभकारी विकल्प नहीं बनाया जाएगा, तब तक युद्ध का यह चक्र चलता रहेगा। मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह इस कठोर सत्य को स्वीकार करे और ऐसी व्यवस्था विकसित करे जिसमें लाभ का स्रोत विनाश नहीं, बल्कि सहयोग और विकास हो।

# ना ख़ामोशी, ना दस्तबरदारी सियासी वाबस्तगी की सुन्नी रिवायत

**अलताफ़ मीर**

**असलामस्ट सियासी तहरीकें उमूमन हाकिमीयत को इस्लामी निज़ाम-ए-हुकूमत से जुदा नहीं समझतीं, और किसी ग़ैर इस्लामी रियासती ढाँचे में शिरकत को या तो एक समझौता क़रार देती हैं या वक्ती और हिकमत-ए-अमली पर मबनी रियायत समझती हैं। उनकी सियासी मंज़िल इस्लामी रियासत का क़याम होती है।**



केराला के मुमताज़ सुन्नी आलम-ए-दीन, कांथापूरम ए.पी.अबूबकर मसलियार की वज़ीर-ए-आज़म नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात ने हिन्दुस्तानी मुसलमानों के अवामी हलक़ों में एक शदीद बहस छेड़ दी है। नाक़िदीन इस मुलाक़ात को ''हथियार डालने (सिपर अंदाज़ी) से ताबीर कर रहे हैं और उसे मौजूदा सयासी हालात की ख़ामोश तौसीक़ क़रार दे रहे हैं, खासतौर पर एक ऐसे वक्त में जब कई मुसलमान ये महसूस करते हैं कि उनके हुक़ूक़ दबाए जा रहे हैं। दूसरी जानिब, हामी उसे सियासी तदब्बुर और मुदब्बिराना बसीरत के तौर पर देखते हैं। ताहम, ये दोनों नज़रियात इस मुलाक़ात की असल अहमियत को समझने में नाकाम रहे हैं। ये मुलाक़ात दरअसल सुनी सियासी फ़िक्र की इस मरबूत और सदियों पुरानी रिवायत की अक्कासी करती है जिसे आम तौर पर ग़लत समझा जाता है, अक्सर उसे ग़लत रंग दिया जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में इसकी अहमियत बढ़ती जा रही है

कंथापूरम ए पी अबूबकर मसलियार केराला की सबसे ज़्यादा बाअसर सुनी तन्ज़ीमों में से एक, समस्था केराला जमीअत अलालमा-ए-के सरबराह हैं, जो अगले साल अपनी सद साला तक़रीबात मनाने जा रही है। उनका मुक़ाम-ओ-मर्तबा सिर्फ़ केराला तक महदूद नहीं है, बल्कि रिवायती सुनी इलमी हलक़ों में वो बैनुल-अक़वामी सतह पर एक मोतबर शख़्सियत तस्लीम किए जाते हैं।रिपोर्टस के मुताबिक़, वज़ीर-ए-आज़म मोदी के साथ उनकी मुलाक़ात की एक वजह तंज़ीम की सद साला कान्फ़्रैंस में शिरकत के लिए उन्हें दी जाने वाली दावत थी। केराला के मारूफ़ और पेचीदा सियासी मंज़र नामे में, कंथापूरम की तंज़ीम ने तवील अर्से से एक संजीदा ग़ैर जानिबदारी बरक़रार रखी है। उन्होंने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और कांग्रेस की क़यादत वाले इत्तिहाद से फ़ासिला बनाए रखा है, जबकि सी.पी.आई (एम.के. ज़ेर क़ियादत इत्तिहाद के साथ भी बाज़ाबता वाबस्तगी इख्तियार नहीं की। ये कोई तज़ुबज़ूब या ''दो तरफ़ा सियासत नहीं बल्कि एक संजीदा हिक्मत-ए-अमली है, जिसका मक़सद तमाम सियासी दरवाज़े खुले रखकर अपनी कम्यूनिटी के लिए ज्यादा से ज्यादा पालिसी फ़वाइद हासिल करना है।

कांथापूरम के तर्ज़-ए-अमल को समझने के लिए सबसे पहले ये समझना ज़रूरी है कि सुन्नी सियासी फ़िक्र और इस्लाम पसंद (असलामस्ट) नज़रिए में क्या फ़र्क़ है, एक ऐसा फ़र्क़ जिसे अवामी तबसरों में अक्सर नज़रअंदाज कर दिया जाता है। असलामस्ट सियासी तहरीकें उमूमन हाकिमीयत को इस्लामी निज़ाम-ए-हुकूमत से जुदा नहीं समझतीं, और किसी ग़ैर इस्लामी रियासती ढाँचे में शिरकत को या तो एक समझौता क़रार देती हैं या वक्ती और हिकमत-ए-अमली पर मबनी रियायत समझती हैं। उनकी सियासी मंज़िल इस्लामी रियासत का क़याम होती है, और सैकूलर इक़तिदार के साथ हर किस्म की शमूलियत को इसी मक़सद के तनाजुर में परखा जाता है। इसके बरअक्स, क्लासिकी सुन्नी इलमी रिवायत एक बुनियादी तौर पर मुख़्तलिफ़ नतीजे तक पहुँचती है। नौआबादियाती दौर के ख़ातमे के बाद मुस्लिम दुनिया में सुन्नी उलमा की बड़ी तादाद ने मौजूदा रियासती ढाँचों के साथ तामीरी तआमुल का रास्ता इख्तियार किया। उन्होंने इन्क़िलाबी सियासत के बजाय समाजी इस्तिहकाम, तदरीजी अख़लाक़ी इस्लाह, और मज़हबी आज़ादियों के तहफ़्फ़ुज़ को तरजीह दी।

वो किसी भी एक तर्ज़-ए-हुकूमत को मिंजानिब अल्लाह (ख़ुदाई तौर पर लाज़िमी क़रार नहीं देते, बल्कि उनके नज़दीक रियासत की साख़्त से ज्यादा उस का किरदार और तर्ज़-ए-अमल अहमियत रखता है। खासतौर पर ये कि आया वो रियासत इन्फ़िरादी हुक़ूक़ का तहफ़्फ़ुज़ करती है, अमन-ओ-अमान बरक़रार रखती है और अक़ीदे पर आज़ादाना अमल दरआमद की इजाज़त देती है या नहीं। सुन्नी उल्मा ने मुस्तक़िल तौर पर इस मौक़िफ़ को बरक़रार रखा है कि ज़ालिम हुकमरानों को अख़लाक़ी तरग़ीब, नज़रियाती मुख़ालिफ़त और इदारा जाती वकालत के ज़रिये चैलेंज किया जाना चाहिए, लेकिन ऐसे तशद्दुद या तख़रीबकारी के ज़रिये नहीं जिससे समाजी ढाँचे के बिखर जाने का ख़तरा हो। ''फ़ित्ना के अरबी तसव्वुर को, जिसका वसीअ मफ़हूम इख़तिलाफ़ या ख़ाना-जंगी है, एक ऐसी संगीन बुराई क़रार दिया गया है जिससे हर सूरत बचना ज़रूरी है, इल्ला ये कि हालात इतने शदीद हो जाएं कि कम्यूनिटी के पास कोई दूसरा रास्ता बाक़ी ना रहे।

इस तनाजुर में देखा जाये तो कंथापूरम मोदी से मुलाक़ात ना तो कोई ग़द्दारी है और ना ही कोई सियासी ताईद। ये एक तय-शुदा उसूल का अमली मुज़ाहरा है, यानी ये कि मुस्लिम कम्यूनिटीज़ के मुफ़ादात का तहफ़्फ़ुज़ उसूली दूरी इख़तियार करने के बजाय बरसर-ए-इक़तिदार क़ुव्वत के साथ बराह-ए-रस्त और मुस्तक़िल राबते के ज़रीये ही बेहतर तौर पर किया जा सकता है। कंथापूरम पर होने वाली तन्क़ीद, खासतौर पर उनके इस तबसरे पर कि ''भारत में मुसलमान महफ़ूज़ हैं'', दयानतदाराना ग़ौर-ओ-फ़िक्र की मुतक़ाज़ी है। भारत का आईनी ढांचा मज़हबी अक़लियतों को अहम तहफ़्फ़ुज़ात की ज़मानत देता है, और वो तहफ़्फ़ुज़ात मजमूई तौर पर अब भी नाफ़िज़ उल-अमल हैं। अदालतें मुक़द्दमात की समाअत कर रही हैं, सिविल सोसाइटी अपना काम जारी रखे हुए है, और इस्लाम पर अमल पैरा होने की आज़ादी (जो कि उमूमी अवामी क़ानून के ताबे है पर बाज़ाबता तौर पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई है। इसका मतलब ये हरगिज़ नहीं कि सूरत-ए-हाल बाइस-ए-तशवीश नहीं है। अक़लियती हुक़ूक़ की पामालीयाँ हुई हैं, और उन्हें उनके असल नाम से ही पुकारा जाना चाहिए यानी वो ''ख़िलाफ़-वर्जियां हैं, मामूल नहीं। भारती क़ानूनी निज़ाम तलाफ़ी और इन्साफ़ के हुसूल के लिए मुख़्तलिफ़ तरीक़े फ़राहम करता है, और उन तरीक़ों को भरपूर तरीक़े से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। ताहम, सुन्नी सियासी फ्रेमवर्क नाइंसाफ़ी के वजूद को पूरे निज़ाम के ख़ातमे के बराबर क़रार नहीं देता। ये सवाल उठाता है कि क्या ये निज़ाम, मजमूई तौर पर, अब भी कम्यूनिटी को ज़िंदगी गुज़ारने, इबादत करने और इंसाफ़-तलब करने के लिए काफ़ी गुंजाइश फ़राहम करता है? अगर जवाब अब भी हाँ है, तो इसका हल सियासी अलाहदगी नहीं बल्कि बाहमी राबिता है और ये राबिता कम नहीं बल्कि मज़ीद बढ़ना चाहिए।

# पलक आई केयर बना जरूरतमंदों की उम्मीद, कई मरीजों का होता निःशुल्क इलाज

- चश्मा, आई ड्रॉप और दवाइयों का पूरा खर्च उठाकर दे रहा बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवा
- साल में 30 प्रतिशत मरीजों का होता निःशुल्क इलाज

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** जनपद के थरियांव में स्थित पलक आई केयर क्लीनिक समाज सेवा की मिसाल बनकर उभर रहा है। जहां एक ओर निजी अस्पतालों में इलाज महंगा होता जा रहा है, वहीं यह आई क्लीनिक गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत का केंद्र बना हुआ है। अस्पताल द्वारा हर वर्ष लगभग 30 प्रतिशत मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है, जिससे सैकड़ों लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

पलक आई केयर की विशेषता यह है कि यहां केवल आंखों की जांच और इलाज ही नहीं किया जाता, बल्कि मरीजों को चश्मा, आई ड्रॉप और अन्य जरूरी दवाइयां भी पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति केवल आर्थिक तंगी के कारण आंखों के इलाज से वंचित न रहे। ये आई क्लिनिक चंद्रानी कैलाश स्वास्थ्य सेवा संस्थान के बैनर तले संचालित है जिससे ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां इलाज कराने पहुंचते हैं। खासकर गरीब, बुजुर्ग और श्रमिक वर्ग के लोगों के लिए यह अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं है। कई मरीजों ने बताया कि यहां उन्हें न सिर्फ बेहतर इलाज मिला, बल्कि सम्मानजनक व्यवहार और सही मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। अस्पताल के प्रबंधक एवं संचालक डॉक्टर डी एस यादव का कहना है कि उनकी प्राथमिकता मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। समय-समय पर यहां नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किए जाते हैं, ताकि दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया है। उनका कहना है कि इस तरह के प्रयासों से न सिर्फ लोगों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।

# आर्य समाज उत्सव में गूंजे भजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बिंदकी/फतेहपुर।** आर्य समाज के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को भक्ति और उपदेश का वातावरण बना रहा। बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे के समीप दयानंद इंटर कॉलेज के सामने स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन किया गया, जिसके बाद भजन उपदेश का कार्यक्रम आरंभ हुआ। पंजाब से आए भजन उपदेशक जगत वर्मा ने अपने भजनों के माध्यम से जीवन का गूढ़ संदेश देते हुए कहा कि 'इस दुनिया में जो आया है, उसका जाना निश्चित है। जब तक जीवन है, परोपकार कर पुण्य कमाएं और जीवन को सफल बनाएं।' उनके भजनों और विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सुल्तानपुर से आए आचार्य शुचिसद मुनी, हमीरपुर से पंडित सेवक राम आर्य तथा फतेहपुर के आचार्य भूदेव शास्त्री ने भी भजन-उपदेश के माध्यम से सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार, मंत्री इंद्रधरलाल सहित वेद प्रकाश गुप्ता, अरविंद गुप्ता (पप्पू), यदुनंदन आर्य, डॉ. महेश आर्य, प्रिया दत्त पांडेय, जय ओमर, जयदेव सिंह, गप्पू गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम भजन एवं उपदेश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

# दिल्ली में ईद-नवरात्रि मिलन, एकता का संदेश

- शारिक अदीब अंसारी ने संगठन मजबूती का किया आह्वान
- महाज़ के कार्यक्रम में जुटे बुद्धिजीवी और समाजसेवी

**अवधनामा संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 3 अप्रैल 2026 को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़, दिल्ली कार्यालय में ईद एवं नवरात्रि मिलन समारोह का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी ने की, जिन्होंने अपने संबोधन में पसमांदा समाज के हक़, प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के मुद्दों को मजबूती से उठाया और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूनुस अंसारी एवं राष्ट्रीय प्रभारी अहमद अंसारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पसमांदा मुद्दों, उलेमा बोर्ड की भूमिका और संगठन के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने भाग लिया और आपसी सद्भाव तथा एकता का संदेश दिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने देश में शांति, भाईचारे और प्रगति के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नफीस मंसूरी, प्रदेश अध्यक्ष (दक्षिण दिल्ली) आसिफ सिद्दीकी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शारिद जमाल अंसारी, प्रदेश कार्यकारी महासचिव डॉ. रैहान असरारी, प्रदेश महासचिव एडवोकेट जावेद अख्तर, प्रदेश सलाहकार सामिन अंसारी, हाजी मोहम्मद ज़फर अंसारी 'नेताजी ', अब्दुल्ला मंसूर, समाजसेवी गिल जी, युवा समाजसेवी सौरभ क्रांतिकारी, सौरभ त्रिपाठी, शशिकांत कुमार एवं अकील अहमद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दिनेश सोनकर का भव्य सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** खंडवारी देवी इंटर कॉलेज चहनियाँ में शनिवार को अखिल भारतीय खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर दिनेश सोनकर के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य,प्रबन्ध निदेशक आदि लोगों ने उन्हें माल्यार्पण, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह की शुरुआत माँ खंडवारी शिक्षण संस्थान समूह के प्रबन्ध निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र प्रदान कर की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पद एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जो संगठन को मजबूती, सामाजिक समरसता और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिनेश सोनकर अपने दूरदर्शी नेतृत्व, जनसेवा के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ समाज को एकजुट करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दिनेश सोनकर का यह मनोनयन उनके त्याग, समाज सेवा और समर्पण का परिणाम है। उन्हें प्रदेश के लगभग 8.5 करोड़ खटीक समाज के लोगों के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो समाज के लिए गौरव की बात है। आशा व्यक्त की कि दिनेश सोनकर के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य करेगा। कार्यक्रम में सुनील सिंह,मुरलीधर तिवारी, विजय सिंह, उपेन्द्र दूबे, प्रेम नारायण तिवारी, अम्बरीश उपाध्याय, दिलीप सिंह, प्रमोद कुमार, नंदलाल राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 244 शिकायतें प्राप्त, 23 का मौके पर निस्तारण

- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु तहसील खागा सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता् में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्राप्त किए गए, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के 03 आवेदन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 04 ट्राइसाइकिल आवेदन, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 06 आवेदन, किसान सम्मान निधि हेतु 11 फॉर्मर रजिस्ट्री, होम्योपैथिक विभाग द्वारा 30 लोगों को दवा वितरण, जिला पूर्ति विभाग द्वारा 32 यूनिट वृद्धि एवं नए राशन कार्ड के आवेदन, सीएम युवा योजना के 05 आवेदन, बैंक द्वारा 20 लोगों को ऋण संबंधी जानकारी तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग द्वारा 69 लोगों को सेवाएं प्रदान की गई। महिला कल्याण विभाग द्वारा 20 आवेदनों के माध्यम से निराश्रित महिला पेंशन एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी गई। समाधान दिवस में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, चकबंदी, विद्युत, आवास, कृषि, सिंचाई, जल निगम (ग्रामीण), बाल विकास, महिला कल्याण, पीडब्ल्यूडी, आरईएस सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 244 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 23 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पात्र व्यक्तियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एलडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद जालौन की नई कार्यकारिणी का गठन

**अवधनामा संवाददाता**



**जालौन(उरई)।** प्रांतीय अध्यक्ष लखन लाल चंदैया के निर्देशानुसार भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन बजाज एजेंसीज पर सम्पन्न हुआ। प्रमुख गल्ला व्यवसाई अनन्त गुप्ता को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। अनन्त गुप्ता के नाम का प्रस्ताव निवर्तमान अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव ने किया। समर्थन अरविंद श्रीवास्तव ने किया। सचिव हेतु अनुरुद्ध विश्नोई नीटू के नाम का प्रस्ताव सन्तोष पोरवाल ने व समर्थन महेश बिलैया ने किया। कोषाध्यक्ष पद हेतु राजकुमार सोनी के नाम का प्रस्ताव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज ने एवं समर्थन सुनील गुप्ता जी ने किया। महिला संयोजिका ऊषा गुप्ता जी को चुना गया। ऊषा गुप्ता जी के नाम का प्रस्ताव अश्विनी द्विवेदी ने एवं समर्थन सचिन पुरवार ने किया। सर्वश्री मंगल सिंह चौहान एवं मनोज बाथम को सर्वसम्मति से संयुक्त सचिव जबकि एन एस टी स्कूल के संचालक जसवंत सिंह तोमर को सह कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन संस्थापक अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल ने किया। निर्वाचन उपरांत सभी नवनिर्वाचित दायित्वधारियों ने भारत विकास परिषद की रीत नीति के अनुसार कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष श्री अनन्त गुप्ता ने कहा कि संकल्प, सहयोग, सेवा, संस्कार, समर्पण द्वारा स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत के संकल्प को चरितार्थ करने हेतु सभी के साथ समन्वय से कार्य करेंगे।

# इमाम जाफर ए सादिक की यौमे शहादत मनायी गयी शबीहे ताबूत बरामद

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** इमाम जाफर ए सादिक की यौमे शहादत पर ग़मजदा माहौल में शबीहे ताबूत बरामद किया गया। शहर के मौहल्ला नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह बाबूलहवाईज में शुक्रवार की रात में मजलिस आयोजित की गयी। रहबर हुसैन द्वारा मर्सिया पेश करके मजलिस की शुरुआत की गयी। मजलिस को मौलाना मीसम अब्बास ने खिताब किया मौलाना ने कहा कि इंसान की पहचान उसके लिबास से नहीं बल्कि किरदार से करनी चाहिए। क्योंकि इंसान अपने किरदार से पहचाना जाता है लिबास से नहीं मौलाना ने कहा कि अपने किरदार को ऐसा बनाये जिससे अल्लाह अपनी रहमतों नाजिल करे। मौलाना ने कहा कि इमाम इमाम जाफर ए सादिक ने अपने जीवन काल में जो संदेश दिए हैं उनका पालन करने से ही हमारी गिनती उन के मानने वाले लोगों में होगी। क्योंकि अहलेबैत ने जीवन को बेहतर बनाने के लिए जो गाइडलाइन अपने चहाने वाले लोगों को अपने संदेशो द्वारा दी है उस पर अमल करे। जिससे जीवन में सफलता हासिल करने में कोई बांधा न आया मजलिस के आखिर में मौलाना ने छठे इमाम जाफर ए सादिक की यौमे शहादत पर गंम का इजहार करते हुए शहादत बयान की जिसको सुनकर मजलिस में मौजूद लोगों की आंखों से अशक जारी होने लगे । बाद मजलिस के शबीहे ताबूत बरामद किया गया जिसकी अकीदत मन्दो ने जियारत की इस दौरान मातम करके नोहा ख्वानी की गयी देर रात तक मातमी माहौल जारी रहा। इस दौरान मासूद मियां नैय्यर अब्बास पैकर संभली नईम हुसैन शाने अब्बास अली अब्बास हसन जहीर सुहैल अब्बास शब्बू साजिद गुफरान हुसैन आदि शामिल रहे।

## शॉर्ट सर्किट से जल निगम स्टोर में भीषण आग

**बिंदकी/फतेहपुर।** कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत जनता गांव मोड़ के समीप शनिवार सुबह लगभग 10 बजे हाईटेंशन लाइन के ट्रांसफार्मर में हुए शॉर्ट सर्किट से जल निगम के स्टोर में भीषण आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई।

जानकारी के अनुसार, पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड के अंतर्गत राजधानी प्राइवेट लिमिटेड के स्टोर में रखे प्लास्टिक के मोटे पाइप आग की चपेट में आ गए। प्लास्टिक के पाइप जलकर आग का गोला बन गए और काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा। खुशकिस्मती रही कि पास में ही फायर स्टेशन होने के कारण दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक जल निगम के लाखों रुपये मूल्य के पाइप जलकर खाक हो चुके थे। आग की इस घटना में जनता गांव निवासी विकास अवस्थी की लगभग एक बीघा गेहूं की फसल भी जल गई।

# गंगा भारत की आत्मा इसे स्वच्छ रखना हमारा धार्मिक, नैतिक और सामाजिक दायित्व

**अवधनामा संवाददाता**

- जिला गंगा समिति चंदौली द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम



**चन्दौली।** जिलाधिकारी चंदौली चंद्र मोहन गर्ग के दिशानिर्देश पर एवं प्रभागीय वनाधिकारी बी.शिव शंकर के संयोजन में जिला गंगा समिति चंदौली द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम वृहदरूप से स्कूलों,कॉलेज में चल रहे हैं के अन्तर्गत जिला परियोजना अधिकारी चंदौली नमामि गंगे दर्शन निषाद द्वारा जयपुरिया स्कूल डांडी ब्लॉक नियामताबाद में गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण शपथ तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर ओ.पी सिंह (प्रदेश प्रवक्ता नीमा, सह सयोंजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा) द्वारा छात्र एवं छात्राओं को पर्यावरणीय ज्ञानवर्धन बातों को बताया गया । डॉक्टर ओ.पी.सिंह अपने उद्बोधन में कहा गंगा भारत की आत्मा है। इसे स्वच्छ रखना हमारा धार्मिक, नैतिक और सामाजिक दायित्व है। गंगा सफाई अभियान न केवल एक पर्यावरणीय प्रयास है, बल्कि यह हमारे भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल और पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गंगा नदी का पानी मुख्य रूप से उसमें मौजूद बैक्टीरियोफेज नामक वायरसों के कारण खराब नहीं होता है, जो पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को खा जाते हैं। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, गंगाजल में सामान्य पानी की तुलना में ऑक्सीजन का उच्च स्तर और गंधक की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जो इसे सड़ने से बचाती है। कि गंगा का पानी पवित्र,निर्मल सदियों से है आज भी है हमे और आपको जागरूक होना होगा कि गंगा में निर्माल्य नहीं फेंकने चाहिए इससे जल प्रदुषित होते हैं। गंगा जीवनदायिनी, पतित-पावनी है, इसलिए देश के सभी नदियों को संरक्षित करना जन भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए क्योंकि यह सबकी जिम्मेदारी है तभी यह जल संरक्षण, गंगा प्रदूषण रोकथाम, जलीय जीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण सुदृढ़ हो पाएगा, हमलोगों को तभी स्वच्छ जल, स्वच्छ वातावरण मिल पाएगा।

जिला परियोजना अधिकारी द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता राष्ट्रीय नदी गंगा, राष्ट्रीय जलीय जीव डाल्फिन के विषय पर किया गया सही उत्तर बताने वाले छात्र एवं छात्राओं (अन्वी सिंह, अर्नव, आराध्या, )को प्रमाणपत्र और टी शर्ट, एवं पुरस्कार मुख्य अतिथि श्री ओ.पी सिंह के हाथों दिया गय।

बच्चे काफी उत्साहित और प्रफुल्लित हुए, प्रधानाचार्य श्री....विनोद कुमार दास.जी एवम तरण दीप सिंह बग्गा द्वारा मुख्य अतिथि एवं आयोजक जिला गंगा समिति, वन विभाग दरोगा राजाराम का मोमेंटो अंगवस्त्र भेंटकरके सम्मानित किया गायत्री मंत्र और राष्ट्रीय गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# फाइव जी के नाम पर वसूली, नेटवर्क नदारद, किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** चहनियां क्षेत्र में दूरसंचार सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर अब उपभोक्ताओं का आक्रोश सड़क पर उतर आया है। फाइव जी सेवा के नाम पर महंगे रिचार्ज के बावजूद खराब नेटवर्क से परेशान उपभोक्ताओं ने रामगढ़ स्थित जिओ टावर के पास प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। बताया जाता है कि सरकारी कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के कमजोर नेटवर्क के चलते पहले ही लोग निजी कंपनियों पर निर्भर हो गए थे, लेकिन अब निजी कंपनियां भी अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही हैं। खासकर रिलायंस जिओ के नेटवर्क को लेकर क्षेत्र में भारी असंतोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि फाइवजी सेवा के नाम पर उनसे भारी-भरकम शुल्क वसूला जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि नेटवर्क की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। कॉल ड्रॉप, इंटरनेट की धीमी गति और बार-बार नेटवर्क गायब होना आम समस्या बन गई है। रामगढ़, रईया, मारूफपुर, मजीदहा, चहनियाँ, मोहरगंज, बैराठ, सड़ान, नैढ़ी और निधौरा समेत कई गांवों के हजारों उपभोक्ता इस समस्या से जूझ रहे हैं। प्रदर्शनकारियो ने कोर्ट में जाने की चेतावनी दिया । लोगों का कहना है कि जरूरी कार्यों के समय नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है, जिससे ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल भुगतान और अन्य आवश्यक सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।धरना-प्रदर्शन में शामिल सुभाष सिंह, अरुण यादव, जय प्रकाश गुप्ता, ऋषिकेश यादव, राजेश सिंह, वकील सहित अन्य उपभोक्ताओं ने कहा कि लगातार हो रहे रिचार्ज के पैसे की वापसी के लिए उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाएंगे।

# मेधावी छात्र छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** एम.एन.आई. हायर सेकेंडरी स्कूल, हातिम सराय में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई और विद्यार्थियों के चेहरे सफलता की चमक से खिल उठे। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा नर्सरी में इब्राहिम ने 98.92% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जोहान ने 98.64% के साथ द्वितीय तथा सैयद मोहम्मद मुस्तफा ने 97.71% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एल.के.जी. में हसन प्रथम, ईशान द्वितीय तथा महद तृतीय स्थान पर रहे। यू.के.जी. में सिदरा नूर प्रथम, सोमैया द्वितीय और सुनैना तृतीय स्थान पर रहीं।

कक्षा प्रथम में अबूबकर प्रथम, आहद द्वितीय, जबकि रिजा परवीन और साहिल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा द्वितीय में हादिया ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, मनीष द्वितीय तथा यश कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा तृतीय में सुन्दस प्रथम, अस्बा द्वितीय और उमर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चतुर्थ में अब्दुल रऊफ प्रथम, डेविड सागर द्वितीय तथा फलक इरशाद तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा पंचम में आयत फातिमा प्रथम, शोभित कुमार द्वितीय और शगुफी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 6 में ऋषभ प्रथम, स्नेहा द्वितीय और तमन्ना तृतीय स्थान पर रहीं।

कक्षा सप्तम में मोहित प्रथम, राशि द्वितीय और मोज्जम तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा अष्टम में यश प्रथम, अनुकल्प द्वितीय तथा समरीन तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सैयद गुलजार अहमद हाशमी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सैयद अनवर अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें, तभी वे जीवन में बड़ी सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं।

प्रबंधक ने यह भी बताया कि कक्षा 8वीं के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने संभल शहर के नामचीन इंग्लिश मीडियम विद्यालयों में कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षाओं को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर प्रवेश प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की फीस अत्यंत कम है और इसे समाज सेवा के रूप में संचालित किया जा रहा है, जबकि जिन प्रतिष्ठित विद्यालयों में इन विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है, वहां की फीस वर्तमान शुल्क से कई गुना अधिक है। इसके बावजूद विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय प्रबंधन ने समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर परिश्रम, समर्पण और लगन के कारण विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता स्टाफ की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है, जिसके लिए पूरा विद्यालय परिवार उनका हृदय से आभारी है।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# योगी आदित्यनाथ ने 'स्कूल चलो अभियान' का किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ करते हुए शत-प्रतिशत नामांकन एवं ट्रांजिशन सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया तथा निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जनपद जालौन में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किए गए थर्ड पार्टी असेसमेंट में निपुण घोषित जनपद के 269 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान हेतु सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने निष्ठा व समर्पण के साथ पठन-पाठन कर विद्यालयों को निपुण बनाने वाले शिक्षकों की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किए। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का अभियान है, जिसमें प्रत्येक जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं अभिभावक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लिनिक को किया सील

■ डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को शहर के न्यू कॉलोनी स्थित अवैध रुप से संचालित एक निजी अस्पताल पर छापा मारा। उन्होंने अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों को सील करके मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई किया।

डिप्टी सीएमओ अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने न्यू कॉलोनी स्थित आविका क्लिनिक का नाम बदलकर तृषिका क्लिनिक के से संचालित हो रहे अस्पताल पर छापा मारा। टीम ने ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर व जनरल वार्ड का निरीक्षण किया। मोके पर अस्पताल के मौजूद कर्मचारी सरिता यादव व खुशबू चौहान ने टीम को बताया कि दो दिन पूर्व ही अस्पताल का नाम अविका से तृषिका क्लिनिक किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि क्लिनिक के पैड पर फीजिशियन डॉ दयाशंकर राय का नाम लिखा था। उपस्थिति कर्मचारियों द्वारा टीम को क्लिनिक का कोई भी अभिलेख न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर यह छापेमारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई चल रही है। अवैध हास्पिटल बंद कराने तक यह अभियान जारी रहेगा। छापेमारी के दौरान टीम में अरुण शाही, सूरज आदि मौजूद रहे।

## सहकारिता निदेशक ने जालौन में किया राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ

**जालौन (उरई)।** जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि जालौन द्वारा गल्ला मंडी परिसर जालौन में राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने विधिवत पूजा-अर्चन कर फीता काट कर शुभारंभ किया। जिससे किसानों को अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क) पर बेचने में सुविधा प्राप्त होगी। उद्घाटन अवसर पर केंद्र प्रभारी अनूप कुमार गुर्जर ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सूर्य नायक जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत क्रय विक्रय सहकारी समिति जालौन के अध्यक्ष राजा सिंह सेंगर ने प्रथम किसान सुरेन्द्र राठौर को माला पहनाकर कर एवं मिष्ठान खिलाकर गेहूं खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ कराया।

# 'मौत का बेसमेंट': लापरवाही की कीमत दो मजदूरों की जान से चुकानी पड़ी

■ बहुमंजिला भवन के बेसमेंट की दीवार भरभराकर गिरी, कई घायल

■ प्रशासन की नाक के नीचे चल रही थी गहरी खुदाई, अनुमति और मानकों पर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जनपद मुख्यालय पर एक भीषण निर्माण हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। नगर पालिका और तहसील के पास बन रहे एक नवनिर्मित बहुमंजिला भवन के बेसमेंट की दीवार अचानक ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निर्माण स्थल पर जेसीबी मशीन के जरिए कई फीट गहरी खुदाई की जा रही थी। खास बात यह है कि यह खुदाई तीन तरफ से पहले से बने मकानों के बीच की जा रही थी, जिससे आसपास की संरचनाओं पर भी खतरा मंडरा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान किसी प्रकार के सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मलबे में दबे मजदूरों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों और बचाव टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों को उपचार के लिए भेजा गया।

घटना के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतनी गहरी खुदाई की अनुमति किसने दी? क्या इस भवन का नक्शा विधिवत स्वीकृत था? यदि हां, तो किस विभाग ने इसे मंजूरी दी और क्या निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की कोई निगरानी की गई?

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि यह पूरा निर्माण कार्य प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा था, बावजूद इसके किसी भी अधिकारी ने स्थल का निरीक्षण करना जरूरी नहीं समझा। हादसे के बाद भी जिम्मेदारों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।

इधर, आसपास के घरों में दरारें आने की आशंका से लोग भयभीत हैं। कई परिवार अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और प्रशासन से तत्काल जांच व ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

इस घटना ने नगर पालिका और तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच और निगरानी की जाती, तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था।

फिलहाल, सवाल यह है कि दो मजदूरों की मौत का जिम्मेदार कौन है? क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी कागजों में दबकर रह जाएगा?

## किसानों की हर क्षति का होगा सर्वे

**उरई (जालौन)।** जनपद में हुई बेमौसम ओलावृष्टि को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से राजस्व एवं विकास विभाग की संयुक्त टीमों को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि वे माधौगढ़, कुठौंद, रमपुरा एवं कोंच क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर फसल क्षति का विस्तृत सर्वे सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की किसी भी प्रकार की क्षति का सही एवं पारदर्शी आकलन किया जाए, ताकि शासन स्तर पर राहत दिलाने की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जाए और किसी भी प्रभावित किसान को नजरअंदाज न किया जाए।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करे तथा रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से प्रस्तुत करे, जिससे राहत वितरण की प्रक्रिया में विलंब न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्या प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भाटपाररानी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को भाटपाररानी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निस्तारण मौके पर संभव नहीं हो सका है, उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के भी निर्देश दिए।समाधान दिवस के दौरान कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 12 राजस्व विभाग, 13 पुलिस विभाग, 4 विकास विभाग तथा 20 अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। इनमें से 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई, जबकि शेष प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

इस दौरान 3 पात्र लाभार्थियों को अंत्योदय राशन कार्ड वितरित कर त्वरित राहत प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तरीय कर्मचारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें : डीएम

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील सदर कन्नौज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 16 प्रकरणों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। शेष 137 प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 08 व्यक्तियों के नाम खतौनी में संशोधित कराकर उनको तत्काल खतौनी उपलब्ध की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण सहित किसी भी जनसमस्या के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# आयतुल्लाह ख़ामनाई की शहादत पर उतरौला में हुआ शोक सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**उतरौला (बलरामपुर)** बीती रात्रि ईमामबारगाह हाजी तुल्लन हुसैन साहब में उतरौला वासियों की ओर से ईरान के सर्वोच्च नेता और दुनिया भर में शिया समुदाय के प्रमुख धर्मगुरु आयतुल्लाह अली ख़ामनाई की शहादत के सिलसिले में एक भव्य शोक सभा का आयोजन किया गया शोक सभा के आरम्भ में मौलाना फ़िदा हुसैन साहब,मौलाना मुहम्मद अली साहब और मौलाना ज़ायर अब्बास साहब ने अपने-अपने बयानों से रहबरे इंक़लाब आयतुल्लाह अली ख़ामेनाई और बाक़ी शहीदों को श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम का संचालन विश्व विख्यात शायर शुजा उतरौलवी ने किया।

मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने शोक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आयतुल्लाह ख़ामेनाई की शहादत ने सारी दुनिया को यही पैग़ाम दिया कि ईमाम हुसैन के मानने वाले सत्य के मार्ग पर चलने वाले ज़ालिम से कभी नहीं डरते हैं और उन्हें मुँह तोड़ जवाब देते हैं।

राजधानी लखनऊ से आये हुए प्रसिद्ध इस्लामिक स्कालर मौलाना हैदर अब्बास साहब ने ने कहा कि आयतुल्लाह ख़ामनाई की शहादत ने सारे संसार में एक इंक़लाब ला दिया और अमरीका इजराइल के साथ-साथ अरब मुल्कों के चेहरों से भी नक़ाब हटा दिया है जो ख़ुद को लोगों का रहनुमा बनाये फिरते थे देखिएगा एक दिन इंशाअल्लाह जीत ईमाम हुसैन के बताये हुए मार्ग पर चलने वालों की ही होगी।

कार्यकर्म को सम्बोधित करते हुए मौलाना जमाल हैदर साहब हल्लौरी ने कहा कि जो लोग अपनी ज़िन्दगी सत्य के मार्ग पर चलकर गुज़ारते हैं वो मौत के बाद भी लोगों के दिलों में ज़िंदा रहते हैं जो जितनी बड़ी क़ुरबानी देता है उसको संसार में उतनी ही ज़्यादा इज़्ज़त मिलती है आयतुल्लाह ख़ामनाई की शहादत इस बात का जीता जागता सबूत है। अंत में ईरान के क़ुम में बच्चों को शिक्षा देने वाले मौलाना अली अब्बास ख़ान साहब ने मजलिस को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमरीका इज़राइल द्वारा आयतुल्लाह ख़ामनाई उनके पूरे परिवार और एक सौ अस्सी बच्चियों की शहादत के बाद सारी दुनिया दो हिस्सों में बंट गई है एक और बातिल ताक़तें हैं और दूसरी और हक़ परस्त लोग हैं उन्होंने कहा कि जिस तरह तरह कर्बला में ईमाम हुसैन की शहादत के बाद दीने इस्लाम को नई ज़िन्दगी मिली है उसी तरह आयतुल्लाह ख़ामनाई की शहादत के बाद दुनिया में एक नया इंकेलाब आयेगा बातिल एक बार फिर ज़लील होगा और कर्बला वालों की ही जीत होगी। इस अवसर पर उतरौला नगर अमया देवरिया रेहरा माफ़ी रैगावां और आस पास के क्षेत्रो के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। अंत में सबने मिलकर अपने देश की तरक़्क़ी कामयाबी और अमन के लिए दुआएं कीं।

# पं. रामसेवक मिश्र ने देशसेवा में अपना जीवन व्यतीत किया : विजय मिश्र

अवधनामा संवाददाता



■ पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं समाजसेवियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में विद्यालय के संस्थापक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामसेवक मिश्र की 22 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि पर विद्यालय में उनकी प्रतिमा पर प्रबन्धक विजय मिश्र एवं सभी प्रबुद्धजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि चाचा स्वर्गीय रामसेवक मिश्र ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, कई वर्षों तक अंग्रेजो द्वारा उन्हें जेल की यातनाएं दी गई। पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा कि वह अदभुत प्रतिभा के धनी थे उनसे जो भी व्यक्ति एक बार मिलता था उनका मुरीद हो जाता था। पूर्व नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि चाचा जी ने क्षेत्र की जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना की, उनके अंदर किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं था। सहकारिता के क्षेत्र में उनका नाम प्रदेश में नहीं अपितु पूरे देश में आज भी जाना जाता है। विद्यालय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र ने कहा कि उन्होंने सदैव सत्य और अनुशासन का पाठ पढ़ाया वह सहकारिता के साथ साथ रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य, भारत भक्त समाज भारत सेवक समाज जिला परिषद फर्रुखाबाद के उपाध्यक्ष, नेफेड दिल्ली के डायरेक्टर बहुत सारे पदों पर रहकर सेवा की। साथ ही कई बार भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर विदेश यात्रा की उनका व्यक्तित्व बहुत बड़ा था। आज भी प्रदेश देश में उनके प्रशंसक उन्हें याद करते हैं। इस अवसर पर रामनरेश दुबे, संदीप त्रिवेदी, अमित शुक्ला, महेश चन्द्र त्रिपाठी, राजीव द्विवेदी, प्रबल प्रताप सिंह, रामप्रकाश, सतीश चन्द्र, एसएन मिश्रा, अतुल मिश्रा, शिवकुमार वर्मा, सीमा मिश्रा, आरिफ, ध्रुव कुमार, कृष्ण चन्द्र आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 64 मरीजों को मिला परामर्श व निशुल्क दवाएं

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के चौराहा स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मरीजों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। जहां करीब 64 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श व निशुल्क दवाएं वितरित की गई। चिकित्सालय में सुबह से ही मरीजों का आना-जाना लगा रहा और प्रभारी चिकित्साधिकारी दीपिका दीवान ने सभी मरीजों का ध्यानपूर्वक परीक्षण किया। शनिवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी दीपिका दीवान ने मरीजों की समस्या के अनुसार उन्हें आयुर्वेदिक उपचार अपनाने की सलाह दी और खान-पान व दिनचर्या में सुधार के सुझाव भी दिए। इस दौरान खांसी, बुखार, जोड़ों के दर्द, त्वचा रोग सहित अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे। प्रभारी चिकित्साधिकारी दीपिका दीवान ने बताया कि आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करने पर बीमारियों का जड़ से उपचार संभव है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता।

# धार्मिक आयोजन आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हैं : भूरा यादव

■ आदिशक्ति महामाई के द्वितीय दिवस के मेले का समाजसेवी ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम ऊंचा में आयोजित आदिशक्ति महामाई के मेले के द्वितीय दिवस का शुभारंभ समाजसेवी भूरा यादव द्वारा फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया। उद्घाटन के अवसर पर समाजसेवी ने मां महामाई के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।बीतीशाम आदिशक्ति महामाई के मेले के द्वितीय दिवस का उद्घाटन के उपरान्त समाजसेवी भूरा यादव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मोनू यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की। वहीं आयोजित मेले के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज से आए भक्तों ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में लगे विभिन्न स्टॉल, झूले एवं खान-पान की दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर रामनिवास मिश्रा, संतोष दुबे, गुड्डू खान, राजीव मिश्रा, महेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, बबलू तिवारी, विपिन यादव, अमर तिवारी, गुलफाम खान, रानू, संकेत कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, सुनील सविता, रामू सैनी, रामपाल पाल, दुर्गेश कुशवाहा, ताबिश खान सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**उरई(जालौन)।** सद्भाव मण्डपम गेस्ट हाउस में बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के साथ नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। समारोह के मुख्य अतिथि तहसीलदार वीरेंद्र गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश मिश्रा ने की कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुआ जिसके बाद शपथ ग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू की गई। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस दौरान अध्यक्ष पद पर जितेंद्र गुर्जर महामंत्री अभिनीत कोषाध्यक्ष सुधीर दुबे संयुक्त सचिव अवनीश बुटालिया राघवेंद्र निरंजन और जितेंद्र परिहार ने शपथ ग्रहण की वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में सज्जीत जाटव ने पदभार संभाला।

# करोड़ों की लागत से मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास

○ 700 करोड़ से अधिक की लागत से मैनपुरी बाईपास निर्माण शुरू

○ बाईपास से शहर का ट्रैफिक दबाव होगा कम, सुनियोजित विकास को बढ़ावा

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह ने रू. 222.38 लाख की लागत से आर्य समाज मंदिर, रू. 125.94 लाख की लागत से श्री सत्तेश्वर महादेव मंदिर, रू. 124.16 लाख की लागत से वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहा कि लंबे समय से जनपद में अनियोजित विकास की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण बस्तियों का विस्तार अव्यवस्थित ढंग से हो रहा था, इस समस्या के समाधान के लिए दूर-दृष्टि के साथ मैनपुरी बाईपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री जी से चर्चा की गई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग रू. 700 करोड़ से अधिक की लागत से बाईपास निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, यह बाईपास जरामई से लेकर भोगांव रेलवे क्रॉसिंग तक विकसित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि किसी भी शहर के विकास में बाईपास की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, बाईपास बनने के बाद शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और बाहरी क्षेत्र में सुनियोजित बसावट का मार्ग प्रशस्त होगा, इसी को ध्यान में रखते हुए बाईपास क्षेत्र के आस-पास आवासीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवास विकास परिषद की नई योजना को भी स्वीकृति दिलाई गई है, लगभग रू. 400-450 करोड़ की लागत से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है और शीघ्र ही इस योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर भेजा जा चुका है, यह प्रस्ताव बाईपास एवं नई आवासीय कॉलोनियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, संभावना है कि आगामी पंचायत चुनाव से पूर्व ही नगर पालिका का सीमा विस्तार हो जाएगा, जिससे जनपद को एक बड़े नगर के रूप में विकसित होने का अवसर मिलेगा। उन्होने कहा कि जब बाईपास, आवास विकास कॉलोनी एवं सीमा विस्तार जैसी परियोजनाएं पूर्ण होंगी, तब मैनपुरी एक सामान्य नगर से विकसित होकर एक वृहद नगर या महानगर के रूप में स्थापित होगा, आने वाली पीढ़ियां इस विकास को याद रखेंगी और इसे ऐतिहासिक परिवर्तन के रूप में देखेंगी। उन्होने कहा कि जनपद के सांस्कृतिक, शैक्षिक विकास से जुड़े आर्य समाज का प्रमुख महाविद्यालय, जो वर्ष 1953 से संचालित है, अब पुनः अपनी पुरानी प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहा है, हाल ही में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में यहां के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया, उन्हें मुख्यमंत्री जी के हाथों सम्मानित किया गया है। उन्होने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें देश-विदेश के विद्वानों ने भाग लिया। उन्होने कहा कि जनपद में सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने एवं उन्हें आधुनिक स्वरूप देने के लिए एक भव्य 'संस्कृति संकुल' का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, इस डिजिटल म्यूजियम में ए.आर.-वी.आर. तकनीक के माध्यम से मैनपुरी के इतिहास, परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

# करोड़ो की धोखाधड़ी में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** देश के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ो म्यूल(फर्जी) खाता खुलवाकर टेलीग्राम पर संचालित कम्पनी क्राउन पे को बेचकर म्यूल खाता में साइबर फ्रॉड के करोड़ो रूपयो का धोखाधड़ी करने वाले तीन अन्तर्राजीय साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड व मोबाईल फोन बरामद कर लिया।

बताते चलें कि अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम पर आवेदक मनीष कुशवाहा द्वारा पंजीकृत कराये गये मुकदमा सं-11/2026 धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बीएनएस व 66 सी , 66 डी आईटी एक्ट में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार करने हेतु टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्विलांस के माध्यम से तथा विवेचनात्मक कार्यवाही व गहनता से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए लंका मैदान के सामने फुल्लनपुर तिराहा गाजीपुर से तीन अभियुक्तों को दिनांक 03 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में ऋषिराज पुत्र अच्छेलाल निवासी - जंगीपुर पोस्ट- सराय गोकुल थाना शादियाबाद गाज़ीपुर, रोहन कुमार पुत्र ब्रह्मदेव खरवार निवासी- बरूइन जमानिया थाना जमानिया जनपद गाजीपुर तथा सचिन सिंह पुत्र रामप्रवेश सिंह निवासी खैरपुर थाना करमा सोनभद्र, रहे। इनके कब्जे से 19 सिम कार्ड, 12 एटीएम कार्ड, पांच विभिन्न बैंको का पासबुक, एक चेक बुक, पांच मोबाइल फोन व अन्य सम्बंधित कागजात पायें गये।अपराध करने के तरीके के सम्बन्ध में बताया गया कि विभिन्न राज्यों के खाता धारकों को लालच देकर तथा बहला-फुसलाकर साइबर अपराधियों द्वारा उनके नाम से म्यूल (फर्जी) खाता खुलवाकर उनके खातों में साइबर अपराध (ट्रेडिंग ,गेमिंग व अन्य) से अर्जित धनराशि को मंगाया जाता है। साइबर अपराध करने वाले अपराधियों का काम अलग - अलग होता है । पहले इन लोगो द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति से दोस्ती करते है जिसको कुछ पैसों की आवश्यकता होती है। उसके बाद उस व्यक्ति को बहला - फुसलाकर कुछ पैसो का लालच दिया जाता है। फिर इन लोगो द्वारा जिस व्यक्ति का खाता खुलवाना होता है उसका आधार कार्ड व पैन कार्ड व फोटो ले लेते हैं, फिर करेन्ट एकाउन्ट खोलने के लिए एम एस एम ई से (उद्योग) प्रमाण पत्र बनवाते हैं तथा जी एसटी न0. रजिस्टर्ड कराने के पश्चात बैंक में खाता खोलते हैं। तत्पश्चात इनके सिंडिकेट / गैंग में कार्य कर रहे अपराधियों द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से खोले गये बैंक खातों का सभी जानकारी जैसे इन्टरनेट बैंकिंग का यूजर आईडी व पासवर्ड तथा बैंक में रजिस्टर्ड मेल आईडी व रजि. मोबाइल नं. भेज दिया जाता है । इसके बाद टेलीग्राम के माध्यम से ही एपीके फाइल (क्राउन एस एम् एस, डब्ल्यू पे डी एस, 2.3.2.4, व अन्य) भेजकर इन्स्टाल कराया जाता है जिससे की रजिस्टर्ड मोबाइल नं. पर प्राप्त सभी प्रकार के ओटीपी व अन्य मैसेज सिंडिकेट / गैंग को स्वतः प्राप्त हो जाता है। टेलीग्राम पर संचालित (क्राउन पे) कम्पनी तथा इनके साथ जुड़े साइबर अपराधियों द्वारा जरिये क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेफार्म जैसे बिनान्स, कू-क्वाइन व अन्य प्लेटफार्म के जरिये पैसों का लेन देने किया जाता है।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 5 अप्रैल 2026



# ब्यूटी टिप्सः ऑफिस और ट्रैवल में इंस्टेंट ग्लो चाहिए? बैग में हमेशा रखें स्किनकेयर एसेंशियल

अगर आपके पास कम समय है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको बाहर जाते समय अपने बैग में कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट्स को जरूर रखना चाहिए। यह सारे प्रोडक्ट्स बहुत काम के हैं। ब्यूटी का मतलब सिर्फ खूबसूरती से नहीं होता है। बल्कि स्किन को हर तरह से सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाते हैं, तो सोचते हैं कि अपने बैग में ऐसा क्या-क्या रखें। जिससे कि हमारा चेहरा फ्रेश और सुंदर बना रहा। लेकिन अगर आपके पास कम समय है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको बाहर जाते समय अपने बैग में कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट्स को जरूर रखना चाहिए। यह सारे प्रोडक्ट्स बहुत काम के हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

**फेस क्लींजर या फेस वॉश**

बाह जाते समय चेहरे की खूबसूरती



को बरकरार रखने के लिए सबसे जरूरी होता है, स्किन को साफ रखना, ऑयल, दिनभर की धूल-मिट्टी और मेकअप को हटाने के लिए अच्छा फेस क्लींजर या फेस वॉश होना जरूरी है। इसलिए आप अपने स्किन टाइप के हिसाब से क्लींजर और फेस वॉश को रख सकती हैं।

**फेस मास्क**

बाहर निकलने पर धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसके लिए फेस मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप बाहर जाएं, तो बैग में फेस मास्क जरूर रख लें। यह ब्यूटी प्रोडक्ट आपके बहुत काम आएगा।

**लिप बाम**

फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना जरूरी है। फटे और ड्राय होंठ बहुत दर्द होते हैं और हमारा लुक भी खराब कर देते हैं। इसलिए लिप बाम को अपने पास जरूर रखना चाहिए। इसके साथ ही आप विटामिन श्व और स्क्व युक्त लिप बाम का यूज कर सकती हैं।

**मॉइस्चराइजिंग क्रीम**

स्किन को कोमल और मुलायम बनाने के लिए आपके पास मॉइस्चराइजिंग क्रीम होना जरूरी है। इसलिए इसको बाहर जाते समय मॉइस्चराइजिंग क्रीम ले जाना न भूलें।

**फेस सीरम या नाइट क्रीम लगाएं**

रात को हमारी त्वचा रिपेयर होती है। इसलिए रात को सोते समय कोई अच्छी नाइट क्रीम या सीरम स्किन अपने फेस में जरूर लगाना चाहिए। इससे आपका फेस अगली सुबह फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।

# अब बोरिंग झुमके हुए आउट ऑफ़ फैशन, ट्राई करें स्टाइलिश और मॉडर्न हूप इयररिंग्स

## हूप इयररिंग डिज़ाइन

अगर आप हर बार एक ही तरह की ईयररिंग पहन-पहनकर बोर हो गई हैं। तो इस बार आप कुछ अलग ट्राई कर सकती हैं। ऐसे में आज आपको हूप ईयररिंग्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको पहनकर आप कॉलेज, ऑफिस या किसी पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। आज के समय में हर कोई अच्छे कपड़े और बिना मेकअप के बाहर नहीं निकलता है। इससे आपको अच्छा लुक मिलेगा और आप सबसे खूबसूरत लुक मिलेगा। वहीं लोग कानों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए ईयररिंग्स जरूर पहनती हैं। लेकिन अगर आप हर बार एक ही तरह की ईयररिंग पहन-पहनकर बोर हो गई हैं। तो इस बार आप कुछ अलग ट्राई कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हूप ईयररिंग्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको पहनकर आप कॉलेज, ऑफिस या किसी पार्टी में पहनकर जा सकती हैं।

**गोल्डन ब्रॉड हूप ईयररिंग**

इन दिनों चौड़े डिजाइन वाली ये हूप इयररिंग काफी ट्रेंड में हैं। यह ईयररिंग आप पर काफी अच्छी लगेंगी। इसको कैरी करने पर आपको क्लासी और रॉयल लुक मिलेगा। आप इस तरह की ईयररिंग ट्रेडिशनल आउटफिट पर पहन सकती हैं।

**डायमंड हूप इयररिंग्स**

सोने के फ्रेम में जड़े यह हीरे वाली हूप ईयररिंग्स की खूबसूरती देखने लायक है। इसका गोल और छोटा डिजाइन आपके किसी भी ड्रेस के साथ मैच कर जाएगा। इसको डेली वियर में आप किसी भी खास मौके पर कैरी कर सकती हैं।

**गोल्डन स्टार कटवर्क हूप्स**

इस तरह की हूप बालियां देखने में काफी सुंदर लगती हैं और उतनी ही यूनीक लगती हैं। इसके ऊपर बारीक तारों से बना सितारों जैसा कटवर्क डिजाइन इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। आपको यह ईयररिंग पहनकर मॉर्डन लुक मिलेगा।

**एंटीक सिल्वर हूप्स**

अगर आपको एंटीक ज्वेलरी पसंद है, तो आपको एंटीक सिल्वर हूप्स डिजाइंस वाली ईयररिंग्स पहनना चाहिए। यह आपको क्लासी और यूनिक लुक देगी। इन पर छोटे-छोटे काले पत्थरों का जो काम है, इससे यह रॉयल और विंटेज लुक मिलेगा।

**सुनहरी स्टोन वाली हिंग्ड हूप्स**

गोल्डन कलर की ये ईयररिंग दिखने में ही कितनी लग्जरी और मॉडर्न लुक दे रही है। इन पर बारीक चमकते पत्थरों का काम किया गया है और बीच में सुंदर राउंड शेप में डिजाइन बनाया गया है। इनका हिंज लॉक डिजाइन पार्टी वियर के लिए एकदम सही है।



**लेयर्ड गोल्डन हूप इयररिंग्स**

आजकल ऐसी गोल्डन कलर की बालियां काफी पसंद की जा रही हैं। यह दिखने में भी स्टाइलिश लगती हैं। आप कैजुअल या पार्टी आउटफिट के साथ यह ईयररिंग पहनकर खुद को फैशनेबल और बोल्ड लुक दे सकती हैं।

**मैट गोल्ड टेक्सचर्ड हूप्स**

यह ईयररिंग काफी कूल लुक देंगी। इनमें ऊपर की ओर एक चौड़ी मैट गोल्ड पट्टी बनी है। वहीं नीचे कई सारी बारीक टेक्सचर्ड गोल्डन चूड़ियों को जोड़कर डिजाइन दिया गया है। आप इसको वेस्टर्न ड्रेसेस के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**ट्राइएंगल इंटरट्वाइंड हूप्स**

यह ईयररिंग्स बहुत यूनीक और मॉर्डन ट्राएंगल शेप में है। इन ईयररिंग्स का डिजाइन आपस में गुंथी हुई पट्टियों जैसा है। जिनमें कुछ पर बारीक हीरे लगे हैं। किसी भी पार्टी या डिनर डेट के लिए यह लग्जरी लुक वाले ईयररिंग परफेक्ट रहेंगी।

**सिपल बाली वाली हूप ईयररिग**

अगर आप रोजाना कॉलेज या ऑफिस पहनकर जाने के लिए कोई हूप ईयररिंग्स के लेटेस्ट डिजाइन देख रही हैं। तो आपको यह डिजाइन वाली ईयररिंग कैरी करनी चाहिए। आप इसको कुर्ती, साड़ी और जींस सब पर पहन सकती हैं।

# मोटापे की टेंशन खत्म! ये कलर कॉम्बिनेशन देगा परफेक्ट फिगर, दिखेगी स्टाइलिश

कपड़ों का रंग न सिर्फ आपकी स्किन के टोन को निखारते हैं, बल्कि वह आपके शरीर के आकार को भी एक नई दिशा दे सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कौन से रंग आपको पतला और ज्यादा फिट दिखा सकते हैं। यह रंग आपकी पर्सनालिटी को निखारने में मदद करेंगे।

हर लड़की अपनी फिजीक को स्लिम और फिट दिखाना चाहती है। तो सिर्फ व्यायाम और डाइट पर ध्यान देना ही काफी नहीं है। आपकी ड्रेसिंग सेंस भी इसका अहम हिस्सा बन सकती है। सही रंगों का चयन करके आप अपने शरीर को अट्रैक्टिव दिखा सकती हैं। कपड़ों का रंग न सिर्फ आपकी स्किन के टोन को निखारते हैं, बल्कि वह आपके शरीर के आकार को भी एक नई दिशा दे सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कौन से रंग आपको पतला और

**क्लासिक**

**ब्लैक रंग को फैशन में क्लासिक और मोस्ट फ्लैटर्ड कहा जाता है।**

ज्यादा फिट दिखा सकते हैं। यह रंग आपकी पर्सनालिटी को निखारने में मदद करेंगे।

**ब्लैक रंग**

ब्लैक रंग को फैशन में क्लासिक और मोस्ट फ्लैटर्ड कहा जाता है।

ब्लैक रंग आपके शरीर को ज्यादा फिट और पतला दिखाने में सहायता करता है। यह शरीर के आकार को संकुचित कर देता है। यह एक्स्ट्रा वेट को छुपा लेता है।

ब्लैक रंग को किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। फिर चाहे वह ऑफिस हो या पार्टी हो।

**नेवी ब्लू**



ब्लू के विभिन्न शेड्स में से नेवी ब्लू सबसे प्रभावी रंग है। जोकि आपके शरीर को लंबा और पतला दिखाता है।

नेवी ब्लू गहरे रंग का होता है। जो शरीर को सिर्फ स्लिमिंग इफेक्ट देता है बल्कि इससे आपकी स्किन के टोन के साथ भी मैच करता है।

यह रंग आपको एक प्रोफेशनल और स्टाइलिश लुक भी देता है।

**डार्क ग्रीन**

डार्क ग्रीन रंग भी आपको स्लिम दिखने के लिए बेहतरीन ऑप्शन है।

यह आपके शरीर को शार्प और सॉफ्ट लुक देने का काम करता है।

यह रंग भी गहरे शेड्स में आते हैं, जोकि बॉडी को स्लिम बनाने का काम करता है।

डार्क ग्रीन रंग हर मौसम में अच्छा लगता है, जोकि आसानी से बाकी रंगों के साथ मैच हो जाता है।

कैसे करें सही उपयोग

आप चाहे किसी भी रंग में हों, अपनी ड्रेस को सही फिट में पहनें। ढीली या फिर तंग ड्रेस पहनने से बचना चाहिए। क्योंकि यह ड्रेस आपके शरीर को सही तरीके से दिखाने में मदद नहीं करेगी।

अगर आपने स्लिम दिखने के लिए डार्क शेड्स चुने हैं, तो स्टाइलिश और हल्की एक्सेसरीज जैसे बेल्ट और लाइट रंग की चूड़ियां आदि जोड़ सकते हैं। जो आपके लुक को ज्यादा अट्रक्टिव बनाएंगे।

बता दें कि रंगों का सही चयन सिर्फ कपड़ों तक ही सीमित नहीं रहता है। सही मेकअप और हेयर स्टाइल भी आपको फिट और स्लिम लुक देने का मन करेगा।

# फैशन टिप्सः कम हाइट की टेंशन खत्म, ये स्टाइलिश टॉप देंगे आपको लंबा और परफेक्ट लुक

महिलाएं हों या फिर लड़कियां अपने लुक को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड रहती हैं। उनको तैयार होना काफी पसंद होता है। घूमना-फिरना, अच्छे-अच्छे कपड़े पहनना आदि सब कुछ अच्छा लगता है। वह चाहती हैं कि वह ऐसे कपड़े पहनें, जिनमें वो सबसे ज्यादा सुंदर लगें। जब आप अच्छे कपड़े पहनती हैं, तो अंदर से कॉन्फिडेंस भी आता है।

लेकिन कुछ लड़कियों की हाइट कम होता है और उनको कंफ्यूजन रहती है कि वह कौन सा टॉप पहनें, जिसमें उनका लुक सबसे अच्छा लगे। ऐसे में अगर आप भी इन्हीं में से एक हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ स्टाइलिश टॉप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आपको जरूर ट्राई करना चाहिए।

**क्रॉप टॉप**

आज कल क्रॉप टॉप खूब ज्यादा



पसंद किया जाता है। अगर आपकी हाइट कम है, तो आप क्रॉप टॉप को हाई वेस्ट जींस या फिर स्कर्ट के साथ कैरी कर सकती हैं। क्रॉप टॉप कमर को हाईलाइट करते हैं। इसको पहनने से पैर भी थोड़ा लंबे नजर आते है। इसको पहनने से आपका लुक भी काफी अच्छा लगेगा।

**वी-नेक टॉप**

इसके साथ ही कम हाइट वाली लड़कियों पर वी नेक डिजाइन वाले टॉप काफी अच्छे लगते है। इस तरह के टॉप पहनने से गला भी लंबा दिखाई देता है। अगर आप इसको पहनेंगी, तो आपका पूरा लुक बैलेंस रहेगा। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा लूज या चौड़े वी नेक वाले टॉप नहीं पहनें।

**फिटेड पेपलम टॉप**

अगर आपको भी फेमिनिन लुक पसंद है, तो पेपलम टॉप आप पर काफी अच्छा लगेगा। जिन लड़कियों का वेट ज्यादा होता है, उन पर पेपलम टॉप काफी अच्छा लगता है। लेकिन कम हाइट वाली लड़कियों के लिए फिटेड पेपलम टॉप बहुत अच्छा रहेगा। इससे आपका बॉडी शेप भी साफ नजर आएगी।

**वर्टिकल स्ट्राइप्स टॉप**

अगर छोटी हाइट वाली लड़कियां सीधी लाइनों वाले टॉप पहनेंगी, तो इससे भी आपका लुक बैलेंस हो जाएगा। इसको पहनकर आपकी हाइट लंबी नजर आएगी। इसलिए हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स की जगह आप वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले टॉप ही खरीदें।

# गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई

गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।



अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

**रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल**

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

**हाफ हेयर बन स्टाइल**

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं।

# गर्मी में मिलेगी दमकती त्वचा, बस सेब के छिलके का ऐसे करें इस्तेमाल

सेब के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और नेचुरल एसिड होते हैं जो स्किन को ब्राइटन करते हैं और टैनिंग को कम करते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन पोर्स को टाइटन करने में भी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेब के छिलके से गर्मी में अपनी स्किन का ख्याल किस तरह रख सकते हैं। गर्मी के मौसम में आपकी स्किन ज्यादा देखभाल मांगती है। ऐसे में हम तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि स्किन की नेचुरल तरीके से भी देखभाल की जा सकती है और इसके लिए फलों के छिलकों का इस्तेमाल करना ही काफी है। इन्हीं में से एक है सेब का छिलका। बहुत से लोगों की आदत होती है कि वे सेब को छीलकर खाते हैं और फिर उसके छिलकों को यूं ही बाहर फेंक देते हैं। जबकि इनकी मदद से आप गर्मी में अपनी स्किन को पैम्पर कर सकती हैं।

दरअसल, सेब के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और

**देखभाल**

**र्मी के मौसम में आपकी स्किन ज्यादा देखभाल मांगती है। ऐसे में हम तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं।**

नेचुरल एसिड होते हैं जो स्किन को ब्राइटन करते हैं और टैनिंग को कम करते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन पोर्स को टाइटन करने में भी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेब के छिलके से गर्मी में अपनी स्किन का ख्याल किस तरह रख सकते हैं-

**सेब के छिलके से बनाएं स्क्रब**

गर्मी के मौसम में सेब के छिलके से स्क्रब बनाया जा सकता है। यह डेड स्किन व टैन हटाता है। साथ ही, स्किन को एक चमक देता है।

**आवश्यक सामग्री-**



1 चम्मच सेब के छिलके का पाउडर

1 चम्मच चीनी

थोड़ा सा शहद

**कैसे बनाये**

सबसे पहले सेब के छिलके को सुखाकर उसका पाउडर बना लो। अब पाउडर में चीनी व थोड़ा सा शहद डालकर मिक्स करें। इससे चेहरे पर धीरे से 2-3 मिनट तक मालिश करें। फिर धो लो।

**सेब के छिलके से बनाएं आइस क्यूब**

गर्मी में आइस क्यूब का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन को ठंडक मिलती है। सेब के छिलके के आइस क्यूब अतिरिक्त तेल व पसीने को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, पोर्स को टाइटन भी करते हैं।

**आवश्यक सामग्री**

सेब के छिलके

पानी

आइस ट्रे

**कैसे बनाये**

सेब के छिलके को पानी में डालकर उबाल लीजिये।

अब पानी ठंडा होने दो।

बर्फ की ट्रे में पानी को जमने के लिए रख दें।

मेकअप से पहले सुबह चेहरे पर इससे रब करें।

**सेब के छिलके से बनाएं टोनर**

यह टोनर ना केवल स्किन को रिफ्रेशिंग लुक देता है, बल्कि यह एक माइल्ड एक्सफोलिएशन की तरह भी काम करता है।

आवश्यक सामग्री-

सेब के छिलके

पानी

**कैसे बनाये**

सेब के छिलके को पानी में उबाल लीजिये और फिर कुछ देर ठंडा होने दें।

अब इसे छानककर बोतल में स्टोर करें।

फिर कॉटन से स्प्रे करें।

इस टोनर को फ्रिज में 4-5 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।

# कोरियन ग्लास स्किन का सवाल होगा पूरा, जानें के-ब्यूटी का वो खास स्किनकेयर फॉर्मूला

कोरियन ग्लास सिलिकॉन पाने के लिए एक सपोर्ट के-ब्यूटी स्कर्ट रूटीन अपनाना की आवश्यकता है, जिसमें डबल क्लींजिंग, टोनर, एसेंस और स्ट्रेच जैसे स्टेप्स शामिल हैं। यह प्रक्रिया त्वचा को गहराई से सिलिकॉन कर उसे चमकदार और स्वस्थ बनाती है।

आज के समय में ग्लास स्किन का चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी त्वचा साफ, दमकती हुई और कांच की तरह चमकदार दिखाई दे। इसी वजह से कोरियन स्किनकेयर यानी K-Beauty ने खास पहचान बना ली है। अक्सर लोग बाजार से महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीदते हैं जिससे त्वचा ग्लास जैसी शाइन करें। अगर आप भी ऐसी निखरी और चमकदार त्वचा पाना चाहती हैं, तो हम आपको इसके लिए कुछ आसान और जरूरी स्टेप्स बता रहे हैं।

कोरियन स्किनकेयर में सबसे जरुरी होता है कि डबल क्लीनिंग स्टेप। इसमें सबसे पहले आप

**चमकदार**

**आज के समय में ग्लास स्किन का चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी त्वचा साफ, दमकती हुई और कांच की तरह चमकदार दिखाई दे।**

ऑयल बेस्ड क्लीनर से मेकअप को रिमूव करें और गंदगी रिमूव करने के लिए फेस वॉश से चेहरे को धो लें।

**टोनर का इस्तेमाल करें**

चेहरे को क्लीन करने के लिए टोनर का प्रयोग करें। टोनर से स्किन हाइड्रेटेड रहेगी। आप हल्के हाथ से इसे चेहरे पर थपथपा सकते हैं। इससे स्किन को आराम मिलेगा।

**एसेंस का करें यूज**

अगर आप कोरियन ग्लास चाहते



हैं, तो इसके लिए एसेंस काफी जरुरी है। ये हमारी स्किन को डीप हाइड्रेट करता है। यदि आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो आपकी स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आती है। आप हमेशा इसे थोड़ी मात्रा में ही चेहरे पर लगाएं।

**सीरम से स्किन को दें एक्स्ट्रा केयर**

अगर आप मुंहासों, दाग-धब्बों या रूखी त्वचा की समस्या से जूझ रहे हैं, तो सीरम आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। यह त्वचा से जुड़ी परेशानियों को कम करने में मदद करता है और चेहरे को प्राकृतिक निखार और चमक देता है।

**मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें**

मॉइस्चराइजर त्वचा में नमी को बनाए रखता है और उसे रूखा होने से बचाता है। ग्लास स्किन पाने के लिए स्किन का हाइड्रेटेड रहना बेहद जरूरी होता है, इसलिए इस जरूरी स्टेप को अपनी स्किनकेयर रूटीन में जरूर शामिल करें।

**सनस्क्रीन लगाएं**

यदि आप कोरियन ग्लास स्किन पसंद करते हैं, तो आप दिन में जब भी बाहर निकलें तो उससे पहले सनस्क्रीन जरुर लगाएं। ये आपकी स्किन को धूप से बचाएगा। इसके साथ ही टैनिंग को भी दूर करेगा।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

- हफ्ते में एक या दो बार स्क्रब की जरुरत होती है।

- एक साथ बहुत ज्यादा प्रोडक्ट का प्रयोग न करें।

- अपनी स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट्स चूज करें।

# समर वॉर्डरोब को करें अपडेट, ऑफिस के लिए इफेक्टिव फैशन हैक्स

धीरे-धीरे मौसम में काफी बदलाव हो रहा है। समर सीजन की शुरुआत हो चुकी है और हर गुजरता हुआ दिन तापमान धीरे-धीरे बढ़ा रहा है। इस मौसम में वर्किंग प्रोफेशनल्स के सामने काफी बड़ी चुनौती होती है कि तपती धूप और पसीने के बीच खुद को कूल और प्रोफेशनल कैसे बनाए रखें। अगर आप हैवी फॉर्मल्स और गहरे रंग गर्मियों में पहनेंगे, तो यह गर्मी सोखते हैं बल्कि आपको पूरे दिन असहज और सुस्त महसूस कराते हैं। अगर आप आज के नए ऑफिस ट्रेड को फॉलो करेंगे, तो आपको समर में बिल्कुल भी दिक्कत नहीं होगी। इसलिए गर्मियों के लिए सही कपड़ों का चयन आपके आत्मविश्वास और कार्यक्षमता पर भी असर डालता है। इसलिए एक्सपर्ट भी बताते हैं कि इस मौसम में सूती, लिनन और खादी जैसे नेचुरल फैब्रिक का इस्तेमा करना सबसे बेहतर ऑप्शन है, जो त्वचा को सांस लेने की जगह देते हैं और शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं।

हल्के रंगों में क्या-क्या विकल्प हैं?

- समर सीजन में ऑफिस के लिए लिनन और सूती कपड़े सबसे बढ़िया होते हैं क्योंकि ये पसीने को



जल्दी सोख लेते हैं।

- इस मौसम में काले या नेवी ब्लू की जगह आप स्काई ब्लू, लाइट पिंक, मिंट ग्रीन और ऑफ-व्हाइट जैसे रंगों का चयन कर सकते हैं।

- ऑफिस के लिए यह हल्के रंग गर्मी कम महसूस कराते हैं, बल्कि प्रोफेशनल एनवायरमेंट के लिए बेहतरीन छवि पेश करते हैं।

**महिलाओं के लिए स्टाइलिश आउटफिट ऑप्शन**

- वर्किंग वुमन समर सीजन में कॉटन की कुर्तियां, लिनन ट्राउजर और फ्लेयर्ड स्कर्ट्स स्टाइल कर सकती हैं।

- इस मौसम में टाइट जींस के जगह पर पलाजो या स्ट्रेट-कट पैंट्स पहनें, जो स्टाइल के साथ-साथ आरामदायक हो।

- दुपट्टे या स्कार्फ के लिए शिफॉन या मलमल के कपड़ों का इस्तेमाल करें, जो लाइटवेट हों और कंफर्टेबल भी हो।

**पुरुषों के लिए समर प्रोफेशनल लुक्स**

- पुरुषों के लिए भारी-भरकम ब्लेजर पहनने के बजाय हल्की 'अनस्ट्रक्चर्ड लिनन जैकेट' या केवल फॉर्मल शर्ट्स को प्राथमिकता देना बेहतर विकल्प हो सकता है।

- टाइट फिटिंग वाली शर्ट्स के स्थान पर आप थोड़ी लूज और ब्रीदेबल फिटिंग अपनाएं, जिससे हवा का संचार बना रहे।

- इसके अलावा, आप चिनोज और हल्के वजन वाले सूती ट्राउजर्स ऑफिस के लिए पहन सकते हैं , जो आपको एकदम बिजनेस कैजुअल लुक देंगे।

**एक्सेसरीज और फुटवियर का तालमेल**

- अपने लुक को पूरा करने के लिए आप हल्के फुटवियर का चयन करें। जैसे कि लोफर्स या बैलेरीनास चुनें, जिसमें आपके पैरों को आराम मिलें।

# युद्ध प्रभावित क्षेत्रों को 2.5 लाख करोड़ तक की कर्ज गारंटी, सरकार जल्द कर सकती है योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार युद्ध प्रभावित क्षेत्रों के लिए 2 से 2.5 लाख करोड़ रुपये की कर्ज गारंटी योजना ला सकती है। एमएसएमई और निर्यात क्षेत्र को राहत मिलेगी।

केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए नई कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी कर रही है। इस योजना का मकसद खासतौर पर उन कंपनियों को आसानी से कर्ज उपलब्ध कराना है, जो आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों के साथ कच्चे माल और लॉजिस्टिक खर्च की बढ़ती लागत से परेशान हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नई योजना के तहत सरकार दो से 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की कर्ज गारंटी दे सकती है। यह कोविड महामारी के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के मॉडल पर आधारित होगी। वित्तीय सेवा विभाग इस योजना पर काम रहा है। माना

**प्रभावित**

**केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने के लिए नई कर्ज गारंटी योजना लाने की तैयारी कर रही है।**

जा रहा है कि सरकार अगले 15 दिनों के भीतर इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस राहत पैकेज का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट की वजह से जो क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उन्हें नकदी की कमी न हो और वे अपना कारोबार चालू रख सकें। योजना के तहत उन कंपनियों को सरकार की गारंटी पर कर्ज मिलेगा। सूत्रों ने कहा, इस योजना का मकसद कंपनियों को




भरोसा देना है, ताकि वे अनिश्चित माहौल में भी काम जारी रख सकें। हालात अभी ज्यादा खराब नहीं हैं, लेकिन सरकार पहले से तैयारी कर रही है, ताकि अर्थव्यवस्था पर अधिक दबाव न पड़े। सरकार प्रभावित क्षेत्रों से संपर्क कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उनके उत्पादन पर कितना असर पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा, ईरान युद्ध का सीधा असर लघु, सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई)और निर्यात पर पड़ा है। निर्यात से जुड़े क्षेत्र आवाजाही में रुकावट और बढ़ते मालभाड़े की वजह से दबाव में हैं। एमएसएमई क्षेत्र भी इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जो ब्याज दरों के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं और जिनकी कार्यप्रणाली स्थिर नकदी प्रवाह पर निर्भर करती है। सरकार की नई कर्ज गारंटी योजना से छोटे उद्यमों को अपना व्यापार बचाने और कर्मचारियों का समय पर वेतन देने में मदद मिलेगी। कोविड काल के दौरान शुरू की गई आपातकालीन कर्ज गारंटी योजना ने लाखों कर्जदारों की मदद की थी और महामारी के दौरान खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। ईसीएलजीएस के तहत अब तक 1.19 करोड़ लाभार्थियों को 3.62 लाख करोड़ रुपये की कर्ज गारंटी दी जा चुकी है। एमएसएमई क्षेत्र इसका सबसे बड़ा लाभार्थी रहा।

वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत के निर्यात क्षेत्र ने मजबूती दिखाई है। 2025-26 में निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक, 31 मार्च तक के रुझानों के आधार पर यह स्पष्ट है कि कई चुनौतियों के बावजूद निर्यात में गिरावट नहीं आई है।

टैरिफ के अलावा अर्थव्यवस्था की विभिन्न चुनौतियों जैसे यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया तनाव जैसे मुद्दों के बावजूद भारत के वस्तु निर्यात ने अपनी रफ्तार बनाए रखी है।

# पति-पत्नी के झगड़े से नहीं बनता आत्महत्या का मामला

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि सिर्फ वैवाहिक विवाद के आधार पर किसी जीवनसाथी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। अदालत ने कहा कि घरेलू जीवन में मतभेद और तनाव सामान्य बात है और इसे सीधे तौर पर आत्महत्या से जोड़ना उचित नहीं है। नागपुर बेंच ने यह टिप्पणी करते हुए एक 49 वर्षीय महिला के खिलाफ दर्ज आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को खारिज कर दिया। यह मामला 2019 में अमरावती पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए यह साबित करना जरूरी है कि आरोपी ने सीधे तौर पर पीड़ित को ऐसा कदम उठाने के लिए प्रेरित किया या उसे उकसाया। केवल पति-पत्नी के बीच झगड़े या आरोप-प्रत्यारोप को इसका आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी



फाल्के की एकल पीठ ने कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दुर्व्यवहार और प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। ऐसे में इसे अधिकतम मानसिक तनाव का कारण माना जा सकता है, लेकिन इसे आत्महत्या के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 'मेंस रिया' यानी अपराध करने की मंशा का होना जरूरी है। बिना इरादे या जानकारी के किसी को उकसावे का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। गुस्से में कही गई बातें भी इस अपराध की श्रेणी में नहीं आतीं। मामले में यह भी सामने आया कि मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया था, जिससे यह साफ होता है कि महिला की भूमिका सीधे तौर पर साबित नहीं होती।

दरअसल, दोनों की शादी 1996 में हुई थी और समय के साथ उनके बीच विवाद बढ़ते गए। पति के परिवार ने महिला पर प्रताड़ना और अन्य आरोप लगाए, जबकि महिला ने भी अपने साथ हिंसा और दुर्व्यवहार का दावा किया। अदालत ने इन सभी तथ्यों को देखते हुए कहा कि यह मामला वैवाहिक विवाद का है और इसे आपराधिक उकसावे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

# वोटिंग और उससे एक दिन पहले बिना अनुमति विज्ञापन नहीं छपवा सकेंगे सियासी दल, चुनाव आयोग ने दिए निर्देश




**तिरुवनंतपुरम।** चुनाव आयोग ने केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 324 से मिली शक्ति का इस्तेमाल कर यह निर्देश जारी किए हैं। यह अनुच्छेद चुनाव आयोग को चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति प्रदान करता है। इसी शक्ति के तहत आयोग चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और स्वतंत्र बनाए रखने के लिए विभिन्न निर्देश जारी करता है। केरल विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन और उससे एक दिन पहले यानी आठ और नौ अप्रैल को प्रिंट मीडिया में किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार विज्ञापन नहीं छपवाए जा सकेंगे। चुनाव आयोग ने निर्देश दिए हैं कि बिना मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से अनुमति मिले कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा।

चुनाव आयोग के इस फैसले का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरणों में भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ विज्ञापनों के प्रभाव को रोकना है। केरल के मुख्य चुनावी अधिकारी रतन यू केलकर ने शुक्रवार देर रात यह निर्देश जारी किए। निर्देश के अनुसार, चुनाव के महत्वपूर्ण पड़ाव पर ऐसे विज्ञापनों के कारण प्रभावित पक्षों और उम्मीदवारों को आवश्यक स्पष्टीकरण देने का अवसर नहीं मिल पाता है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला लिया है।

मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन चुनाव आयोग द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि राजनीतिक विज्ञापनों में कोई भी ऐसी सामग्री न हो जो भ्रामक, भड़काऊ या किसी भी समुदाय या व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हो। यह समिति विज्ञापनों की सामग्री की जांच करती है। अगर वह नियमों के अनुरूप पाई जाती है, तो उसे प्रकाशित करने की अनुमति देती है।

# मुर्शिदाबाद में चुनाव प्रचार के दौरान अधीर रंजन चौधरी पर कथित हमला, कांग्रेस ने TMC पर लगाए गंभीर आरोप



**बहरामपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। चुनाव प्रचार के दौरान अलग-अलग पार्टियों के समर्थकों-कार्यकर्ताओं में झड़प कोई नई चीज नहीं है। पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाएं वाम दलों के शासन से शुरू होकर ममता बनर्जी की सरकार तक अनवरत जारी हैं। इतना ही नहीं, पश्चिम बंगाल में सियासी प्रतिद्वंदिता में हत्याएं तक होती रही हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी ने दावा किया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन पर हमला किया गया। इस घटना ने पश्चिम बंगाल में चल रहे चुनावी माहौल में तनाव को और बढ़ा दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक कांग्रेस नेता के साथ यह घटना तब हुई, जब अधीर रंजन चौधरी बहरामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसंपर्क अभियान में भाग ले रहे थे। आरोप है कि टीएमसी के कुछ कार्यकर्ताओं ने अचानक अभियान में बाधा डाली और चौधरी समेत उनके समर्थकों पर हमला किया। इस दौरान कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है।

कांग्रेस ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह हमला सुनियोजित था और टीएमसी अपने कार्यकर्ताओं के जरिए विपक्षी आवाजों को दबाने की कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान इस तरह की घटनाएं राजनीतिक सरगर्मी को बढ़ा देती हैं। दोनों प्रमुख दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, जिससे चुनावी माहौल में तनाव का स्तर बढ़ रहा है। यह घटना आगामी दिनों में होने वाले प्रचार अभियानों को भी प्रभावित कर सकती है।

अगर यह मामला बढ़ता है तो चुनाव आयोग इसे लेकर दोनों पक्षों से रिपोर्ट तलब कर सकता है। अगर जरूरी हुआ तो चुनाव आयोग आगे की जांच के निर्देश दे सकता है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई जा रही है, ताकि चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इसे लेकर चुनाव आयोग ने शनिवार को बंगाल प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

## जब अन्याय कानून बन जाए, तो विरोध आखिरी रास्ता

**कोलकाता।** मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के बीच माकपा नेता मोहम्मद सलीम का बयान चर्चा में है। क्या यह लोकतांत्रिक विरोध है या कानून व्यवस्था के लिए खतरा, इस पर सियासी बहस तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा को लेकर सियासत तेज हो गई है। माकपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद सलीम ने इस घटना का बचाव करते हुए कहा कि जब अन्याय कानून बन जाता है, तो विरोध ही एकमात्र रास्ता बचता है। सलीम ने कहा कि यह घटना केंद्र और राज्य सरकार की विफलताओं का परिणाम है, खासकर मतदाता सूची से नाम हटाने के विवाद को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। उनके मुताबिक, जब लोगों के नागरिक और वोटिंग अधिकार प्रभावित होते हैं, तो ऐसे आंदोलन स्वाभाविक हो जाते हैं।

# ईरान ने मध्यस्थता की पाकिस्तान की पेशकश ठुकराई



**तेहरान।** ईरान ने पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता की पाकिस्तान की कोशिश को सिरे से खारिज कर दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान में अमेरिका नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं करेगा। वहीं, ईरान ने अमेरिका की मांगों को अस्वीकार्य बताते हुए संकट के शीघ्र समाधान की संभावनाओं को भी पीछे धकेल दिया है।

ईरान ने पाकिस्तान द्वारा खुद को पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थ के तौर पर पेश करने के प्रयासों को ठुकरा दिया है। सूत्रों के अनुसार, तेहरान ने पाकिस्तान में अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इनकार कर दिया है। इससे पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिशों को बड़ा झटका लगा है।

पाकिस्तान ने यह दावा करते हुए अपनी कूटनीतिक क्षमता का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी कि वह ईरान और अमेरिका दोनों पक्षों से संवाद स्थापित करने में सक्षम है। हालांकि, ईरान और पाकिस्तान के बीच गहरे अविश्वास के चलते, ईरानी पक्ष किसी भी बातचीत में इस्लामाबाद को कोई भूमिका देने से हिचकिचा रहा है।

हालांकि, इस बीच कुछ उम्मीद की किरण जगी है, क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि ईरान इस क्षेत्र के एक अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी कतर के जरिए मध्यस्थता के प्रयास पर विचार कर सकता है। इस बीच, क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।

हालांकि पाकिस्तान ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को सिरे से नकार दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने की उसकी पहल शुरुआती दौर में ही अटक गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने इन खबरों को पूरी तरह बेबुनियाद और कल्पना मात्र करार देते हुए कहा कि किसी भी आधिकारिक सूत्र के हवाले से ऐसी बातें कहना गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से इस तरह की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि मौजूदा संवेदनशील हालात में कूटनीति के लिए जिम्मेदारी और सावधानी बेहद जरूरी है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे केवल आधिकारिक बयानों पर ही भरोसा करें और किसी तरह की अटकलों से बचें।

ईरानी सेना का कहना है कि उन्होंने अमेरिका-इज़राइल के खिलाफ अपने जवाबी अभियान की 93वीं लहर पूरी कर ली है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ढ्ढक्रत्रष्ट) ने दावा किया है कि उसने कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदर गहरे इस्राइली सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। ढ्ढक्रत्रष्ट ने यह भी कहा कि पश्चिमी गैलिली, हाइफा, काफर कन्ना और क्रायोट में इज़राइलियों के एकत्रित होने और युद्ध समर्थन के केंद्रों को सटीकता से निशाना बनाया गया।

## एपस्टीन मामले में बड़ा समझौता: 7.25 करोड़ डॉलर का बनाया गया फंड

**वॉशिंगटन।** दुनिया को झकझोर देने वाले जेफरी एपस्टीन यौन शोषण मामले में नया मोड़ आया है। बैंक ऑफ अमेरिका और पीड़ितों के बीच 7.25 करोड़ डॉलर का समझौता हुआ है, जिससे 60-75 महिलाओं को मुआवजा मिल सकता है। अदालत ने इसे प्रारंभिक मंजूरी दी है और साफ किया है कि हर पीड़ित तक इसकी जानकारी पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी न्याय से वंचित न रहे। दुनियाभर में कुख्यात वित्त कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का घिनौना मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। नए-नए खुलासों और दस्तावेजों ने दुनियाभर के कई बड़े नेताओं और अरबपतियों की नींद उड़ा दी है। इसी बीच इस मामले में बैंक ऑफ अमेरिका और पीड़ित महिलाओं के वकीलों के बीच हुए समझौते के तहत 7.25 करोड़ डॉलर (करीब 600 करोड़ रुपये) का एक फंड बनाया गया है, जिससे पीड़ित महिलाओं को मुआवजा दिया जाएगा।

# ईरान की मिसाइल शक्ति ने अमेरिकी हवाई दबदबा तोड़ा, F-15 और U A-10 गिराए; एक पायलट अभी भी लापता

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान ने 20 साल बाद पहली बार अमेरिकी सैन्य विमानों को मार गिराया है। यह घटना ईरान की जवाबी कार्रवाई की क्षमता को दर्शाती है, भले ही अमेरिका ने उसे तबाह करने का दावा किया हो।

ईरान द्वारा दो अमेरिकी सैन्य विमानों को मार गिराया जाना अमेरिका के लिए एक दुर्लभ घटना है, जो पिछले 20 वर्षों में पहली बार हुई है। यह घटना इस्लामिक गणराज्य की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता को दर्शाती है, भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया हो कि ईरान को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। यह हमले अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए शुरुआती हमलों के पांच सप्ताह बाद हुए। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि तेहरान की मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करने की क्षमता पूरी तरह से नष्ट दी गई है। ईरान ने शुक्रवार को एक अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू जेट को

**चमत्कार**

**कैंटवेल, जिन्होंने चार युद्ध अभियानों में सेवा दी है और अब एयरोस्पेस स्टडीज के मिशेल इंस्टीट्यूट में एक वरिष्ठ निवासी फेलो हैं, ने कहा यह तथ्य कि यह अब तक नहीं हुआ है, एक पूर्ण चमत्कार है।**

मार गिराया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, एक सेवा सदस्य को बचा लिया गया है और दूसरे की तलाश जारी है। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी बताया कि ईरानी रक्षा बलों द्वारा मार गिराए जाने के बाद एक अमेरिकी ए-10 अटैक एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायु सेना के सेवानिवृत्त



ब्रिगेडियर जनरल ह्यूस्टन कैंटवेल, जो एक पूर्व एफ-16 लड़ाकू पायलट थे, ने बताया कि आखिरी बार किसी अमेरिकी लड़ाकू जेट को युद्ध में 2003 में इराक पर अमेरिकी आक्रमण के दौरान एक ए-10 थंडरबोल्ट ढ्ढ को मार गिराया गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि उस समय अमेरिका मुख्य रूप से ऐसे विद्रोहियों से लड़ रहा था जिनके पास एंटी-एयरक्राफ्ट क्षमताएं नहीं थीं। कैंटवेल के अनुसार, ईरान में अधिक लड़ाकू विमानों के नुकसान न होने का तथ्य अमेरिकी बलों की क्षमताओं का प्रमाण है। कैंटवेल, जिन्होंने चार युद्ध अभियानों में सेवा दी है और अब एयरोस्पेस स्टडीज के मिशेल इंस्टीट्यूट में एक वरिष्ठ निवासी फेलो हैं, ने कहा यह तथ्य कि यह अब तक नहीं हुआ है, एक पूर्ण चमत्कार है। हम यहां युद्ध मिशन उड़ा रहे हैं, उन पर हर दिन गोली चलाई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि संभवतः कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया गया।

## अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके: काबुल में घर गिरने से आठ की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तर और पूर्वी हिस्सों में शुक्रवार देर रात 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। हिंदू कुश पर्वत में केंद्रित यह झटका काबुल के बाहरी इलाके में घर गिरने का कारण बना, जिसमें आठ लोग मारे गए और एक बच्चा घायल हुआ। अफगानिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान के उत्तर और पूर्वी हिस्सों तथा पाकिस्तान के पश्चिमी हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। अफगान अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। भूकंप का केंद्र हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला में था, अफगानिस्तान के कुंदुज शहर से लगभग 150 किलोमीटर (90 मील) पूर्व में। अफगान स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, राजधानी काबुल के बाहरी इलाके में एक घर गिरने से आठ लोग मारे गए और एक बच्चा घायल हुआ।

# 24 घंटों में ईरान ने US को दिया बड़ा झटका, दो लड़ाकू विमान-हेलीकॉप्टर बने निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में छिड़ा संघर्ष हर बदलते दिन के साथ तेज होता जा रहा है। तनाव कम करने की कोशिशें भी अभी तक असफल ही रही हैं। वहीं, अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराने और एक पायलट के लापता होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। अगर लापता पायलट ईरान के हाथ लग जाता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की चिंताएं बढ़ जाएंगी।

ईरान के साथ करीब पांच सप्ताह से चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिका को बड़ा झटका लगा है। एक ही दिन में ईरान द्वारा दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों के गिराए जाने की घटना ने पश्चिम एशिया में संकट को और गहरा दिया है। इन घटनाओं के बाद एक लापता अमेरिकी पायलट की खोज तेज कर दी गई है, जो दुश्मन क्षेत्र में छिपा हुआ बताया जा रहा है। यह घटनाक्रम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों के उलट है कि यूएस का ईरान के आसमान पर कब्जा हो गया है।

ईरानी सेना ने एक अमेरिकी F-15E लड़ाकू जेट को गोलाबारी में मार गिराया। दो पायलट वाले इस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि दोनों देशों के अधिकारियों ने की है। घटना के बाद एक पायलट को बचा लिया गया है, जबकि दूसरा अभी भी लापता है। दूसरे पायलट की तलाश की जा रही है। इसी दिन एक अलग घटना में एक अमेरिकी A-10 वारथोग अटैक एयरक्राफ्ट कुवैत के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, विमान के पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और उसे बाद में बचा लिया गया। एक के बाद एक हुई इन दो घटनाओं ने संघर्ष की शुरुआत के बाद अमेरिकी वायु सेना को लगे सबसे बड़े झटकों में से एक को बना दिया है। F-15E लड़ाकू विमान के लापता पायलट का पता लगाने के प्रयास बेहद खतरनाक साबित हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खोज और बचाव मिशन के लिए ईरानी क्षेत्र में घुसे दो अमेरिकी ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों पर भी गोलाबारी हुई। हालांकि वे ईरानी हवाई क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। इस मिशन में एक पायलट को रेस्क्यू कर लिया गया था। आशंका जताई गई है कि ये दो हेलीकॉप्टर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने देश के दक्षिण-पश्चिम इलाके में लापता अमेरिकी पायलट की तलाश के लिए एक अभियान शुरू किया है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि पायलट की सूचना देने या उसे पकड़ने वाले शख्स को इनाम दिया जाएगा। वहीं, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने अमेरिका पर तंज कसते हुए कहा कि युद्ध अब शासन परिवर्तन से हटकर अमेरिकी पायलटों की तलाश में बदल गया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में पूछा गया कि क्या हालिया घटनाएं बातचीत को प्रभावित करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, ÷नहीं, बिल्कुल नहीं। यह युद्ध है।÷ गौरतलब है कि पेंटागन और यूएस सेंट्रल कमांड ने मार गिराए गए विमानों पर विस्तृत सार्वजनिक बयान जारी नहीं किए हैं। हालांकि, यह घटनाक्रम ट्रंप के उन पहले के दावों को जटिल बनाता है कि अमेरिकी सेना का ईरानी हवाई क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण था।

# वॉशिंगटन डीसी मेयर चुनाव: पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बनीं भारतीय मूल की रिनी संपत



**वॉशिंगटन।** तमिलनाडु में जन्मी भारतीय-अमेरिकी रिनी संपत वॉशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बनीं। अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में रिनी संपत ने इतिहास रचते हुए वॉशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में जगह बना ली है। वह इस पद के लिए बैलेट तक पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। तमिलनाडु के थेनी में जन्मी रिनी संपत बचपन में ही अमेरिका चली गई थीं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए गर्व का पल है। रिनी ने कहा कि वह सात साल की उम्र में अमेरिकन ड्रीम को पूरा करने के लिए अमेरिका आई थीं। अब उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सपना वॉशिंगटन डीसी के हर नागरिक के लिए हकीकत बने। उनके अभियान के मुताबिक, 4,500 से ज्यादा लोगों ने उनके समर्थन में हस्ताक्षर किए, जिसके बाद उन्हें आधिकारिक तौर पर बैलेट में जगह मिली। 31 वर्षीय रिनी संपत पिछले एक दशक से वॉशिंगटन डीसी में रह रही हैं और एक सरकारी ठेकेदार के रूप में काम कर चुकी हैं। उनका चुनावी एजेंडा शहर की बुनियादी समस्याओं को सुधारने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि अगर वह मेयर बनती हैं, तो सड़कों की मरम्मत, सीवर और जल निकासी समस्याओं का समाधान, 911 सेवाओं में सुधार और महंगाई को कम करना उनकी प्राथमिकता होगी। रिनी संपत ने मौजूदा प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि शहर की बुनियादी सेवाएं लगातार कमजोर हो रही हैं। उन्होंने हाल की बर्फबारी का जिक्र करते हुए कहा कि सड़कों और फुटपाथों की हालत खराब हो गई थी और कचरा प्रबंधन भी बिगड़ गया था। उन्होंने खुद को एक आउटसाइडर उम्मीदवार बताते हुए कहा कि वह पारंपरिक राजनीति से अलग हैं और किसी बड़े राजनीतिक समूह का समर्थन उन्हें नहीं मिला है। उनका मानना है कि शहर को नई सोच और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेतृत्व की जरूरत है। रिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, खासकर अपने दादा और पिता को दिया। उन्होंने कहा कि भारत से मिले संस्कार और परिवार की प्रेरणा ही उन्हें सार्वजनिक सेवा के लिए आगे बढ़ने की ताकत देती है।

अवधनामा



# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में क्रीड़ोत्सव-2026 का समापन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देशन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित क्रीड़ोत्सव-2026 का एकलव्य स्टेडियम में समापन हुआ। यह क्रीड़ोत्सव 24 एवं 25 मार्च तथा 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समापन समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर प्रमोद यादव (डीएसडब्ल्यू) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में खेल भावना, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

क्रीड़ोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, योग एवं ट्रैक एंड फील्ड की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विशेष रूप से 2 एवं 4 अप्रैल को आयोजित ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**प्रतियोगिता परिणामः** 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में पियूष विश्वकर्मा प्रथम, सार्थक सिंह द्वितीय एवं अहम सिंह तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में प्रीति यादव ने प्रथम, सानिया पाल ने द्वितीय एवं काजल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 110 मीटर हर्डल (पुरुष वर्ग) में नीरज यादव प्रथम, सार्थक सिंह द्वितीय एवं सत्यम गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 100 मीटर हर्डल प्रतियोगिता में अंजलि सिंह प्रथम, प्रियांशी द्वितीय एवं रूपाली मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। क्रीड़ोत्सव का प्रमुख आकर्षण 4म100 मीटर रिले रेस रही। पुरुष वर्ग में इंजीनियरिंग संस्थान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में विज्ञान संकाय की टीम विजेता रही। इस सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. सुशील कुमार, डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. शशिकांत यादव एवं डॉ. राहुल राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि संयोजक के रूप में प्रो. प्रदीप कुमार ने नेतृत्व किया। कोच के रूप में योगाचार्य जयसिंह, क्रिकेट कोच विजय एवं भानू प्रताप शर्मा का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा क्रीड़ा परिषद, खेलकूद कार्यालय के कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा। समारोह में डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. सोनम झा, डॉ. प्रियंका जायसवाल, डॉ. मनोज पांडे, एचआरडी विभाग से डॉ. अनुपम एवं डॉ. प्रवीण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक के घर चोरी

- स्कूटी-आटा चक्की व गैस सिलेंडर उठा ले गए चोर
- सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद भी कार्रवाई नहीं
- तहरीर देने पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के डेरा यूसुफ गांव में बुधवार की रात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। पूर्व विधायक लालचंद मौर्य के घर में छत के रास्ते घुसे चोर एक एक्टिवा स्कूटी, आटा चक्की और भरा हुआ गैस सिलेंडर उठा ले गए। घटना से परिवार में दहशत का माहौल है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

परिजनों के अनुसार, देर रात चोर छत के सहारे घर में दाखिल हुए। जिस कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे, उसे बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया, ताकि कोई बाहर न निकल सके। इसके बाद चोर आराम से घर में रखा सामान समेटकर फरार हो गए।सुबह जब परिवार के लोग उठे तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने पर आसपास के लोग पहुंचे और बाहर से कुंडी खोलकर परिवार को बाहर निकाला। इसके बाद घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई और पुलिस को सूचना दी गई।पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के दूसरे दिन ही थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन अब तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है। पूर्व विधायक के पुत्र गुलाब मौर्य ने बताया कि वह दो बार सरायख्वाजा थाने पर तहरीर देने गए, परंतु पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उनका आरोप है कि पुलिस की उदासीनता के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।परिजनों ने बताया कि चोरी की पूरी वारदात पड़ोसी के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। संबंधित फुटेज पुलिस ने देखा भी है और घटना की पुष्टि की है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। घटना को लेकर न सिर्फ परिवार बल्कि आसपास के लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप कर मुकदमा दर्ज कराने और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## छुट्टा सांड़ के हमले में बृद्ध की गई जान

**जौनपुर (खुटहन)** सरकार के द्वारा जगह जगह बेजुबानों के लिए भले ही पशु आश्रय केंद्र संचालित कराया जा रहा हो,नौकरशाहों की लापरवाही के चलते योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। बाजार, सड़क और खेतो में आज भी छुट्टा मवेशियों का झुंड घूमते दिखाई दे रहे हैं।वे यह सिर्फ फसल ही नहीं बर्बाद कर रहे हैं,कुछ क्रूर बेजुबान किसानों पर प्राणघातक हमला भी कर दे रहे हैं। शुक्रवार की शाम नगवां गांव में लगभग सात बजे छुट्टा सांड़ के हमले में एक बृद्ध की जान चली गई। परिवार के मुखिया की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। गांव निवासी 65 वर्षीय जयंती प्रसाद तिवारी खुटहन बाजार के एक चिकित्सक के यहां दवा लेने आये थे। जहां से सायंकाल पैदल ही घर वापस लौट रहे थे। गांव की बाग में पहुंचे थे कि वहां बैठा एक छुट्टा सांड़ अचानक उनपर हमला कर दिया। वे जमीन पर गिर पड़े। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण लाठी डंडा लेकर मौके की तरफ दौड़े। लोगों को आता देख सांड़ भाग गया। बेहोशी की हालत में उन्हें उपचार हेतु शाहगंज सीएससी ले जाया गया। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गाँव की बेटी बनी डिप्टी जेलर



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सुरेरी)।** क्षेत्र के करौदी कला गांव की बेटी आकांक्षा कुमारी ने पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर डिप्टी जेलर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते सोमवार को परिणाम घोषित होने के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया।

आकांक्षा, कमला प्रसाद की पुत्री हैं। उनकी माता सरोज देवी ग्राम प्रधान हैं। साधारण परिवार से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त की तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से बीएससी व एमएससी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। शनिवार को पहली बार डिप्टी जेलर बनने के बाद जब आकांक्षा अपने गांव पहुंचीं, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए पूरे गांव में रोड शो निकाला। इस दौरान दर्जन भर गाड़ियों का काफिला शामिल रहा और करीब 3 किलोमीटर लंबा रोड शो किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ निकले इस जुलूस में क्षेत्र के लगभग एक दर्जन ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

इस अवसर पर राम शिरोमणि राजभर, सिंटू सिंह प्रधान नोनारी, अरविंद कुमार, बबलू मिश्र, प्रणवेश मिश्र तहसील महामंत्री जौनपुर पत्रकार संघ, नीरज, संजय सिंह, संजय राजभर, बलविंदर चौहान, हीरालाल यादव, बच्चा यादव, अरविंद पटेल, अजय मिश्रा, कमला प्रसाद सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

आकांक्षा की इस सफलता को ग्रामीणों ने पूरे क्षेत्र का गौरव बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, कमला प्रसाद ने कहा कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है और उसकी इस उपलब्धि ने परिवार का नाम रोशन किया है।

## रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ आज

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और प्रबुद्ध फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञान के प्रतीक राष्ट्रनायक बोधिसत्व डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी अम्बेडकर (जन्म 14 अप्रैल 1891) की 135 वीं जयंती के सम्मान में अप्रैल माह के प्रथम रविवार यानी आज 05 अप्रैल 2026 को रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ का आयोजन हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पूर्वाह्न 06 बजे से शुभारम्भ होगा। यह दौड़ डा. अम्बेडकर प्रतिमा से पत्थर चर्च गिरजाघर, सुभाष चौराहा, तुलसी दास चौराहा, प्रयाग संगीत समिति तिराहा, हार्ट स्टफ चौराहा, जीएचएस चौराहा, प्रधान डाक घर चौराहा से अपने उदगम स्थल तक लगभग तीन किलोमीटर की रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ कराई जा रही है। इस दौड़ में क्रमशः चार रनअप में क्रमशः दो महिला और दो पुरुष धावकों को क्रमशः पांच हजार और ढाई हजार की नकद राशि व सम्मान पत्र देकर 14 अप्रैल को डा. अम्बेडकर मेला में सम्मानित किया जायेगा। रनअप में दो पुरुष और दो महिला घावक को ही नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा बाकी सभी प्रतिभागी धावको को सांत्वना सम्मान में शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

## दौलत हुसैन ए की जीत में हम्माद का बहुमुखी प्रदर्शन



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ए ने चैंपियंस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में शुआट्स क्रिकेट क्लब को चार रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के मो. हम्माद के बहुमुखी प्रदर्शन (74 रन, 48 गेंद, नौ चौके व एक छक्का एवं 5.3 - 0 - 24 -1) किया। शनिवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ए ने 25.4 ओवर में 165 रन (मो. हम्माद 74, अबान अहमद व मो. अली 16 - 16 रन, समीर 2/15, तल्हा 2/36, अल बशर अली, हम्माद व अर्शलान एक - एक) पर सिमट गई। जवाब में शुआट्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 29.3 ओवर में 161 रन (आरुष 69, अर्शलान 18 रन, अबान अहमद 2/20, अमन सिंह 2/29, मो. हम्माद, अर्हम अहमद एवं मो. हमजा खान एक - एक विकेट) ही बना सकी। मैच में अजय कुमार व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और हितेश श्रीवास्तव ने स्कोरिंग की।

## अधिवक्ताओं ने फूलपुर में तहसील दिवस रोका



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** फूलपुर तहसील में अप्रैल माह के पहले शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस अधिवक्ताओं ने नहीं चलने दिया। लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों की अनुपस्थिति तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों की गैर-मौजूदगी के विरोध में अधिवक्ताओं ने हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील दिवस में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक न के बराबर उपस्थित रहते हैं। इसके अतिरिक्त, संबंधित थानों से भी कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आता। राजस्व विभाग से जुड़े विवादों की बढ़ती संख्या और लेखपालों द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने के कारण मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा था, जिससे अधिवक्ताओं में असंतोष था। इस हंगामे के कारण दूर-दराज से आए काश्तकारों को अपने प्रार्थना पत्र जमा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तहसील दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना होता है, लेकिन अव्यवस्था के चलते यह संभव नहीं हो सका। तहसील दिवस में एसडीएम फूलपुर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीओ फूलपुर, बीडीओ बहरिया, बिजली विभाग और खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी मौजूद थे। हालांकि, अधिवक्ताओं का विरोध मुख्य रूप से लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों की कार्यप्रणाली को लेकर था।

## सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**आजमगढ़ (अवधनामा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने प्रातः 07:15 बजे शहर स्थित सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टेडियम में चल रहे विभिन्न कार्यों की स्थिति का जायजा लिया तथा खिलाड़ियों और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण/फिनिशिंग कार्य का अवलोकन किया। कार्य की प्रगति अपेक्षित न पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैडमिंटन कोर्ट का शेष फिनिशिंग कार्य अविलंब पूर्ण कर उसे शीघ्र ही खिलाड़ियों के उपयोग हेतु समर्पित किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधा मिल सके।

## हाफिजपुर में क्राप कटिंग कराकर परखी फसल की डीएम ने की उत्पादकता

**आजमगढ़ (अवधनामा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद में रबी फसल गेहूं के वास्तविक उत्पादन के आकलन हेतु सांख्यिकीय विधि से कराए गए क्रॉप कटिंग प्रयोग के अंतर्गत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा तहसील सदर के विकास खण्ड पल्हनी के ग्राम हाफिजपुर में गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादन की जांच की गई। जिलाधिकारी ने किसान सुभाष सिंह एवं सोनू के खेत में निर्धारित क्षेत्रफल 43.3 वर्ग मीटर में गेहूं की फसल की कटाई कराकर थ्रेसिंग कराया गया क्रॉप कटिंग के दौरान क्रमशः 14.830 किलोग्राम एवं 16.500 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर औसत उत्पादन क्रमशः लगभग 34 व 38 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंका गया। यह क्रॉप कटिंग प्रयोग भारत सरकार द्वारा विकसित सी0सी0ई0 एग्री ऐप के माध्यम से ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया, जिससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# ट्रंप की बातों का महत्व अब विश्व स्तर पर नहीं रह गया : शंकराचार्य निश्चलानंद

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दिन में 20 झूठ बोलते हैं। इसलिए उनकी बातों का महत्व अब विश्व स्तर पर नहीं रह गया है। इसके साथ ही साथ पुरी शंकराचार्य ने यह भी कहा कि उनके इसी रवैये के कारण अब उनके देश में भी उनका विरोध जनता कर रही है। पुरी शंकराचार्य ने यह बातें प्रयागराज में शनिवार को अपने 10 दिवसीय प्रवास के पहले दिन शिवगंगा आश्रम में पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान कहीं। इस दौरान भारी संख्या में उनके भक्त भी आश्रम में मौजूद रहे। शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने पश्चिम एशिया में चल रही जंग को लेकर भारत की तटस्थ नीति को सही और उपयोगी बताया। कहा कि भारत कभी भी युद्ध के पक्ष में नहीं रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के अच्छे रिश्ते रूस से भी हैं। इसके साथ ही साथ अमेरिका से भी तमाम व्यापारिक



संबंध हैं। ईरान से भी लंबे वक्त से भारत के रिश्ते अच्छे हैं। ऐसी स्थिति में भारत का तटस्थ रहना ही कूटनीति के लिहाज से भी उचित है। पुरी शंकराचार्य ने पश्चिम एशिया की जंग को लेकर भारत की विदेश नीति की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत अपनी विदेश नीति के कारण ही रूस से लेकर ईरान और अमेरिका को भी साध रहा है। यही वजह है कि जब पूरे विश्व में हाहाकार मचा हुआ है। इसके बावजूद भारत में अब भी सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है। पश्चिम एशिया जंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मोदी की दूर दृष्टि के कारण ही भारत की ओर आज विश्व की महा शक्तियां भी आशा की दृष्टि से देख रहे हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत फिरोजपुर तरहर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फिरोजपुर तरहर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

प्रधान- सूर्यभान तिवारी
ग्राम पंचायत - फिरोजपुर तरहर
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

सचिव- रमेश कन्नौजिया
ग्राम पंचायत - फिरोजपुर तरहर
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पूरे उदई विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पूरे उदई विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

प्रधान- अनूप शुक्ला
ग्राम पंचायत - पूरे उदई
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

सचिव- रमेश कन्नौजिया
ग्राम पंचायत - पूरे उदई
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुसौली विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुसौली विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

प्रधान- चन्द्रक्रान्ति
ग्राम पंचायत - मुसौली
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

सचिव- खेमराज वर्मा
ग्राम पंचायत - मुसौली
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गंगापुर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गंगापुर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

प्रधान- कल्पनाथ शुक्ला
ग्राम पंचायत - गंगापुर
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

सचिव- खेमराज वर्मा
ग्राम पंचायत - गंगापुर
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मांदे विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मांदे विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

प्रधान-गायत्री देवी
ग्राम पंचायत - मांदे
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

सचिव- जितेन्द्र कुमार वर्मा
ग्राम पंचायत - मांदे
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बहलोलपुर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहलोलपुर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

प्रधान-सुमिता मिश्रा
ग्राम पंचायत - बहलोलपुर
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

सचिव- जितेन्द्र कुमार वर्मा
ग्राम पंचायत - बहलोलपुर
विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।

### भारत के लिए एक और अच्छी खबर

# सातवें एलपीजी टैंकर ग्रीन शान्वी ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया



**चीन की ओर नहीं मुड़ा ईरान से आ रहा कोई जहाज, सरकार ने खबरों को बताया बेबुनियाद**

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ईरानी कच्चे तेल की खेप को लेकर फैल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को सिरे से खारिज किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत है कि भुगतान संबंधी दिक्कतों के कारण गुजरात के वडीनार से ईरान का कच्चा तेल चीन की ओर मोड़ा गया।

मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में सप्लाई से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को सुरक्षित कर लिया है, जिसमें ईरान से आयात भी शामिल है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि ईरानी कच्चे तेल के भुगतान को लेकर किसी तरह की कोई बाधा नहीं है, जैसा कि कुछ अफवाहों में दावा किया जा रहा है। सरकार ने दोहराया कि आने वाले महीनों के लिए भारत की कच्चे तेल की आवश्यकताएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और सप्लाई को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है।

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर है। भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर ग्रीन शान्वी 3 अप्रैल 2026 की रात हॉर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी कार्गो लदा हुआ था। आने वाले दिनों में दो और भारत-ध्वज वाले एलपीजी टैंकर ग्रीन आशा और जग विक्रम भी हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत की ओर रवाना होंगे।

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक ग्रीन शान्वी समेत कुल सात भारतीय एलपीजी टैंकर इस संवेदनशील जलमार्ग को पार कर चुके हैं। ग्रीन शान्वी के ट्रांजिट के बाद अब फारस की खाड़ी में कुल 17 भारतीय जहाज मौजूद हैं। इनमें तीन अन्य एलपीजी टैंकर, चार कच्चे तेल के टैंकर, एक एलएनजी टैंकर, एक केमिकल प्रोडक्ट्स टैंकर, तीन कंटेनर शिप, दो बल्क कैरियर और दो जहाज नियमित मरम्मत (मेंटेनेंस) के लिए शामिल हैं।

अपने ट्रांजिट के दौरान ग्रीन शान्वी अपनी भारतीय पहचान और जहाज पर सवार नाविकों की पहचान बता रहा था, यह एक ऐसी प्रैक्टिस बन गई है जो ईरानी अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेट करने वाले जहाजों के लिए स्टैंडर्ड बन गई है।

भारत ने अपने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ कूटनीतिक स्तर पर बातचीत की है। ईरान ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि जो देश उसके साथ समन्वय बनाए रखते हैं और शत्रु श्रेणी में नहीं आते, उनके जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जा रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी कहा था कि भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान जैसे देशों के जहाजों को इस मार्ग से गुजरने की इजाजत दी जा रही है।

होर्मुज जलडमरूमध्य, जो ईरान और ओमान के बीच स्थित एक बेहद संकरा लेकिन रणनीतिक समुद्री मार्ग है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की धुरी माना जाता है। हर दिन दो करोड़ बैरल से ज्यादा कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है। यह मात्रा दुनिया की कुल तेल खपत का करीब पांचवां हिस्सा और समुद्री मार्ग से होने वाले तेल व्यापार का लगभग चौथाई हिस्सा है। दुनिया की बड़ी मात्रा में तरलीकृत प्राकृतिक गैस की ढुलाई भी इसी रास्ते से होती है। ऐसे में अगर इस मार्ग में थोड़ी देर के लिए भी बाधा आती है, तो उसका असर केवल तेल बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वित्तीय बाजारों, वैश्विक सप्लाई चेन और आम उपभोक्ताओं के घरेलू बजट तक महसूस किया जाता है। यही वजह है कि होर्मुज में मौजूदा संकट को लेकर दुनिया भर की निगाहें अमेरिका, ईरान और ऊर्जा बाजारों पर टिकी हुई हैं।

# एजईज़ी ने भारत का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे व्यापक और पूरी तरह एकीकृत सीनियर-केयर इकोसिस्टम अंतारा सीनियर केयर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता उत्पाद ब्रांड एजईज़ी ने हाल ही में स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रीब्यूशन तकनीक से युक्त देश का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुनः डिज़ाइन किए गए इन डायपरों में एक अनूठा तीन-स्तरीय डिज़ाइन है, जो अवशोषण को मापनीय रूप से बेहतर बनाता है, झुकाव को कम करता है और रोज़मर्रा के उपयोग के लिए अधिक विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करता है। एजईज़ी ने हर लेयर और उनके आपसी तालमेल को नए सिरे से डिजाइन किया है, जिससे एक ऐसी तकनीक तैयार हुई है जो अब तक किसी और में नहीं देखी गई। यह इन-हाउस विकसित नवाचार फिलहाल पेटेंट मंजूरी का इंतजार कर रहा है। अंतारा सीनियर केयर के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ राजित मेहता ने कहा, एजईज़ी में, वरिष्ठ नागरिक हमेशा हमारे हर काम के केंद्र में रहे हैं, जो हमें नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं। हमने असंयम की समस्या को देखा और खुद से पूछा कि हम इसमें गरिमा और स्वतंत्रता कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। एडल्ट हाइजीन प्रोडक्ट्स को डिजाइन करना इस बात को समझने के बारे में है कि वरिष्ठ नागरिक क्या करना चाहते हैं, लेकिन डर की वजह से खुद को सीमित कर लेते हैं। इसका समाधान केवल बेहतर अवशोषण नहीं हो सकता था; यह ऐसा उत्पाद होना चाहिए जो सुरक्षित, भरोसेमंद, आरामदायक हो, उनके साथ आसानी से चले और अपनी मौजूदगी का एहसास न कराए। हमने अपनी टीम को चुनौती दी कि वे एडल्ट डायपर के काम करने के मूल ढांचे को फिर से सोचें, और इसी से एजईज़ी एडल्ट डायपर पैंट (स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रीब्यूशन के साथ) तैयार हुआ। अंतारा असिस्टेड केयर सर्विसेज के सीईओ ईशान खन्ना ने कहा, ÷हमारे शोध से एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई कि कई वयस्क डायपरों में टॉप शीट अक्सर सबसे कमजोर कड़ी होती है। यदि तरल इस परत से तेजी से होकर अवशोषक कोर तक नहीं पहुंचता, तो सबसे उन्नत कोर भी प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाता। हमने इसे एक विशेष रूप से परफोरेटेड टॉप शीट के माध्यम से हल किया, जो लगभग तुरंत तरल स्थानांतरण सुनिश्चित करती है। लेकिन हमने यहीं नहीं रोका। हमने मानक एक्विज़िशन डिस्ट्रीब्यूशन लेयर को भी एक विशेष संरचना के साथ फिर से डिज़ाइन किया, जो तरल को पूरे डायपर की सतह पर समान रूप से फैलाती है। इससे एक ही स्थान पर तरल जमा नहीं होता, जो झुकाव, लीकेज और त्वचा में असुविधा का मुख्य कारण है। ये दोनों सुधार मिलकर हमारी स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रीब्यूशन‡ तकनीक का आधार बनाते हैं और इस उत्पाद को अलग पहचान देते हैं। एजईज़ी एडल्ट डायपर पैंट्स उम्र बढ़ने से जुड़ी सबसे आम लेकिन पर्याप्त रूप से संबोधित न की गई समस्याओं में से एक–असंयम–के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आईसीआईसीआई प्रू जीपीपी फ्लेक्सी के साथ जीवनभर की निश्चित आय, बिना चिंता का रिटायरमेंट

**गोरखपुर।** यूएनडीपी की 2025 मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लोगों की जीवन प्रत्याशा 1990 में 58.6 साल से बढ़कर 2023 में 72 साल हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार के 'भारत में बुजुर्गों' के डेटा से पता चलता है कि वर्ष 2036 तक हर सात में से एक भारतीय व्यक्ति की उम्र 60 साल या उससे ज़्यादा होगी। ये आँकड़ें भारत में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं का संकेत देते हैं, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ आने वाली चुनौतियों के बारे में भी हर व्यक्ति को जागरूक रहना जरूरी है।प्लान के बारे में बताते हुए श्री विकास गुप्ता, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, रिटायरमेंट प्लानिंग की सबसे बड़ी जरूरत होती है जीवनभर के लिए निश्चित आय। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी इसी जरूरत को पूरा करने के लिए एक आसान और लचीले तरीके से बनाया गया है। इस प्लान में ग्राहकों की अलग अलग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 7 तरह के विकल्प दिए गए हैं। खास बात यह है कि इसमें 'जॉइंट लाइफ' के साथ 'वेवर ऑफ प्रीमियम' का विकल्प भी मिलता है। इसका मतलब है कि यदि पहले पॉलिसीधारक की मृत्यु हो जाती है, तो आगे के सभी प्रीमियम कंपनी खुद भरती है और तय की गई आय दूसरे व्यक्ति (नॉमिनी/पार्टनर) को मिलती रहती है, जिससे परिवार की आर्थिक सुरक्षा बनी रहती है। इसके अलावा, यदि पॉलिसीधारक को किसी गंभीर बीमारी का पता चलता है या वह हमेशा के लिए विकलांग हो जाता है, तो वह पॉलिसी को वापस करके पूरा पैसा रिफंड ले सकता है।जैसेजैसे लोगों की उम्र बढ़ रही है, उन्हें अपने रिटायरमेंट के दौरान बढ़ते खर्च और तेज़ी से बढ़ती मेडिकल महँगाई का सामना करना पड़ेगा। इस चुनौती को समझते हुए और रिटायरमेंट प्लानिंग को आसान बनाने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी तैयार किया है।

# लखनऊ में पतंगबाज़ी के पारंपरिक आयोजन को ऊषा का समर्थन शहर की ऐतिहासिक पतंगबाज़ी की विरासत का उत्सव मनाया

**लखनऊ।** भारत के सबसे सम्मानित उपभोक्ता टिकाऊ ब्रांडों में से एक ऊषा इंटरनेशनल ने शहर की समृद्ध पतंगबाजी विरासत का जश्न मनाते हुए आदर्श सतेंद्र महाविद्यालय, लखनऊ में एक पारंपरिक पतंगबाजी प्रतियोगिता का समर्थन किया। लखनऊ में पतंगबाज़ी की जड़ें नवाबी दौर से जुड़ी हैं और यह आज भी शहर की सबसे जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं में से एक है। समय के साथ, यह एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो गया है, जिसे इसकी विशिष्ट तकनीकों और हवा में होने वाली रोमांचक प्रतिस्पर्धाओं के लिए सराहा जाता है।इस पहल के बारे में बात करते हुए, ऊषा इंटरनेशनल की स्पोर्ट्स इनिशिएटिव्स और एसोसिएशन्स की प्रमुख, सुश्री कोमल मेहरा ने कहा, ÷लखनऊ में पतंगबाजी सिर्फ़ एक त्योहार से जुड़ी गतिविधि ही नहीं है, बल्कि यह सदियों पुरानी परंपरा से बना एक खेल है। इसकी शुरुआत नवाबों के ज़माने में हुई थी, जब इसे एक शाही मनोरंजन के तौर पर खेला जाता था। समय के साथ, यह एक अत्यंत कुशल विषय के रूप में विकसित हो गई है, जिसमें खींच, ढील जैसी तकनीकें और पेंच लड़ाने की प्रतिस्पर्धी भावना इसके अनूठे स्वरूप को परिभाषित करती हैं। यह देखना उत्साहजनक है कि किस तरह यह विरासत आज भी युवा प्रतिभागियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है; आज के डिजिटल युग में, यह उन्हें घर से बाहर निकालकर धूप में ले जाने का एक बेहतरीन ज़रिया है, जो न केवल स्वस्थ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत रखता है। Usha Play में, हम ऐसे स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो स्थानीय प्रतिभाओं को निखारते हैं, सामुदायिक भागीदारी को मज़बूत करते हैं, और भारत की विविध खेल संस्कृति को अधिक पहचान दिलाते हैं। बैटल ऑफ़ स्ट्रिंग्स वन स्काई, मेनी चैंपियंस थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 200 से अधिक पतंग प्रेमियों ने हिस्सा लिया, जिनमें महिलाएं और युवा पतंगबाज़ भी शामिल थे; इन सभी ने अपने कौशल और प्रतिस्पर्धी तकनीकों का प्रदर्शन किया। खेल का आनंद लेने के लिए लगभग 300 लोग इकट्ठा हुए, जो समुदाय के ज़बरदस्त उत्साह और भागीदारी को दर्शाता है। सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप, चीनी धागे का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित था। कार्यक्रम की शुरुआत एक उद्घाटन समारोह से हुई, जिसका उद्घाटन प्रधान संघ की ब्लॉक चेयरपर्सन, सुश्री संयोगिता सिंह ने किया; इसके बाद पतंग उड़ाने की पारंपरिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इस खेल से जुड़ी बारीकियों और कलात्मकता को उजागर किया गया। प्रतिभागियों ने पतंगबाज़ी की ऐसी कई कलाबाज़ियां दिखाईं, जो लखनऊ की पतंगबाज़ी संस्कृति की विशिष्ट पहचान हैं। प्रतियोगिताओं के बाद, विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया, जिसमें कौशल और खेल भावना–दोनों का ही उत्सव मनाया गया। सीनियर कैटेगरी में, मोहम्मद सैफ ने पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद मोहम्मद दाऊद दूसरे स्थान पर रहे, और सैयद मुनीर कासिम तीसरे स्थान पर रहे। इसी श्रेणी के लड़कियों के कैटेगरी में, किरण देवी ने अपने कुशल प्रदर्शन से सबसे अलग पहचान बनाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया; उनके बाद मुस्कान दूसरे और सारिका रावत तीसरे स्थान पर रहीं।

## ट्रूकॉलर जिसे आज दुनिया भर में 500 मिलियन से ज़्यादा लोग उपयोग करते हैं

**लखनऊ।** दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफ़ॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफ़र में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफ़ॉर्म पर यूज़र्स की संख्या लगातार काफ़ी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज़्यादा नए यूज़र्स इस प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज़्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूज़र्स की संख्या 150 मिलियन से ज़्यादा है। इसकी वजह है यह है कि, आज दुनिया भर में अनचाही कॉल्स, स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की ज़रूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरुआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मज़बूत हुआ है। इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आज हर दिन ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को स्पैम, स्कैम और अनचाहे संचार से निपटने में मदद की ज़रूरत है। 500 मिलियन यूज़र्स के आंकड़े से जाहिर है कि लोगों को इसकी कितनी ज़्यादा ज़रूरत है। साथ ही इसे यह भी पता चलता है कि लोग अपने संचार को सुरक्षित बनाने के लिए लोग ट्रूकॉलर पर कितना भरोसा करते हैं। ट्रूकॉलर को लगातार और भी ज़्यादा स्मार्ट टेक्नोलॉजी और नई खूबियों के साथ मज़बूत बनाना ही हमारा संकल्प है, जो यूज़र्स को हर कॉल या मैसेज से पहले, उसके दौरान और उसके बाद भी सुरक्षित रहने में मदद कर सके। आखिर में, हमारा लक्ष्य संचार का ऐसा माहौल तैयार करना है जो सभी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद हो।

## 5जी ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ने से भारत का औसत मासिक डेटा उपयोग प्रति यूज़र 31 जीबी के पारः नोकिया MBiT इंडेक्स 2016

**नई दिल्ली।** नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के 13वें संस्करण से आज निष्कर्ष जारी किए जिसमें भारत के 5जी अंगीकार और डेटा उपभोग एवं रुख में सतत मजबूत गति रेखांकित की गई है। यह रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि पूरे भारत में मासिक 5जी डेटा ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2025 में 12.2 एक्साबाइट पहुंच गया और इस प्रकार से कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में करीब 47 प्रतिशत योगदान यह कर रहा है। प्रति यूज़र औसत मासिक मोबाइल डेटा उपभोग 2025 में बढ़कर 31जीबी से अधिक पहुंच गया जो पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा। यह विस्तृत मोबाइल ब्रॉडबैंड के तेज विस्तार और एआई एप्लीकेशंस, 4के वीडियो स्ट्रीमिंग एवं क्लाउड गेमिंग जैसे अधिक डेटा उपयोग वाले मामलों के लिए बढ़ती मांग को दर्शाता है। वर्ष 2025 में प्रति माह कुल डेटा ट्रैफिक 27 श्वक्क को



पार कर गया जिससे विस्तार लेते 5जी कवरेज और किफायती 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती उपलब्धता से संचालित सतत वृद्धि को दर्शाता है।

इस रिपोर्ट में पाया गया कि मेट्रो सर्किल 5जी को अपनाने में अग्रणी बने हुए हैं जहां इन बाजारों में कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक में इनका 58 प्रतिशत योगदान है जोकि पिछले वर्ष से काफी अधिक है। वर्ग ए, बी और सी सर्किल में वृद्धि में भी तेजी आई है जिससे 5जी कनेक्टिविटी की देशभर में गहरी पैठ का संकेत मिलता है।

भारत का डिवाइस इकोसिस्टम भी तेजी से उभर रहा है। वर्ष 2025 में सक्रिय 4जी डिवाइस की संख्या 892 मिलियन पहुंच गई जिसमें से 383 मिलियन पहले से 5जी सक्षम हैं, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक 5जी सपोर्ट वाले स्मार्टफोन इस वर्ष के दौरान निर्यात किए गए जिससे 5जी में मल्टी-बैंड तैनाती के लिए तैयारी मजबूत हो रही है।

इस रिपोर्ट में एआई सुपरसाइकिल के उभरते प्रभाव को भी रेखांकित किया गया जिससे नेटवर्क ट्रैफिक पैटर्न को तेजी से नया आकार मिलने की संभावना है। एआई सक्षम एप्लीकेशंस, गहन अनुभव और स्वायत्त प्रणालियों के व्यापक स्तर पर विस्तार लेने से नेटवर्कों को एआई नेटिव, इंटेंट आधारित ऐसे आर्किटेक्चर की दिशा में उभरने की जरूरत पड़ेगी जो अधिक अपलिंक मांग, निम्न लेटेंसी जरूरतों और अधिक वितरित कंप्यूटिंग कार्यभार संभालने में सक्षम हो।

## नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा की

नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने आज टाइप 2 मधुमेह और मोटापे या अधिक वजन से जूझ रहे लोगों के लिए अपनी भरोसेमंद सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा की। 1 अप्रैल 2026 से, भारत में ओज़ेम्पिक की शुरुआती खुराक की कीमत में 36प्रतिशत और वेगोवी की शुरुआती खुराक की कीमत में 48प्रतिशत की कमी की जाएगी। ओज़ेम्पिक (0.25 एमजी) और वेगोवी (0.25 एमजी) अब 202 रुपये प्रतिदिन या 1,415 रुपये प्रति सप्ताह (टैक्स सहित) की कीमत पर उपलब्ध होंगे।इसका उद्देश्य इन आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं को भारत में मधुमेह और मोटापे से जूझ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है, ताकि उन्हें सुरक्षित, प्रभावी और भरोसेमंद इलाज आसानी से मिल सके। इस बारे में बोलते हुए नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के प्रबंध निदेशक विक्रांत श्रोत्रिया ने कहा हम विज्ञान से प्रेरित हैं, लेकिन हमारा ध्यान हमेशा मरीजों पर रहता है। अपने नवाचारी उपचारों की कीमतों में बदलाव करके हम कोशिश कर रहे हैं कि भारत में टाइप 2 मधुमेह, अधिक वजन और मोटापे से जूझ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए बेहतर स्तर की कार्डियोमेटाबोलिक देखभाल सस्ती और सुलभ हो सके। हमने मरीजों और डॉक्टरों की बात सुनी है और उसी के आधार पर यह कदम उठाया है। भारत में मधुमेह, मोटापा और उनसे जुड़ी समस्याओं का बोझ बहुत ज्यादा है, और हम सुरक्षित, प्रभावी और भरोसेमंद समाधानों के जरिए इसे कम करने का प्रयास कर रहे हैं। ओज़ेम्पिक एक ऐसी जीएलपी-1 आरए दवा है, जो टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए कई तरह के फायदे देती है। यह ब्लड शुगर को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने, प्रभावी रूप से वजन घटाने और टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में दिल और किडनी से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम करने में मदद करती है।वहीं, वेगोवी अधिक वजन या मोटापे से जूझ रहे लोगों में सुरक्षित और लंबे समय तक टिकने वाला वजन कम करने में मदद करती है और दिल से जुड़ी समस्याओं के जोखिम को भी कम करती है।

# रवि किशन और अनंत जोशी "मामला लीगल है" का जबरदस्त धमाल लेकर पहुँचे लखनऊ

**लखनऊ।** रवि किशन और अनंत जोशी मामला लीगल है सीज़न 2 को प्रमोट करने के लिए लखनऊ पहुँचे। यहाँ पर उन्होंने शो के ड्रामा, हाजिर-जवाबी, और मस्ती की बेहतरीन डोज़ के साथ स्थानीय मीडिया से बात की। 'मामला लीगल है' में अपनी मजेदार बातों का जादू बिखेरने वाले अनंत जोशी ने कहा, हम सभी सेट पर बहुत मजे करते हैं, साथ में अच्छा समय बिताते हैं, एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार करते हैं, जैसे हम हैं। 'मामला लीगल है' शो की खूबसूरती यही है और यही जोश स्क्रीन पर दिखती है और इसलिए ही 'मामला लीगल है' को दर्शकों से इतना प्यार मिल रहा है।÷ रवि किशन के मुताबिक दर्शकों को 'मामला लीगल है' जरूर देखना चाहिए, उन्होंने कहा, ÷यह शो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। ये घटनाएं वास्तव में हुई हैं। इसलिए




यह शो पूरी दुनिया के दर्शकों के जीवन से जुड़ा हुआ है। यह शो आपके हृदय को छू लेगा और आपको ऐसा महसूस होगा कि ये किरदार आपके परिवार के ही सदस्य हैं। यह एक ऐसा शो है जो आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं। डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की उथल-पुथल दिखाने वाले 'मामला लीगल है' में बेहतरीन ह्यूमर, अजीब किरदारों और चौंकाने वाले मामलों का शानदार मिश्रण पेश किया गया है। सीज़न 2 और ज्यादा हँसी, बेतुकी घटनाओं तथा और ज्यादा मनोरंजक ट्विस्ट्स के साथ और भी अधिक दिलचस्प हो गया है। इसमें जीवन से जुड़ी कहानियाँ देसी अंदाज में पेश की गई हैं, जो पूरे देश के दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। 'मामला लीगल है सीज़न 2' की स्ट्रीमिंग शुरू हो गई है। इसे दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है।

# रॉयल एनफील्ड ने 2026 हंटर 350 लाईनअप के नए आकर्षक कलर और वैरिएंट पेश किए

**लखनऊ।** मिड-साईज़ मोटरसाइकिल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने अपने 2026 हंटर 350 पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। शहरों की गलियों के लिए साल 2022 में लॉन्च हुई हंटर 350 की जबरदस्त सफलता के बाद रॉयल एनफील्ड ने टारमैक ब्लैक कलर में नए बेस प्रीमियम वैरिएंट के साथ नए कलरवेज़ मुंबई यलो और मूनशॉट व्हाईट पेश किए हैं।ये तीनों मोटरसाइकिल लखनऊ में रॉयल एनफील्ड के अल्टीमेट स्ट्रीट कल्चर प्लेटफॉर्म, हंटरहुड में प्रदर्शित की गईं।इन नए फीचर्स के साथ अब और अधिक राईडर लगातार बढ़ती हंटर ट्राईब में शामिल होंगे तथा प्योर मोटरसाइक्लिंग का शानदार स्टाईल और अनुभव शहरी बाजारों के बाहर और अधिक राईडर्स तक पहुँचेगा। दुनिया की सबसे कूल जगहों और शहरों के लिए निर्मित रॉयल एनफील्ड हंटर 350 एक लाईटवेट, फुर्तीली और स्टाईलिश मोटरसाइकिल है, जो नई जनरेशन के राईडर्स को रॉयल एनफील्ड समुदाय में शामिल कर रही है। ये राईडर केवल शहरों में चलते ही नहीं है, बल्कि अपनी मोटरसाइकिल के माध्यम से अपना व्यक्तित्व भी प्रदर्शित करते हैं।नया बेस प्रीमियम वैरिएंट हंटर की एंट्री लेवल की पेशकश को और अधिक मजबूत विज़्युअल एवं इंटरफेस पैकेज प्रदान कर रहा है। साथ ही, इसमें इसका मूल डीएनए, सहज राईडिंग, इन्ट्यूटिव कंट्रोल और प्योर मोटरसाइक्लिंग का अनुभव भी बरकरार है। इस वैरिएंट में मिड और टॉप वैरिएंट के चुनिंदा फीचर लेकर हंटर लाईन-अप का स्वाभाविक विस्तार किया गया है। एंट्री लेवल के मौजूदा वैरिएंट में इन जबरदस्त सुधारों ने रेंज में स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए इस अपग्रेड को और अधिक आकर्षक बना दिया है।रॉयल एनफील्ड ने खुद के व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति के रूप में हंटर की पहचान को मजबूत बनाते हुए टॉप वैरिएंट में दो नए कलर पेश किए हैं।मुंबई यलो एक बोल्ड, तुरंत प्रभाव छोड़ने वाली और पूरी तरह से अर्बन कलर है। यह शहर की विकसित ऊर्जा, बॉलिवुड, आर्ट



और निरंतर गतिशीलता से प्रेरणा लेकर हाई-इंपैक्ट फिनिश में स्ट्रीट की भावना को समेटे हुए है।मूनशॉट व्हाईट को कहानी कहने के लिए विकसित किया गया है। यह आदर्श हंटर, ओरियन से प्रेरित है। इसका डिज़ाईन हाथों से बने ग्राफिक्स और आकाशीय तत्वों के माध्यम से ड्युअलिटी और सेल्फ-एक्सप्रेशन की खोज करता है।रॉयल एनफील्ड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, यादविंदर सिंह गुलेरिया ने कहा, ''हंटर 350 नई पीढ़ी के राईडर्स को बहुत ज्यादा पसंद आ रही है, जो मोटरसाइकिल की सहजता, उपयोगिता और पहचान की भावना को महत्व देते हैं। बेस प्रीमियम वैरिएंट पेश करके हम हंटर के प्रस्ताव को और अधिक मजबूत बना रहे हैं और इसमें ऐसे बेहतरीन अपग्रेड पेश कर रहे हैं, जो राईड के दैनिक अनुभव को बेहतर बनाकर बड़ी संख्या में राईडर्स के लिए इस प्लेटफॉर्म की उपलब्धता बढ़ाते हैं। इसकी मदद से हंटर न केवल शहरों में, बल्कि छोटे कस्बों और गाँवों में भी अपने कदम बढ़ाती जा रही है। नए कलर, मुंबई यलो और मूनशॉट व्हाईट एक ऐसी मोटरसाइकिल के रूप में हंटर की पहचान को मजबूत बनाते हैं, जो इसके राइडर्स की संस्कृति, व्यक्तित्व और व्यक्तित्व का प्रदर्शन करती है। हमें विश्वास है कि 2026 हंटर 350 भारत में नई पीढ़ी के राइडर्स की पसंदीदा मोटरसाइकिल के रूप में अपनी स्थिति को लगातार मजबूत करेगी।हंटर 350 रॉयल एनफील्ड की अधिकृत डीलरशिप्स और रॉयलएनफील्ड.कॉम पर उपलब्ध होगी। नए वैरिएंट और कलर की रिटेलिंग और टेस्ट राईड 4 अप्रैल, 2026 से शुरू हो गई हैं।ये मोटरसाइकिल लखनऊ में आयोजित रॉयल एनफील्ड के लोकप्रिय स्ट्रीट कल्चर प्लेटफॉर्म हंटरहुड में पेश की गई, जिसमें अपनी सांस्कृतिक पहचान के लिए मशहूर शहर, लखनऊ में म्यूज़िक, आर्ट और रचनात्मक अभिव्यक्ति का बेहतरीन मेल देखने को मिला चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और शिलॉन्ग में मोटरसाइक्लिंग के मुकाबले बहुत व्यापक अनुभव में हजारों प्रतिभागियों, घरेलू प्रतिभाओं और शानदार कलाकारों को एकत्रित करने के बाद यह प्लेटफॉर्म और ज्यादा तीखे अंदाज एवं जबरदस्त उत्साह के साथ लखनऊ पहुँचा और यहाँ तेज गति, साउंड और स्ट्रीट में जन्मी अभिव्यक्ति का रोमांचक अनुभव प्रदान कियाईवेंट में लगातार बजते डीजे के साथ कृष्णा और पैंथर ने मुख्य स्टेज का समां बांध दिया। वहीं स्केटबोर्डिंग, बीएमएक्स, स्ट्रीट फुटबॉल और डांस क्रू ने कार्यक्रम में जबरदस्त ऊर्जा बनाकर रखी। एक्सएलएनसी कस्टम्स द्वारा कस्टम-निर्मित चीजों, ग्रैफिटी और आर्ट इंस्टॉलेशन के साथ केंद्र में मशीन का प्रदर्शन बहुत दिलचस्प था।

## रियलमी ने भारत में अपना नया स्मार्टफोन रियलमी 16 5जी लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** रियलमी ने भारत में अपना नया स्मार्टफोन रियलमी 16 5जी लॉन्च कर दिया है, जो दमदार बैटरी, स्लिम डिज़ाइन और उन्नत कैमरा फीचर्स के साथ मिड-रेंज सेगमेंट में नया मानक स्थापित करने का दावा करता है। कंपनी के अनुसार, यह फोन 30,000 रुपये से कम कीमत में सबसे संतुलित और फीचर-समृद्ध विकल्पों में से एक है। रियलमी 16 5जी की सबसे बड़ी खासियत इसकी 7,000 एमएएच की बड़ी बैटरी है, जो 60 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है। यह डिवाइस लंबे समय तक उपयोग और तेज़ चार्जिंग का अनुभव देता है। फोन में 50 मेगापिक्सल का एआई पावर्ड ड्युअल पोर्ट्रेट कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसमें सोनी IMX852 सेंसर शामिल है। साथ ही 50 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा हाई-क्वालिटी सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए बेहतर प्रदर्शन देता है।




इस स्मार्टफोन में उद्योग का पहला रियर सेल्फी मिरर दिया गया है, जिससे यूज़र मुख्य कैमरे से भी आसानी से सेल्फी ले सकते हैं। इसके अलावा एआई आधारित फीचर्स जैसे जेस्चर कंट्रोल, वॉयस काउंटडाउन और एआई एडिटिंग टूल्स फोटोग्राफी को और स्मार्ट बनाते हैं। डिज़ाइन की बात करें तो रियलमी 16 5जी में एयर-लाइट स्लिम बॉडी दी गई है, जिसकी मोटाई मात्र 8.1 मिमी और वजन 183 ग्राम है। यह फोन IP69 समेत कई ड्यूरेबिलिटी सर्टिफिकेशन के साथ आता है, जो इसे पानी और धूल से सुरक्षित बनाते हैं। कीमत की बात करें तो इसकी शुरुआती कीमत 31,999 रुपये रखी गई है, जबकि ऑफर्स के साथ यह 28,999 रुपये में उपलब्ध होगा। इसकी बिक्री 6 अप्रैल 2026 से शुरू होगी।

# 5 करोड़ की हेरोइन के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे

- कसया पुलिस और एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त कार्रवाई
- 2.505 किलो हेरोइन, चार मोबाइल व नकदी बरामद

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। कसया थाना पुलिस और एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.505 किलोग्राम अवैध हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करों के पास से 11,040 रुपये नकद और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विनोद साहनी पुत्र स्व. खेदू साहनी निवासी गुदरा थाना मझौलिया जनपद पश्चिमी चंपारण (बिहार) और राहुल कुमार पुत्र धनुकधारी दांगी निवासी गिद्धौर थाना गिद्धौर जनपद चतरा (झारखंड) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दोनों मिलकर अफीम खरीदते थे और उससे हेरोइन तैयार कर अलग-अलग ग्राहकों को महंगे दामों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे।

शनिवार को भी वे तैयार हेरोइन बेचने के लिए कुशीनगर में ग्राहक तलाश रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। इस संबंध में थाना कसया में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर इस तस्करी नेटवर्क के अन्य सहयोगियों की तलाश में कार्रवाई तेज कर दी गई है।

### अफीम से हेरोइन बनाकर महंगे दामों में बेचते थे तस्कर

पुलिस ने अफीम से हेरोइन तैयार कर ऊंचे दामों में बेचने वाले आरोपियों का पर्दाफाश किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अफीम को प्रसंस्कृत कर हेरोइन बनाते थे और फिर इसे अलग-अलग क्षेत्रों में महंगे दामों पर सप्लाई करते थे।

पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से मादक पदार्थ और उससे जुड़े उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। एसपी केशव कुमार का कहना है कि यह एक संगठित नेटवर्क हो सकता है, इसलिए मामले की गहन जांच की जा रही है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## शिव सेना यूबीटी ने शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक की मांग

**बस्ती।** शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रदेश सचिव संजय प्रधान के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित 13 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि निजी स्कूलों में शिक्षा के बाजारीकरण को रोका जाय और सरकारी विद्यालयों में मानक के अनुसार मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाय।ज्ञापन सौंपने के बाद शिव सेना नेता संजय प्रधान ने कहा कि शिक्षा का बाजारीकरण हो चुका है। अभिभावक कदम-कदम पर ठगा जा रहा है और जिम्मेदार चुप्पी साधे हुये हैं। फीस, किताब, ड्रेस के नाम पर मनमानी वसूली की जा रही है। इस पर अंकुश लगाया जाय। ज्ञापन में जनपद के विद्यालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं और शिक्षा व्यवस्था में गिरावट को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। कहा गया है कि सरकारी विद्यालयों में मिड-डे मील, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं में अनियमितताएं सामने आ रही हैं।

# कुशीनगर में 'स्कूल चलो अभियान' की गूंज, हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने का संकल्प

- विकास भवन में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, सांसद व विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**अवधनामा ब्यूरो**


स्कूल चलो अभियान का हरी झंडी दिखाते सांसद विजय दुबे

**कुशीनगर।** जिले में शनिवार को 'स्कूल चलो अभियान 2026-27' की जोरदार शुरुआत हुई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह 9:30 बजे वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से इस अभियान का शुभारंभ किया, जिसका सजीव प्रसारण कुशीनगर के विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय कुमार दुबे और विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इसके लिए प्रशासन, शिक्षक और समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद 'स्कूल चलो अभियान 2026-27' के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 'सब पढ़ें-सब बढ़ें' के नारों से गूंजा गांव, स्कूल चलो अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली


स्कूल चलो अभियान की रैली निकालते बच्चे

- राजपुर खास से निकली रैली ने कई गांवों में किया जनजागरण, अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजपुर खास में शनिवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करना था। रैली को विद्यालय के प्रधानाध्यापक व्यास मुनि सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली राजपुर खास से शुरू होकर छोटा राजपुर, नरायनपुर चरगहा, राजपुर गोबरहा और सेमरा गांवों से होते हुए निकली। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'बेटी पढ़ाओ, देश बढ़ाओ' और 'शिक्षा है अधिकार, इसे न करें इंकार' जैसे जोशीले नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। गांवों की गलियों से गुजरती रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया और अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय परिवार की ओर से संदेश दिया गया कि शिक्षा ही एक सशक्त, जागरूक और समृद्ध समाज की मजबूत आधारशिला है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक व्यास मुनि सिंह ने सभी छात्रों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। रैली के सफल आयोजन में शिक्षक बिपिन सिंह, उर्मिला देवी, अजय सिंह, अरुण कुमार, आनंद कुमार, मनोज राही और रानी शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## कुशीनगर में पर्यटन और निवेश पर मंथन, सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने किया स्थलों का भ्रमण



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सिंगापुर गणराज्य के भारत में उच्चायुक्त साइमन वोंग ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थस्थली कुशीनगर पहुंचकर महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर में भगवान बुद्ध की वंदना की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में भगवान बुद्ध को चीवर अर्पित किया तथा कुशीनगर के प्रमुख बौद्ध एवं ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर उच्चायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव-2026 के सफल आयोजन के लिए जनपद प्रशासन और सहयोगी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनुशंसा पर सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल की यह कुशीनगर की पहली आधिकारिक यात्रा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर बौद्ध धर्म का विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है, जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं और दुनिया भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक यहां पहुंचते हैं। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि यह हवाई अड्डा आधुनिक और मजबूत अवसंरचना से युक्त है तथा भविष्य में यहां से चार्टर और नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन की व्यापक संभावनाएं हैं।

# बरवा कला में 3.57 करोड़ की लागत से बनी ओवरहेड टैंक का सांसद ने किया लोकार्पण

- जल जीवन मिशन के तहत बरवा कला में ऑटोमेशन सिस्टम से हर घर पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

**अवधनामा ब्यूरो**


ओवरहेड टैंक का लोकार्पण करते सांसद विजय दुबे

**कुशीनगर।** पड़रौना क्षेत्र के ग्राम सभा बरवा कला में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित ओवरहेड पानी की टंकी का लोकार्पण सांसद विजय कुमार दुबे ने किया। 3.57 करोड़ रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था एनसीसी द्वारा निर्मित इस टंकी से ऑटोमेशन सिस्टम के माध्यम से क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।

लोकार्पण के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के माध्यम से गांव-गांव में पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर होगा।उन्होंने कहा कि इस योजना से महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने की समस्या से राहत मिलेगी तथा जलजनित बीमारियों में भी कमी आएगी। सांसद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा दयाल तिवारी ने किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता जल निगम (ग्रामीण) विक्रम प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता आतिफ हुसैन, सहायक अभियंता विवेक कुशवाह, नीरज कुमार, अवर अभियंता, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, रामानुज मिश्रा सहित ग्रामवासी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 72 मामलों में 10 का मौके पर निस्तारण




**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे तथा मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति के साथ सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में किया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया, इस दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर पालिका, समाज कल्याण इत्यादि से संबंधित मामले आए, इसी तरह प्रार्थीनी अमरीन अली के परिजनों ने डॉ मिली अग्रवाल के विरुद्ध गलत उपचार और लापरवाही की शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह ग्राम आरोंज के निवासी उदयवीर सिंह और देवी दयाल ने पड़ोसी कास्तकारों द्वारा दबंगई की शिकायत की गई, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और एसएसओ शिकोहाबाद को मौके पर जाकर निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए, इसी तरह समाज सेवी सद्दाम हुसैन वह अन्य ने मैनपुरी तिराहे पर लगातार हो रहें दुर्घटनाओं की चिंता जताते हुए, वहां स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की, डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इस स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया।

## थाना टूंडला पुलिस ने एक बाइक लुटेरे को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम ने टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत मोटरसाइकिल लूट की घटना कारित करने वाले एक शातिर लुटेरे अभियुक्त को अवैध असलहा व एक लूटी हुई मोटर साइकिल सहित पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है। टूण्डला पर वादी अमित पुत्र नारायण सिंह निवासी रसूलपुर ने मोटर साइकिल लूट लेने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया था। सूचना मिली कि लूट की मोटरसाइकिल लेकर अभियुक्त बाईपास रोड गेल गैस से पहले बाई ओर खाली प्लाट में मोटर साइकिल के सौदा करने के लिये खडा हुआ हैं, सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा बाईपास रोड गेल गैस प्लांट के सामने खाली प्लॉट से पहले पहुँचे तो पुलिस को अपनी ओर आते देख संदिग्ध व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

# बीएसए ने जारी किया नोटिस, 10वीं के मान्यता पर उठे सवाल

- अवकाश के दिन वार्षिकोत्सव के रिहर्सल हेतु बुलाए गए थे बच्चे
- जांच में कक्षा 10 की किताबें मिलने से बढ़ा मामला
- बीएसए ने बताया 8वीं कक्षा तक है मान्यता


5 ग्रीनलैंड इंटरनेशनल स्कूल की जांच करने पहुंचे बीएसए

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही के ग्रीनलैंड इंटरनेशनल स्कूल में धुएं से बच्चों के बीमार होने की घटना के बाद अब विद्यालय की कार्यप्रणाली और मान्यता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गुड फ्राइडे के गजेटेड अवकाश के दिन विद्यालय खुला होने के मामले में बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाते हुए संचालक को नोटिस जारी किया है।

जांच के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राम जियावन मौर्य ने बताया कि अवकाश के बावजूद विद्यालय संचालन को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक जांच में विद्यालय प्रबंधन ने आठवीं कक्षा तक की मान्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए। हालांकि इसी दौरान जांच टीम को मौके पर कक्षा 10 से संबंधित पुस्तकें भी मिलीं, जिससे संदेह गहरा गया कि विद्यालय में निर्धारित मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिसे लेकर बीएसए ने कहा कि यह डीआईओएस की जांच में क्लियर होगा।

विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि वार्षिकोत्सव की तैयारियों के चलते केवल रिहर्सल के लिए छात्र-छात्राओं को बुलाया गया था, लेकिन विभाग इस तर्क से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आ रहा है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जहां एक ओर फॉरेंसिक टीम घटना के कारणों की जांच में जुटी है, वहीं शिक्षा विभाग भी विद्यालय की मान्यता, सुरक्षा मानकों और संचालन व्यवस्था की गहन पड़ताल कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कुशीनगर।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के गौरी शुक्ल के टोला बिन टोलिया में मित्र के घर से भोजन कर लौट रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी 25 वर्षीय जाकिर पुत्र अलीहुसैन शुक्रवार की रात करीब नौ बजे गांव के ही एक मित्र के घर दावत खाने गया था। भोजन करने के बाद जब वह अपने घर लौटने लगा तो मित्र के दरवाजे पर ही अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन युवक को उसके मित्र ओम सिंह पुत्र महेश्वर सिंह के साथ तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे,



जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध होने के कारण चिकित्सकों ने शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतक के चाचा ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कैरियर काउंसलिंग गठन विषयक हुई संगोष्ठी



**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग गठन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की संयोजक प्रो आशा गुप्ता ने मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी मुख्य डॉ के के शुक्ल एवं शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ देवेंद्र मिश्रा सहित विभिन्न विभागों से आए प्राध्यापकों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ के के शुक्ल ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कौशल रुचि व्यक्तित्व एवं आकांक्षाओं के आधार पर सही शैक्षिक एवं व्यावसायिक मार्ग का चयन करने में मार्गदर्शन प्रदान करना है।वहीं डॉ देवेंद्र मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में छात्रों के लिए केवल पारंपरिक शिक्षा ही नहीं बल्कि उद्योग शोध एवं अन्य क्षेत्रों में भी अवसर उपलब्ध हैं जिनके चयन में कैरियर काउंसलिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कैरियर काउंसलिंग एक सतत प्रक्रिया है जो व्यक्ति को स्वयं की क्षमताओं एवं कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं को समझने में सहायता करती है जिससे वह अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय सही दिशा में ले सके।

## तहसील दिवस में 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**बस्ती।** भानपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में कुल 56 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमे से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने भी जनसुनवाई किया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ बच्चों को बांटे गए बैग व पाठ्य पुस्तकें

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** जनपद वाराणसी स्थित कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद अमेठी के विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि उपस्थित रहे। उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र में प्राथमिक विद्यालय माधवपुर में नामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी वितरित की गई जिससे उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़े। इसके साथ ही विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नामांकन अभियान में सराहनीय योगदान देने वाले 11 शिक्षकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से शिक्षकों का उत्साहवर्धन हुआ और अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्कूल चलो अभियान प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

# स्कूल चलो अभियान का सजीव प्रसारण देखा गया

**बृजेश कुमार शुक्ल**



**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से 'स्कूल चलो अभियान' के शुभारंभ का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना की अध्यक्षता में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के 10 प्राथमिक विद्यालयों—गणेशपुर प्रथम, सुकरौली, कटरा बुजुर्ग, मनहांडी, भदेश्वर नाथ, कोविलपुरा, बनगांव प्रथम, अंडा, परसालाल शाही एवं गंगाराम मझरिया—को 'निपुण सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि स्कूल चलो अभियान' बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने कहा कि पास्कूल चलो अभियान' का प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल तथा द्वितीय चरण 1 से 15 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य ड्रॉपआउट दर को समाप्त करना तथा विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी देने का प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय कुमार , हरैया विधायक प्रतिनिधि सरोज बाबा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी, सदर विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र दुबे तथा कप्तानगंज विधायक प्रतिनिधि गुलाब सोनकर,जिला समन्वयक अमित मिश्रा, सुनील त्रिपाठी, सत्येंद्र श्रीवास्तव, आलोक त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र पांडे, दिव्यांश त्रिपाठी तथा एसआरजी आशीष श्रीवास्तव, अंगद प्रसाद पांडे, सर्वेष्ट मिश्रा, उमाशंकर पांडेय, शिवनंदन मिश्रा, सिद्धांत प्रजापति, आलम, परिणीता सिंह, मनाली पांडे, सलेहा खातून, अंकिता सिंह, ज्योति त्रिपाठी अनिल पांडे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एक आई हॉस्पिटल के सहयोग से बच्चों के नेत्र की जांच कराकर 45 में से 12 बच्चों को चश्मा वितरित किया गया।

# मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान का विकास भवन में हुआ सजीव प्रसारण

■ बच्चों को बांटे गए स्कूल बैग और निः शुल्क पाठ्य पुस्तकें

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा वाराणसी से किया गया।इस दौरान विकास भवन सभागार बहराइच में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। इस स्कूल चलो अभियान सजीव प्रसारण कार्यक्रम मे सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एआरपी के साथ परिषदीय स्कूल पुलिस लाइन के छात्र - छात्राओं की उपस्थित रही।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम निवास वर्मा,सुभाष त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने खंड शिक्षा अधिकारियों को शत --प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य पूरा करने और ड्राप आउट बच्चों को स्कूल में नामंकित कराने का निर्देश दिया। विधायक पयागपुर ने सरकार के दिशा निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए संकल्पबद्ध होने को कहा। विधायक नानपारा ने शिक्षा की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम जिससे बच्चों का बहुआयामी विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि उनकी पूरी टीम कर्तव्यनिष्ठा के साथ लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में प्राप्त करेगी। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण और स्कूल बैग का वितरण कार्य भी जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बीईओ अनुराग कुमार मिश्र, रणजीत कुमार, डाली मिश्रा, जिला समन्यवक अनुराग मिश्र, राकेश सिंह, इसरार पठान, प्रदीप वर्मा, लालजी दूवे, एआरपी-कुमार अभय श्रवण मिश्र हरि ओम जितेन्द्र रॉय सुरेश यादव नरेन्द्र रॉय सूर्य प्रताप सिंह, श्रीश श्रीवास्तव, संदीप कुशवाहा, पवन दूवे, रश्मि मदेसिया, क्षमा चौहान प्रियंका चौवे, आशाराम नीतीश सिंह जयबीर सिंह सुरेश कुमार सहित तमाम खण्ड शिक्षा अधिकारी एआरपी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पंचायत भवनों पर लटक रहे ताले, पंचायत सहायक गायब

**चांदा/सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र के विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा में सरकारी व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों पर ताले लटकते मिले। जबकि पंचायत सहायक नदारद हैं। और जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मौन दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और जरूरी कामों के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए लाखों रुपये खर्च कर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की थी। लेकिन ब्लाक के कई गांवों में हालात ऐसे हैं। कि पंचायत भवन वीरान पड़े हैं। और पंचायत सहायकों का कहीं अता-पता नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है। कि जब भी वह जन्म प्रमाण पत्र, आय-जाति, परिवार रजिस्टर या अन्य जरूरी काम के लिए पंचायत भवन पहुंचते हैं। तो उन्हें सिर्फ बंद दरवाजे और लटकते ताले ही दिखाई देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब पंचायत भवन ही बंद हैं तो ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस अव्यवस्था पर नहीं पड़ रही।

# शाहजहांपुर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में शनिवार को बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला समाजवादी पार्टी व महानगर समाजवादी पार्टी की संयुक्त रूप से मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आगामी 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जनपद शाहजहांपुर की सभी विधानसभाओं में सेक्टर वार जयंती मनाने को लेकर चर्चा हुई व जनपद शाहजहांपुर में किसानों को खाद न मिलने स्मार्ट मीटर से लाइट काटने तथा गैस की किल्लत को लेकर नेताओं ने वक्तव्य दिए। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि आगामी 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जनपद शाहजहांपुर की सभी छःविधानसभाओं में अखिलेश यादव के निर्देश पर सेक्टरवार मनाई जाएगी उन्होंने कहा 10 अप्रैल को मतदाता सूचियों का प्रकाशन हो रहा है उसक़ो सभी पार्टी के नेतागढ़ बूथ प्रभारी,सेक्टर प्रभारी एवं कार्यकर्ता सही से देख ले और मतदाता सूचियों के बाद 11 अप्रैल 2026 से सभी पार्टी कार्यकर्ता गढ़, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी,बूथ अध्यक्षों को वोट बढ़ाने का काम करना है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा आदि नेताओं ने बैठक को संबोधित किया

## नाला निर्माण में अनियमितता व गुणवत्ता पर उठा सवाल, जांच करने पहुंचे जेई

**लंभुआ/सुल्तानपुर।** नगर पंचायत लंभुआ में बन रहे नाले में अनियमितता को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। लोगों का आरोप है कि नाला निर्माण में मानक अनुरूप काम नहीं किया जा रहा है, जिससे जल निकासी की समस्या और नाले की दीवार गिरने व फटने का खतरा हो सकता है। नाला निर्माण में लगा फर्मा में बंधी सरिया से डेढ़ फीट ऊपर ढालकर नाले की दीवार बनाई जा रही है, जो कभी भी गिर सकती है। बसपा नेता नन्हे सिंह ने मानक के विपरीत हो रहे कार्य का विरोध किया। विरोध होने पर नगर पंचायत के जेई रजनीश त्रिपाठी ने नाले की गुणवत्ता व मानक को चेक किया तो मानक के अनुरूप नहीं मिला, जिसपर जेई ने काम कर रहे सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए पुनः फरमा तक मानक के अनुरूप सरिया बांध कर नाले के निर्माण करने के लिए निर्देशित किया।

## तिकोनिया पार्क में स्थापित होगी महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा



**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद के तिकोनिया पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित किए जाने को शासन से स्वीकृति मिल गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिमा स्थापना के लिए पूर्ण रूप से शासकीय वित्त स्वीकृत किया गया है। इसे सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह के प्रयासों की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विधानसभा सुल्तानपुर के नागरिक समाज, विशेषकर क्षत्रिय समाज द्वारा लंबे समय से महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जा रही थी। यह मांग कई बार विधायक विनोद सिंह के समक्ष रखी गई थी। विधायक ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा और लगातार प्रयास कर स्वीकृति दिलाई। महाराणा प्रताप को देश और समाज में स्वाभिमान, वीरता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक माना जाता है। तिकोनिया पार्क में उनकी प्रतिमा स्थापित होने से जनपद के युवाओं को राष्ट्र प्रेम और स्वाभिमान की प्रेरणा मिलेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह प्रतिमा जिले के लिए गौरव का विषय होगी और आने वाली पीढ़ियों को इतिहास से प्रेरणा मिलेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पूरे खेमकरन विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पूरे खेमकरन विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान- सुनीता वर्मा**
**ग्राम पंचायत - पूरे खेमकरन**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव- रमेश कन्नौजिया**
**ग्राम पंचायत - पूरे खेमकरन**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय जरगर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सराय जरगर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान-जाहिदा बेगम**
**ग्राम पंचायत - सराय जरगर**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव- लाल बहादुर सिंह**
**ग्राम पंचायत - सराय जरगर**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मधईपुर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मधईपुर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान-रनिवास सिंह**
**ग्राम पंचायत - मधईपुर**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव- लाल बहादुर सिंह**
**ग्राम पंचायत - मधईपुर**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा पदुम विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपरा पदुम विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान-अनिल कुमार यादव**
**ग्राम पंचायत - पिपरा पदुम**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव- शबाना परवीन**
**ग्राम पंचायत - पिपरा पदुम**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दवतपुर विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चन्दवतपुर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान-अनुराधा शुक्ला**
**ग्राम पंचायत - चन्दवतपुर**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव- शबाना परवीन**
**ग्राम पंचायत - चन्दवतपुर**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भगहरबुलन्द विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगहरबुलन्द विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .15/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान-गीता देवी**
**ग्राम पंचायत - भगहरबुलन्द**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव-दीपक कुमार श्रीवास्तव**
**ग्राम पंचायत - भगहरबुलन्द**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बनघुसरा विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा।

पत्रांक : मेमो/राज्य वित्त आयोग,( पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग,) ( केन्द्रीय वित्त आयोग 15वां वित्त, 16 वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज दो/तीन आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27 दिनाँक : 04/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनघुसरा विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 राज्य वित्त आयोग, (पंचम वित्त/ छठवां वित्त आयोग) केन्द्रीय वित्त,(पंद्रहवाँ बित्त, सोलहवां वित्त आयोग) स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग बिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कमप्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मो से निविदा दिनांक .15/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**प्रधान-मुरलीधर तिवारी**
**ग्राम पंचायत - बनघुसरा**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**

**सचिव-दीपक कुमार श्रीवास्तव**
**ग्राम पंचायत - बनघुसरा**
**विकास खण्ड- झंझरी, जनपद- गोण्डा।**


# गैस एजेंसी पर उमड़ी भीड़, व्यवस्था संभालने को पुलिस तैनात



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले के कूरेभार कस्बे के अयोध्या मार्ग स्थित इंडियन गैस सर्विस कार्यालय पर इन दिनों उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। गैस बुकिंग, केवाईसी और सिलेंडर वितरण से संबंधित जानकारी लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग एजेंसी पहुंच रहे हैं, जिससे कार्यालय परिसर में अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कूरेभार थाने से एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी भी लगाई गई है। यह तैनाती बढ़ती भीड़ को देखते हुए की गई है ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे। इंडियन गैस सर्विस कूरेभार के प्रबंधक सुरेश चंद्र दूबे ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे एजेंसी कार्यालय पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने बताया कि एजेंसी की ओर से घर-घर जाकर गैस सिलेंडर वितरण सेवा सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। प्रबंधक के अनुसार, एजेंसी की पूरी टीम पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ उपभोक्ताओं के घर तक समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर पहुंचाने का कार्य कर रही है। एजेंसी का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक उपभोक्ता को बिना किसी परेशानी के समय पर गैस उपलब्ध कराना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने और कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की है, ताकि सभी को समान रूप से सेवा प्रदान की जा सके। इससे कार्यालय में भीड़ कम होगी और जरूरतमंदों को आसानी होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कस्बे के निवासी सुनील यादव ने बताया कि कई लोग बिना जरूरी काम के भी एजेंसी पहुंच जाते हैं, जिससे भीड़ बढ़ती है और जरूरतमंदों को परेशानी होती है। ग्राम धनजई के श्यामलाल ने कहा कि यदि गैस घर-घर पहुंच रही है तो लोगों को धैर्य रखना चाहिए और एजेंसी के निर्देशों का पालन करना चाहिए। ग्राम मीरामानिकपुर की सुनीता देवी ने एजेंसी की घर तक सिलेंडर पहुंचाने की व्यवस्था को एक अच्छी पहल बताया। उनका कहना है कि इससे लोगों को लाइन में लगने की परेशानी से राहत मिलेगी। फिलहाल, पुलिसकर्मी की तैनाती से स्थिति सामान्य बनी हुई है और एजेंसी प्रबंधन लगातार उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील कर रहा है।

## मीडिया की भूमिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तम्भ : एसपी सौरभ दीक्षित



**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में नवागत पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस-मीडिया समन्वय को सुदृढ़ करने हेतु पत्रकारों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया बैठक के दौरान नवागत पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर में चार्ज लेने के बाद पहली बार पत्रकारों से संवाद कर रहे थे इस दौरान उन्होंने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीडिया की भूमिका को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तम्भ बताते हुए कहा कि पुलिस एवं पत्रकारों के मध्य सकारात्मक संवाद से जनहित के कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सकता है। उन्होंने जनपद में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था हेतु संचालित विभिन्न अभियानों की जानकारी साझा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जनसुनवाई एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है तथा संवेदनशील प्रकरणों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने पत्रकार बन्धुओं से अपेक्षा की कि वे तथ्यपरक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता के माध्यम से जनपद में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार बन्धुओं द्वारा स्थानीय मुद्दों के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये गये, जिनका पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही यह आश्वस्त किया गया कि प्राप्त सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# नवागंतुक पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण से थाने में दिखी चुस्ती

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** जनपद में पदभार ग्रहण करने के बाद नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को थाना मौदहा का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की हकीकत परखी। उनके इस सक्रिय और सख्त रुख से थाना परिसर में व्यवस्था सुधार की स्पष्ट झलक दिखाई दी।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार सहित पूरे परिसर की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लिया। अभिलेखों की जांच करते हुए उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर नाराजगी जताई और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस कार्य, ड्यूटी रजिस्टर एवं अपराध नियंत्रण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए एसपी ने थाना प्रभारी को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण किया जाए तथा पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति संवेदनशील और शालीन होना चाहिए। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को अनुशासन में रहकर बेहतर पुलिसिंग करने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सतर्क रहने को कहा। उनके इस स्पष्ट संदेश से पुलिस विभाग में जिम्मेदारी और जवाबदेही का भाव मजबूत होता नजर आया। औचक निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ में हड़कंप की स्थिति बनी रही और व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई।

स्थानीय लोगों ने नवागंतुक पुलिस अधीक्षक की सक्रियता और कार्यशैली की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# एसडीएम से सीधी वार्ता को बार एसोसिएशन मौदहा ने किया खारिज

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** एसडीएम करणवीर सिंह, पेशकार पीयूष सक्सेना एवं अधिवक्ता बरदानी प्रसाद के बीच हुए विवाद के बाद वार्ता के लिए गए अन्य अधिवक्ताओं के साथ भी कथित अभद्रता किए जाने से उपजा विवाद अब और गहराता जा रहा है। इसी क्रम में पिछले पांच दिनों से समस्त राजस्व न्यायालयों के कार्य बहिष्कार के बीच उपजिलाधिकारी द्वारा बार एसोसिएशन मौदहा को पत्र लिखकर वार्ता की मांग की गई।

शनिवार को तहसील सभागार मौदहा में बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवलाल पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एल्डर कमेटी के चेयरमैन हयात अहमद खां सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिलाधिकारी अथवा उनके समकक्ष अधिकारी की मध्यस्थता के बिना उपजिलाधिकारी से किसी भी प्रकार की सीधी वार्ता स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिवक्ताओं का कहना था कि पूर्व में भी इसी प्रकार की घटनाओं के बाद वार्ता हुई थी, लेकिन उसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला और उपजिलाधिकारी के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया।

हालांकि, बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सोमवार से तहसील परिसर स्थित अन्य राजस्व न्यायालयों में अधिवक्ता पूर्व की भांति कार्य करेंगे, जबकि उपजिलाधिकारी न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के महामंत्री विवेक दीक्षित सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय समाधान दिवस में 36 मामलों में सिर्फ एक का हुआ निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील परिसर स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं रही। कुल 36 मामलों में से मात्र एक ही प्रकरण का मौके पर निस्तारण हो सका, जिससे फरियादियों में निराशा देखी गई। समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार ने की। इस दौरान राजस्व और पुलिस से संबंधित मामलों की संख्या सर्वाधिक रही। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, लेकिन अधिकांश मामलों में तत्काल समाधान नहीं हो पाया। फरियादियों ने अपनी पीड़ा भी खुलकर रखी। पूर्वी तरौस निवासी कुसुम कली ने बताया कि उनके पति लंबे समय से बीमार हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। वह एक वर्ष से अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने के लिए समाधान दिवस के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, नगर निवासी सबलू पुत्र सिद्दीक ने आरोप लगाया कि मोहल्ले का एक व्यक्ति उससे गुंडा टैक्स मांग रहा है। शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम बसवारी के हल्कू कुशवाहा और चिकसोना के किशना ने बताया कि गांव के दबंगों ने चकरोड पर कब्जा कर रखा है, जिससे किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। लेखपाल द्वारा नाप के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। ग्राम अरतरा की सदाकली ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद वह एक साल से विधवा पेंशन के लिए भटक रही हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। अन्य फरियादियों ने भी इसी तरह की समस्याएं रखते हुए समय पर समाधान न होने पर नाराजगी जताई। समाधान दिवस में शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की कमी के चलते फरियादियों का भरोसा धीरे-धीरे कम होता नजर आ रहा है।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय, तहसीलदार शिखर मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने वृहद गौ संरक्षण केन्द्र चोपन का किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज चोपन स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृहद गौ संरक्षण केंद्र में व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किये तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा, भूसा और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पशुओं को समय-समय पर निर्धारित मात्रा में संतुलित आहार उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा शेड की स्थिति का जायजा लिये, जिलाधिकारी ने कहा कि गौ संरक्षण केंद्र सरकार की अत्यंत प्राथमिकता वाली योजना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

# दबंगों पर फसल काटने का आरोप, कार्रवाई के निर्देश

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में एक किसान की खड़ी फसल दबंगों द्वारा काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी अरशद इस्लाम ने अपर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी एक दबंग व्यक्ति अपने सहयोगियों के साथ 24 मार्च को उसकी खड़ी फसल को असलहों के बल पर काट ले गया। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उसने कोतवाली में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने न्याय की मांग को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह को मामले की जांच कर शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।


# जिला स्तरीय गौ संरक्षण एवं भरण-पोषण अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय गौ संरक्षण एवं भरण-पोषण अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई सम्पन्न । बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में गौ संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त गौ आश्रय स्थलों में उपलब्ध पशुओं की संख्या, चारा-भूसा की उपलब्धता, हरे चारे की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, साफ-सफाई तथा पशुओं के रख-रखाव की स्थिति की जानकारी ली। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों पर पशुओं को पर्याप्त मात्रा में पोषणयुक्त चारा, स्वच्छ पेयजल एवं समय-समय पर पशु चिकित्सा सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी गौ आश्रय स्थल पर लापरवाही की स्थिति नहीं होनी चाहिए तथा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पशुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा सभी आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई व स्वच्छता बनाए रखी जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गौ संरक्षण शासन की प्राथमिकता है, सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें तथा किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजेश सिंह को प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर सिंगरौली में जश्न का माहौल



**सोनभद्र/सिंगरौली (अवधनामा संवाददाता)** मध्यप्रदेश कांग्रेस के परिवहन विभाग में राजेश सिंह को प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर सिंगरौली जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजेश सिंह लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करते रहे हैं। उनकी सक्रियता, अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर समर्थकों ने मिठाई बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि राजेश सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी और पार्टी की नीतियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा। सिंगरौली सहित पूरे प्रदेश में उनके इस मनोनयन को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि राजेश सिंह अपनी नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये: डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के प्रथम शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले जमीन सम्बन्धित प्राप्त हुए, जिसका शंका समाधान मौके पर ही तत्परता के साथ निस्तारण किया गया। जमीन सम्बन्धी मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला सेवायोजन अधिकारी, आयुक्त स्वरोजगार, जिला उद्यान अधिकारी, जिला उद्योग अधिकारी, सी0डी0पी0ओ0 दुद्धी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी दुद्धी ने 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 55 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी, तहसीलदार राबर्ट्सगंज अमित कुमार आदि ने 120 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 20 मामलें निस्तारित किये गये।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: 28 प्रार्थना पत्र आये, मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक विद्युत विभाग व स्वच्छ पेयजल से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

# सीबीएसई हैप्पी क्लासरूम प्रशिक्षण का आयोजन



**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित हैप्पी क्लासरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रशिक्षण में प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के रूप में आलोक विरमानी(प्रधानाचार्य, द सैपियंस स्कूल, झांसी) एवं रूबेन कुरियन मैथ्यू(ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल, झांसी) उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों एवं ज्ञान के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि किस प्रकार कक्षा के वातावरण को सकारात्मक एवं आनंदमय बनाया जा सकता है, जिससे विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में रुचि लें, बल्कि सीखने की प्रक्रिया को भी उत्साहपूर्वक अपनाएं। विभिन्न गतिविधियों, संवादात्मक सत्रों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को यह समझाया गया कि किस प्रकार शिक्षण को और अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाया जा सकता है।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए सभी शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रसार हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इटावा के विभिन्न विद्यालयों के अनेक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों में सीखने का उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। यह प्रशिक्षण न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# कुलपति के जनकल्याणकारी कार्यों का संघ ने किया सम्मान

**अवधनामा ब्यूरो**



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के संयुक्त कर्मचारी संघ ने सामुहिक तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अजय सिंह का मरीजों के प्रति उदारता उनके समस्याओं के सामाधान के लिए त्वरित कार्यवाही तंत्र की स्थापना एवं उत्कृष्ट चिकित्सक के तौर पर कार्य करने की प्रणाली के लिए आभार पत्र देकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कुलपति ने अपने कार्यशैली से मरीजों के साथ-साथ कर्मचारियों को भी प्रभावित किया है। उनके द्वारा कर्मचारियों के हित में लिए गये निर्णय, कार्यस्थली पर बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए अपनी उपलब्धता सुनिश्चित रखने से कर्मचारियों के मन में सकारात्मक विश्वास का संचार हो रहा है। योगेश पाल सिंह यादव उपाध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी संघ ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत मिशन के तहत कुलपति के निर्देश से जो साकारात्मक कार्य रोगियों के हित में चिकित्सालय द्वारा लिए जा रहे हैं जो अभूतपूर्व है, उन्होंने बताया कि मरीजों के तीमारदारों से जब भी संवाद होता है तो यह ज्ञात हो रहा कि चिकित्सालय में आये बदलाव के चलते मरीजों के समस्याओं का उचित निदान होने से कर्मचारियों के प्रति भी आम जन मानस में और विश्वास उत्पन्न हो रहा है।

रवि प्रताप सिंह मुख्य सलाहकार ने मीडिया को बताया कि विश्वविद्यालय में कुलपति के प्रयासों द्वारा मरीजों को शत-शत प्रतिशत औषधियाँ निशुल्क प्राप्त हो रही है और साथ ही साथ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के खुल जाने से महंगी दवाइयों से जनता को निजात मिल रहा है। संयुक्त कर्मचारी संघ ने अपना संयुक्त व्यक्त्व्य जारी करते हुए कुलपति के द्वारा रोगी एवं कर्मचारी हित में लिए गए सख्त एवं साहसिक निर्णयों के प्रति आभार वक्तव्य किया एवं भविष्य में सकारात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की।

# बिलग्राम में प्रतिभाओं का सम्मान: मंच से निखरी नई उड़ान

**पत्रकार भी हुए गौरवान्वित**

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम (हरदोई)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित एस. डी. पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह ने शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। भव्य आयोजन में मेधावी छात्र-छात्राओं, सक्रिय पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया।

**मुख्य अतिथि ने बढ़ाया गौरव**

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशू' ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने करकमलों से प्रतिभाओं को सम्मानित किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा 'बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देते हैं और उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करते हैं। '

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**– विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। तालियों की गूंज से पूरा परिसर देर तक गुंजायमान रहा।

**पत्रकारों व प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**– समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'प्रतिभा सम्मान' से नवाजा गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से आरिफ नवाब 'शब्बू भाई', धर्मेंद्र यादव, राजीव दीक्षित, कमरुल खान, सैफ जाफरी, सुधीर अवस्थी, मोहम्मद इस्लाम, हरि कृष्ण 'वीरू' शामिल रहे। इसके साथ ही अखिलेश तिवारी, कुलदीप त्रिपाठी, कुसुम त्रिपाठी, अनुपम मौर्य, शालिनी श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, वंशिका, चांदनी, भावना, कल्पना यादव, शीलू सहित कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

**सफल आयोजन के पीछे मजबूत नेतृत्व**– कार्यक्रम की सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रबंधक डॉ. कपिल देव त्रिपाठी को जाता है, जिनके कुशल निर्देशन में यह आयोजन भव्यता और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। व्यवस्थाओं की सराहना सभी अतिथियों ने खुलकर की।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, माधौगंज के प्रतिनिधि रमेश वर्मा, रामनरायन शुक्ला, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल कपूर, प्रदीप गुप्ता, दीपा विश्वास, नीरज गुप्ता, मुकेश पाठक, आलोक मौर्य 'टीनू', अनुराग मिश्रा, विजय वाल्मीकि सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। यह समारोह केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में प्रतिभाओं को पहचान देने और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम बना। बिलग्राम में आयोजित यह आयोजन लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# केशव मौर्य ने प्रयागराज में 'जनता दर्शन' में सुनी जन समस्याएं



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राजस्व, पुलिस, विकास कार्यों सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं।

उप मुख्यमंत्री मौर्य ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा शिकायतकर्ता को उसकी समस्या के समाधान की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और 'जनता दर्शन' जैसे कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को शासन की योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही का परिचय दें, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## विकसित भारत-जी राम जी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए : उपमुख्यमंत्री



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनसामान्य को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्धारित मानव दिवसों के सृजन को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने विकसित भारत- जी राम जी के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि इसकी विशेषताओं की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में सरल एवं प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाई जाए। साथ ही विभाग के उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों की छोटी-छोटी वीडियो क्लिप तैयार कर उन्हें सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर साझा करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन में और अधिक तेजी लाने तथा निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रयागराज को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाकर ही विकसित भारत के विजन को मूर्त रूप दिया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नए लाभार्थियों के सर्वे कार्य पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सरकार से शीघ्र ही आवंटन प्राप्त होने की संभावना है, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुसार पात्र लाभार्थियों को चयन पर बल दिया।

# इंटीग्रेटेड अप्रोच से बदली व्यवस्था : नगर विकास मंत्री

- 1533 हेल्पलाइन और 'संभव' पोर्टल से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा द्वारा नगरी निकायों में नगरीय सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु स्थापित डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) के सफल संचालन के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि मंत्री शर्मा के सुझाव पर 4 अप्रैल 2022 को इस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई थी। स्थापना के बाद से यह केंद्र लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरी निकायों की रैंकिंग सुधारने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर मंत्री ए. के. शर्मा ने निदेशक अनुज झा एवं अपर निदेशक श्रीमती ऋतु सुहास सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 25 मार्च 2022 को मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार के गठन के बाद 4 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की स्थापना की गई, जो तब से निरंतर क्रियाशील है और इंटीग्रेटेड भावना से कार्य कर रहा है।मंत्री शर्मा ने बताया कि प्रारंभ में इस केंद्र में हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर 1533 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। साथ ही 'संभव' ऑनलाइन पोर्टल भी संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी ऑनलाइन आमने-सामने होकर समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने 'संभव' पोर्टल को एक अभिनव पहल बताया। शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां सुधार की आवश्यकता है।

# भारतेंदु नाट्य अकादमी का स्वर्ण जयंती समारोह 5 से 12 अप्रैल तक

- योगी आदित्यनाथ करेंगे भव्य शुभारंभ
- 50 साल पूरे होने पर रंगमंच की उपलब्धियों का उत्सव

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी लखनऊ में स्थित भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक भव्य स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन का शुभारंभ 05 अप्रैल को प्रातः 11 बजे अकादमी परिसर स्थित राज बिसारिया प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी और निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि यह समारोह न केवल अकादमी की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है, बल्कि रंगमंच के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों का भी प्रतीक है।

पत्रकार वार्ता में बताया गया कि अकादमी की स्थापना वर्ष 1975 में महान साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की स्मृति में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा की गई थी। वर्ष 1976 से यहां नाट्य कला का व्यवस्थित प्रशिक्षण शुरू हुआ। 1981 में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिससे यह संस्थान देश के प्रमुख नाट्य प्रशिक्षण केंद्रों में शामिल हो गया। अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष अमृत लाल नागर और संस्थापक निदेशक राज बिसारिया का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है, जिनके प्रयासों से उत्तर भारत में आधुनिक रंगमंच को नई दिशा मिली।

पत्रकार वार्ता में बताया गया कि बीएनए में अभिनय, वॉइस एवं स्पीच, माइम, इम्प्रोवाइजेशन, स्टेज क्राफ्ट, लाइट डिजाइन, निर्देशन और प्रोडक्शन जैसे विभिन्न पहलुओं में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां भारतीय और पाश्चात्य रंगमंच का समग्र अध्ययन कराया जाता है। अकादमी में आधुनिक स्टूडियो थिएटर, दो सुसज्जित ऑडिटोरियम, पुस्तकालय, ऑडियो-विजुअल संसाधन, कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही विद्यार्थियों को फिल्म और टीवी प्रोडक्शन का प्रारंभिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के अवसर भी दिए जाते हैं। बीएनए को नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के बाद देश का दूसरा प्रमुख नाट्य प्रशिक्षण संस्थान माना जाता है। यहां के विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

## ध्रुव चरित्र और बाल चरित्र की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**लखनऊ।** लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति 'सुहासिनी' के तत्वावधान में राजाबाजार स्थित 'गीता भवन' में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने ध्रुव चरित्र और बाल चरित्र की दिव्य कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सबसे उत्तम कला है। ध्रुव का चरित्र हमें सिखाता है कि अगर संकल्प मजबूत हो और ईश्वर पर अटूट विश्वास हो, तो एक छोटा बालक भी कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। आज की युवा पीढ़ी को ध्रुव जैसे दृढ़ संकल्पी बनने की आवश्यकता है। आचार्य जी ने कहा कि 'भगवान भाव के भूखे होते हैं। वे न तो धन-दौलत से रीझते हैं और न ही बड़े-बड़े प्रपंचों से। वे तो केवल शुद्ध और निश्छल प्रेम के वशीभूत होकर भक्त की पुकार सुनते हैं।

# व्यापार और विकास एक दूसरे के पूरक : संजय गुप्ता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में 'व्यापार एवं विकास संवाद 'कार्यक्रम का आयोजन हुआ व्यापार एवं विकास संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा की गई।

'व्यापार एवं विकास संवाद' कार्यक्रम में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा व्यापारी विकास की धुरी है व्यापारियों के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती उन्होंने कहा आज लखनऊ में विकास की गंगा बह रही है उन्होंने कहा लखनऊ में अनेक निर्माण हुआ है इंफ्रास्ट्रक्चर एवं उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं जिससे व्यापारियों को भी बड़ी सुविधा हो रही है उन्होंने व्यापारियों को नए वित्तीय वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा सभी के व्यापार के फलने फूलने की कामना करते हुए सभी का निरंतर सहयोग करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा व्यापारियों की हर समस्याओं के समाधान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापार और विकास एक दूसरे के पूरक हैं जब विकास होगा तो व्यापार बढ़ेगा और व्यापार होगा तो विकास होगा इस अवसर पर नीरज सिंह ने देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह जी द्वारा व्यापारियों के हितों में तथा जनता के हितों में किए गए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी तथा भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा बताइ व्यापार एवं विकास संवाद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा ,प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड़ ,उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, आसिफ किदवई, शेखर श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,महामंत्री मोहित कपूर ,संजय त्रिवेदी, राजीव शुक्ला,अमित अग्रवाल ,मनीष जैन, प्रवीण मिश्रा, अशोक यादव, उमेश, अंशु श्रीवास्तव, मनोज अग्रवाल, रिजवान, अरविंद त्रिपाठी, गांधी ,मनमोहन सिंह, संजीव , कमल अग्रवाल ,दिनेश शर्मा, मोहम्मद फुरकान, आशीष शर्मा, दीपक सिंह चौहान, अशोक भाटिया ,धर्मेंद्र साहू, प्रमोद अग्रवाल ,प्रदीप अग्रवाल, आशीष गुप्ता ,पवन अग्रवाल, सुनील मौर्या, अजय शर्मा ,देवेंद्र पांडे ,रोहित अवस्थी, राजा राम रावत, सुनील चौहान ,कुलदीप विश्वकर्मा ,मुकेश शर्मा, साकेत चतुर्वेदी, सुदर्शन कटिहार , हिमांशु रस्तोगी ,विवेक रस्तोगी, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## एरा यूनिवर्सिटी में इनोवेशन एंड स्टार्टअप मीट 2026 आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने अपने स्टार्टअप और इनोवेशन सेंटर ECSTRA (एरा का स्टार्टअप, ट्रेनिंग, रिसर्च और एक्सेलेरेशन सेंटर) के माध्यम से 4 अप्रैल 2026 को LT-4 ऑडिटोरियम में इनोवेशन एंड स्टार्टअप मीट 2026 का आयोजन किया। आज की स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों के लिए डिजिटल समाधान विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्रों, शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के पेशेवरों सहित विभिन्न प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी में उभरती चुनौतियों और नवीनतम रुझानों पर विचार-विमर्श करने के लिए भाग लिया। समिति द्वारा एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम तैयार किया गया था, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा उत्कृष्ट संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। सम्मेलन के प्रतिभागियों को सीखने और स्टार्टअप के निरंतर अवसरों का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ।

# टीएमयू में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

- केयरकॉन-2.0 में ज्योति शेवाले को पहला स्थान
- रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में तीन प्रतिभागी सम्मानित
- 30 शोध पत्रों के साथ कॉन्फ्रेंस का समापन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से प्रोस्पैक्ट एंड चैलेंजेज़ फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स पर दो दिनी कॉन्फ्रेंस- केयरकॉन-2.0 में महाराष्ट्र के इंडियन नेवल हॉस्पिटल शिप- आईएनएचएस में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रो. लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति पी. शेवाले ने रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में प्रथम अवार्ड प्राप्त किया, जबकि आईएनएचएस की ही प्राचार्या कर्नल एएस सरिता दूसरे पायदान पर रहीं। सिस्टर निवोदिता यूनिवर्सिटी- पश्चिम बंगाल के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सुवर्णा नेगी ने थर्ड पॉजिशन पाई है। रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में आईसीएमआर- नई दिल्ली के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ. योगेश कुमार वार्ष्णेय, टीएमयू नर्सिंग की प्रो. सुमन वशिष्ट और प्रो. अनुषी सिंह बतौर इवैल्यूएटर मौजूद रहे। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- केयरकॉन में देश-विदेश के जाने-माने नर्सिंग एक्सपर्ट्स ने वर्चुअली 30 रिसर्च पेपर्स प्रजेंट किए। दूसरी ओर विला कॉलेज मालद्वीप की फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज़ की डिप्टी डीन डॉ. मनो प्रिया विजयान ने शोधकर्ताओं को शोध प्रस्ताव तैयार करने की वैज्ञानिक और संरचित प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए प्रभावी ग्रांट राइटिंग के लिए आवश्यक तत्वों जैसे उद्देश्य, कार्यप्रणाली और बजट निर्धारण पर विशेष जोर दिया। विभिन्न फंडिंग एजेंसियों तक पहुंच बनाने की रणनीतियां भी साझा कीं। उन्होंने नए रिसर्चर्स को आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित किया। बॉम्बे हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग-इंदौर की प्रो. एमएस विंसी बतौर मोडरेटर उपस्थित रहीं। अंत में वैलिडिक्ट्री सत्र में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. एम. जेसलीन, प्राचार्या प्रो. श्योली सेन, डॉ. अनुराग वर्मा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। वीसी प्रो. वीके जैन ने आईसीएमआर से आए मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आईसीएमआर- नई दिल्ली के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. नवीन शर्मा, आईसीएमआर- नई दिल्ली के सीनियर टेक्निकल ऑफिसर अभिनव, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस की प्रोफेसर-सह-डीन डॉ. वैशाली आर. मोहिते, बीएम पाटिल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़- विजयपुर की वाइस प्रिंसिपल-कम-एचओडी डॉ. सुचित्रा ए रति, समर्पण इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज लखनऊ की प्रिंसिपल डॉ. दीप्ति शुक्ला, एसजीटी यूनिवर्सिटी- गुरूग्राम के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के डीन डॉ. सुनील के दुलार, निमस यूनिवर्सिटी-जयपुर के कॉल।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर जताई आपत्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना बड़े पैमाने पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व देश की ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी (सी0ई0आर0सी) के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा आज देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर व केंद्रीय ऊर्जा सचिव को एक प्रस्ताव भेजने हुए ने कहा कि यह कार्यवाही विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 47(5) का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसमें प्रीपेड मीटर को उपभोक्ता की इच्छा पर आधारित वैकल्पिक व्यवस्था बताया गया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए उत्तर प्रदेश में संसदीय परंपरा का उल्लंघन हो रहा है। उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद ने अपने प्रस्ताव में कहा परिषद के अनुसार, प्रदेश के अंतर्गत आरडीएसएस योजना में लगभग 3.8 करोड़ उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं, जिनमें से लगभग 70 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बिना उनकी सहमति के प्रीपेड मोड में परिवर्तित कर दिए गए हैं।

# सुरेश कुमार खन्ना ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

- गंदगी मिलने पर जुर्माना और कर्मचारियों पर कार्रवाई
- शौचालय व कूड़ा प्रबंधन में लापरवाही पर फटकार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-7 के चार वार्डो का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, मनोज प्रभात, जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद सहित स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंत्री ने सुबह 7 बजे सर्वप्रथम मैथिलीशरण गुप्त वार्ड स्थित भूतनाथ मार्केट का निरीक्षण किया। यहां भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के नीचे बने सार्वजनिक शौचालय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शौचालय की केयरटेकर को फटकार लगाते हुए स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

स्थानीय नागरिकों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर फीडबैक लिया, जिसमें अनियमितता की शिकायतें सामने आई। इस पर अधिकारियों को प्रतिदिन नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भूतनाथ मार्केट के पीछे कॉलोनी में सफाई न मिलने पर एसएफआई श्रीमती संचिता मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए 02 दिन के वेतन कटौती के आदेश दिए गए। साथ ही मंत्री जी ने मदर स्वच्छकार इंटरप्राइजेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया तथा बीट इंचार्ज दयाराम को निलंबित कर दिया। इसके अलावा मंत्री जी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि इंजीनियरिंग विभाग की गैंग टीम को सशक्त किया जाए, ताकि छोटे सड़क मरम्मत कार्य तुरंत कराए जा सकें।

खन्ना ने इंदिरा नगर वार्ड में मुख्य मार्गों, नालियों एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अरविंदो पार्क के पीछे गलियों में सड़क पर कूड़ा मिलने पर मंत्री एवं महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं बीट इंचार्ज राम मनोज के तीन दिन एवं एसएफआई रूपेंद्र भास्कर के दो दिन के वेतन कटौती के निर्देश दिए।

# उ.प्र. ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

- ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के नेतृत्व में रिकॉर्ड प्रगति
- घाटमपुर परियोजना की 660 मेगावाट यूनिट-3 का सफल सिंक्रोनाइजेशन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-3 का सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइजेशन पूर्ण हो गया है। यह उपलब्धि प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

यह परियोजना नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही है, जो एनएलसी इंडिया लिमिटेड (51 प्रतिशत) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (49 प्रतिशत) का संयुक्त उपक्रम है। यूनिट-3 का सिंक्रोनाइजेशन 765 केवी ग्रिड से सफलतापूर्वक किया गया, जो परियोजना के वाणिज्यिक संचालन की दिशा में एक अहम और सराहनीय उपलब्धि है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। परियोजना के पूर्ण रूप से संचालित होने के पश्चात प्रतिदिन लगभग 47.52 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाएगा, जिससे प्रदेश की निरंतर बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा तथा आमजन को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

परियोजना की तीसरी इकाई के जुड़ने से प्रदेश की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता बढ़कर लगभग 13,388 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि यूनिट-1 एवं यूनिट-2 पहले ही क्रमशः दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से सफलतापूर्वक संचालन में हैं, जो इस परियोजना की निरंतर प्रगति को दर्शाता है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित आवंटन के अनुसार, इस परियोजना से उत्पादित लगभग 93.11 प्रतिशत बिजली उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जबकि शेष बिजली अन्य राज्यों को आपूर्ति की जाएगी। इससे न केवल प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि अंतर्राज्यीय ऊर्जा संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। परियोजना के लिए दीर्घकालिक ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु झारखंड स्थित पचवारा साउथ कोल ब्लॉक का विकास भी तीव्र गति से प्रगति पर है, जिससे भविष्य में निर्बाध एवं सतत विद्युत उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप यह परियोजना अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है, जिसमें एफजीडी (Flue Gas Desulphurization) एवं एससीआर (सेलेक्टिव कैटालिस्ट रिडक्शन) जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया गया है। इन तकनीकों के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के साथ जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा 'सद्भाव संगम' समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस द्वारा 'सद्भाव संगम' समारोह का भव्य आयोजन विद्यालय के विशाल सजे-धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने न सिर्फ साहित्य व संस्कृतियों का अनूठा संगम प्रदर्शित कर अभिभावकों का अभिभूत कर दिया अपितु अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, कलात्मक हुनर व रचनात्मक सोच से सभी को दांतो तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर अभिभावकों ने बड़ी दिलचस्पी से सी.एम.एस. की टीचिंग एवं लर्निंग व्यवस्था को नजदीक से देखा और विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षा पद्धति से रूबरू हुए तथापि छात्रों को आधुनिक तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सी.एम.एस. के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना एवं सर्व-धर्म प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' थीम पर अपने पेन्टिंग व चित्रकारी के माध्यम से भारत की विविध संस्कृति का मनोहारी प्रदर्शन किया गया, जिसमें पंजाब का भांगड़ा, राजस्थान की शाही संस्कृति, गुजरात का गरबा, पश्चिम बंगाल की कला, तमिलनाडु की शास्त्रीय परंपरा, कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता एवं उत्तर प्रदेश की गंगा-जमुनी तहज़ीब को बड़े ही शानदार ढंग से प्रदर्शित किया। जहाँ एक ओर, विद्यालय के छात्रों ने 'कवि सम्मेलन' में स्वरचित रचनाओं का समाँ बाँधा, तो वहीं दूसरी ओर फैंसी ड्रेस, रैम्प वॉक, नृत्य प्रस्तुति, कव्वाली एवं संगीत आधारित खेल प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर खान-पान एवं आर्ट-क्राफ्ट के स्टालों ने समारोह की खूबसूरती में चार-चाँद लगा दिये।

## बीएलओ को भाजपा एजेंट बताकर किया हंगामा

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में बीएलओ को भाजपा एजेंट बताकर कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित महिला बीएलओ ने चार नामजद और एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बालागंज निवासी महिला विधानसभा उत्तर क्षेत्र बर्फखाना भाग संख्या-5 की बीएलओ हैं। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी को वह ठाकुरगंज इलाके में स्थित सेंट जोजफ स्कूल में एसआईआर संबंधित सुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान स्कूल में मुश्किम, हमजा बिलाल, निशार, पूजा शुक्ला व उनके 12 अन्य साथी घुस आए। आरोपियों ने बीएलओ पर भाजपा एजेंट का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। जिससे निर्वाचन संबंधित कार्य प्रभावित हुआ और पीड़िता की तबीयत बिगड़ गई। यही नहीं आरोपियों ने पीड़िता की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की।